राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र गाजियाबाद, दिल्ली, गौतमबुद्धनगर, बुलन्दशहर, अलीगढ़, मेरठ, शामली, मुजफ्फरनगर, हापुड़, अमरोहा, मुरादाबाद, सम्भल, रामपुर, बरेली व लखनऊ आदि जनपदों में प्रसारित

केन्द्र सरकार द्वारा विज्ञापन हेतु मान्यता प्राप्त

दैनिक हिन्दी समाचार पत्र

# बुलन्द संदेश

R.N.I No.UPHIN /2013/57267

आपकी आवाज को करें बुलन्द...



11 अद्रिजा रॉय ने अनुपमा में ली...



विनम्रता के प्रतीक थे मनमोहन... 12

गाजियाबाद, शनिवार 28 दिसंबर 2024 | Email: BulandSandesh@gmail.Com | वर्षः 11 अंकः 296, मूल्यः 2 रुपये, पृष्ठ -12



# आज सुबह 10 बजे होगा डॉ. मनमोहन सिंह का अंतिम संस्कार

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** देश के पूर्व प्रधानमंत्री डा. मनमोहन सिंह का 92 साल की उम्र में वीरवार देर रात एम्स दिल्ली में निधन हो गया। डा. मनमोहन सिंह को तबीयत बिगड़ने पर वीरवार रात करीब आठ बजे एम्स दिल्ली में भर्ती करवाया था। जहां इलाज के दौरान रात 9 बजकर 51 मिनट पर मनमोहन सिंह ने अंतिम सांस ली।

शुक्रवार को उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ , प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी , गृहमंत्री अमित शाह , जेपी नड्डा, कांग्रेस नेता सोनिया गांधी सहित कई दिग्गजों ने उनके पार्थिव शरीर के अंतिम दर्शन किए। मनमोहन सिंह का अंतिम संस्कार कल (28 दिसंबर) को सुबह 10 बजे किया जाएगा।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पूर्व पीएम मनमोहन सिंह को श्रद्धांजलि देते हुए कहा,इ्डॉ. मनमोहन सिंह की विनम्रता, सौम्यता और बौद्धिकता उनकी पहचान बनी। दुनिया के प्रतिष्ठित संस्थानों से शिक्षा लेने और सरकार के शीर्ष पदों पर रहने के बाद भी उनका व्यक्तित्व बेहद सरल था। वे सभी के लिए सहज उपलब्ध रहे। जब मैं सीएम था, तब उनके साथ राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय मुद्दों पर खुले मन से चर्चा होती थी। मेरे दिल्ली आने पर उनसे बात और मुलाकात होती थी।











## पीएम मोदी, गृह मंत्री अमित शाह ने पूर्व पीएम के आवास पहुंच श्रद्धांजलि अर्पित की

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह पूर्व पीएम मनमोहन सिंह के आवास पर उनके पार्थिव शरीर के अंतिम दर्शन करने पहुंचे। उनके साथ बीजेपी अध्यक्ष जेपी नड्डा भी मौजूद थे। मनमोहन सिंह का गुरुवार रात निधन हो गया था। प्रधानमंत्री मोदी, गृहमंत्री शाह और केंद्रीय मंत्री नड्डा ने पूर्व पीएम के परिजनों संग मिल शोक संवेदना व्यक्त की।

डॉ. मनमोहन सिंह का पार्थिव शरीर शनिवार को कांग्रेस मुख्यालय में रखा जाएगा, जहां आम लोग उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे। इसके बाद उनके अंतिम संस्कार का आयोजन राजघाट के पास किया जाएगा।

मनमोहन सिंह साल 2004 से 2014 तक दो बार प्रधानमंत्री रहे थे। उनकी गिनती देश के बड़े अर्थशास्त्रियों में होती थी।

पूर्व पीएम मनमोहन सिंह की निधन की खबर मिलने के बाद एम्स के बाहर भारी संख्या में दिल्ली पुलिस और अर्धसैनिक बल के जवानों की तैनाती की गई है।

केंद्र सरकार ने 7 दिन का राष्ट्रीय शोक घोषित किया है। राहुल गांधी और कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे बेलगावी से देर रात दिल्ली पहुंचने के बाद सीधे मनमोहन सिंह के आवास गए थे। राहुल ने एक्स पर लिखा- मैंने अपना मार्गदर्शक और गुरु खो दिया। बता दें, मनमोहन सिंह 1998 से 2004 तक विपक्ष के नेता भी रहे। हालांकि, साल 2004 के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस पार्टी को मिली जीत के बाद उन्होंने देश के 14वें प्रधानमंत्री के रूप में शपथ ली। उन्होंने यूपीए-1 और 2 में प्रधानमंत्री का पद संभाला था।

**केंद्र सरकार ने 7 दिन का राष्ट्रीय शोक घोषित किया है**

उन्होंने पहली बार 22 मई 2004 और दूसरी बार 22 मई 2009 को प्रधानमंत्री के पद की शपथ ली थी। डॉ. मनमोहन सिंह का जन्म 26 सितंबर 1932 को पश्चिमी पंजाब के गाह में हुआ था, जो अब पाकिस्तान का हिस्सा है। उनके पिता का नाम गुरमुख सिंह और मां का नाम अमृत कौर था।

उन्होंने साल 1958 में गुरशरण कौर से शादी की थी। उनकी तीन बेटियां भी हैं, जिनका नाम उपिंदर सिंह, दमन सिंह और अमृत सिंह हैं।




## द एक्सीडेंटल प्राइम मिनिस्टर करते हुए जाना डॉ मनमोहन सिंह हैं महान : अनुपम खेर

**मुंबई (आरएनएस)।** 2019 में फिल्म द एक्सीडेंटल प्राइम मिनिस्टर रिलीज हुई। पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह का किरदार अनुपम खेर ने निभाया था। पूर्व पीएम के निधन पर खेर दुखी हैं। अपना कष्ट उन्होंने एक वीडियो संदेश के माध्यम से साझा किया। उन्हें विनम्र अर्थशास्त्री और ईमानदार व्यक्ति बताया।



साझा किए गए वीडियो में अभिनेता कहते नजर आए, मैं अभी देश से बाहर हूं और मुझे यह दुखद खबर मिली। मैंने उनके जीवन के साथ लगभग डेढ़ साल गुजारा है, जब कोई अभिनेता किसी किरदार को निभाता है तो उस शख्स के बाहरी चीजों को लेकर तो अध्ययन करता ही है, साथ ही वह उस शख्स के अंदर भी झांकता है। मनमोहन सिंह एक कमाल की शख्सियत थे।

खेर ने आगे बताया, मैंने कुछ वजहों से यह फिल्म करने से पहले मना कर दिया था। इसमें राजनीतिक वजह भी शामिल थे। मुझे लगा था कि लोग यह समझेंगे कि मैंने यह फिल्म उनका मजाक उड़ाने के लिए की है ऐसा कुछ लोगों ने कहा भी। मगर अगर मुझे अपनी जिंदगी में 3 या 4 शानदार किरदारों को चुनने के लिए कहा जाए तो उनमें से एक मनमोहन सिंह जी का किरदार होगा। इस वीडियो संदेश के साथ खेर ने लंबा चौड़ा टेक्स्ट लिखा।

## मनमोहन सिंह का यूं जाना बहुत बड़ी क्षति, साफ छवि वाले पीएम पर कोई आरोप नहीं था : लालू प्रसाद यादव

**पटना (आरएनएस)।** राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के प्रमुख और बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव ने शुक्रवार को पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के निधन पर शोक जताया। पूर्व पीएम की ईमानदारी को नमन करते हुए कहा कि उन्होंने देश की निस्वार्थ भाव से सेवा की।



राजद अध्यक्ष ने कहा कि मनमोहन सिंह का यूं चले जाना बहुत बड़ी क्षति है। वह ईमानदार और निस्वार्थ नेता थे। उन्होंने देश के विकास में निस्वार्थ रूप से काम किया। हर क्षेत्र में भारत का मस्तक ऊंचा किया। वो एक ऐसे नेता थे जिन पर कोई आरोप नहीं था। पूर्व पीएम को याद करते हुए कहा कि मुझे उनके मंत्रिमंडल में काम करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ था। जब मैं रेल मंत्री था, तो मनमोहन सिंह ने मेरा बहुत सहयोग किया। उनके सहयोग को मैं शब्दों में बयां नहीं कर सकता हूं। वो हमेशा मेरी मदद के लिए आगे रहे। लालू प्रसाद यादव ने कहा कि जैसे ही मुझे मनमोहन सिंह के निधन की जानकारी मिली, तो मुझे गहरा आघात पहुंचा। मैं ईश्वर से प्रार्थना करता हूं कि उनकी आत्मा को शांति प्रदान हो। इसके अलावा, उनके परिवार को भी शक्ति मिले कि वो इस दुख को सहन कर सके।

उन्होंने कहा कि मनमोहन सिंह के कार्यकाल में रेलवे का किराया कम किया गया था। उनके नेतृत्व में देश ने बहुत ही उन्नति की। हर क्षेत्र में भारत ने अपनी सफलता का झंडा गाड़ा। वो 10 सालों तक प्रधानमंत्री की कुर्सी पर विराजमान रहे और इन दस सालों में उन्होंने देश के विकास को एक नया आकार दिया। वो पूरी दुनिया में अर्थशास्त्री के रूप में जाने जाते थे। आज ऐसी स्थिति में जब देश को ऐसे लोगों की जरूरत है, तो वो हम सभी को छोड़कर चले गए। वो हमें बहुत ही याद आएंगे।

## पूर्व पीएम मनमोहन सिंह का अमृतसर से था गहरा नाता, इसी शहर में बीता था बचपन

**अमृतसर (आरएनएस)।** पूर्व प्रधानमंत्री डॉ मनमोहन सिंह का अमृतसर शहर से गहरा नाता था। भारत की आजादी के बाद उनका परिवार अमृतसर में आकर बस गया। इसी शहर में उनका बचपन बीता और इसी शहर में उन्होंने कॉलेज स्तर तक शिक्षा पाई।



सामाजिक कार्यकर्ता पवन शर्मा बताते हैं कि डॉ मनमोहन सिंह ने अमृतसर के हिंदू कॉलेज से ग्रेजुएशन पूरी की थी। उन्होंने 1948 में यहां से बीए ऑनर्स की डिग्री हासिल की थी। यहीं 2018 में एलुमनी मीटिंग भी हुई थी, जिसमें उन्होंने भाषण भी दिया था। इस दौरान, उन्होंने अपनी कई पुरानी यादों को स्टूडेंट और मीडियाकर्मियों के साथ साझा किया था। शर्मा ने कहा कि मनमोहन सिंह ने विश्व समुदाय में एक ऐसी छाप छोड़ी है, जिसका कायल आज की तारीख में हर कोई है। आर्थिक सुधारों में मनमोहन सिंह का योगदान अहम रहा। आर्थिक मोर्चे पर देश को विकास के पथ पर अग्रसर करने वाले अगर कोई थे, तो वो डॉ मनमोहन सिंह थे। उन्होंने कहा कि इस बात को बिल्कुल भी खारिज नहीं किया जा सकता है कि मनमोहन सिंह ने अपने जीवन में बहुत संघर्ष किया। लेकिन, इन तमाम संघर्षों के बावजूद भी उन्होंने अपने जीवन में एक ऐसी सफलता हासिल की है, जिसने मिसाल कायम की। सामाजिक कार्यकर्ता ने कहा कि 2014 के बाद उन्हें लेकर भारतीय राजनीति में कई तरह की धाराणाएं पैदा की गईं। लेकिन, उन्होंने बहुत ही विनम्रता से सभी का जवाब दिया। देश के लोग आज भी मनमोहन सिंह के प्रति ऋणि है। हम उनका सत्कार करते हैं। उनका सम्मान करते हैं। उन्हें भारत रत्न अवॉर्ड दिया जाना चाहिए। पूर्व प्रधानमंत्री डॉक्टर मनमोहन सिंह का गुरुवार को निधन हो गया। वो 92 साल के थे। उन्हें गुरुवार की शाम तबीयत बिगड़ने पर दिल्ली के अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान यानी एम्स में भर्ती कराया गया था। मनमोहन सिंह लगातार दो कार्यकाल के लिए, 22 मई 2004 से 26 मई 2014 तक देश के प्रधानमंत्री रहे। उन्हें देश में आर्थिक सुधारों का जनक माना जाता है।

**शोक व्यक्त** | **1991 में पेश बजट मील का पत्थर था...**

## डॉ. सिंह ने भारतीय अर्थव्यवस्था को बनाया उदार : वित्त मंत्री सीतारमण

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** शीर्ष राजनीतिक नेताओं और उद्योगपतियों ने पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए कहा कि उनके नेतृत्व, विनम्रता और समर्पण को हमेशा याद किया जाएगा।

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि डॉ. मनमोहन सिंह एक दूरदर्शी नेता थे और उन्होंने आरबीआई के गवर्नर और भारत के वित्त मंत्री के रूप में देश के बड़े कार्यभार संभाले। वित्त मंत्री सीतारमण ने एक्स सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर पोस्ट किया, 1991 में पेश बजट मील का पत्थर था, जिसने भारतीय अर्थव्यवस्था को उदार बनाया। वे सभी के द्वारा सम्मानित, मृदुभाषी और सौम्य थे। उनके परिवार और दोस्तों के प्रति संवेदना।



केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि उन्हें पूर्व प्रधानमंत्री और प्रतिष्ठित अर्थशास्त्री के निधन पर गहरा दुख है। गोयल ने एक्स सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर पोस्ट किया, भारत के आर्थिक सुधारों में उनके योगदान ने राष्ट्र के लिए विकास का एक नया मार्ग प्रशस्त किया। एक राजनीतिक दिग्गज, उनकी बुद्धिमत्ता, विनम्रता और सार्वजनिक सेवा के प्रति समर्पण ने उन्हें पूरे राजनीतिक स्पेक्ट्रम में सम्मान और प्रशंसा दिलाई।

केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स और आईटी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने पोस्ट किया पूर्व पीएम डॉ. मनमोहन सिंह जी के निधन से दुखी हूं। उनके नेतृत्व, विनम्रता और समर्पण को हमेशा याद किया जाएगा।

इस बीच, आरपीजी एंटरप्राइजेज के चेयरमैन हर्ष गोयनका ने कहा कि डॉ. सिंह एक सच्चे राजनेता थे, जिनका शांत व्यवहार उनके परिवर्तनकारी प्रभाव को दर्शाता था।

गोयनका ने एक्स सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर पोस्ट किया, आर्थिक सुधारों के एक वास्तुकार, उन्होंने बुद्धि, शालीनता और ईमानदारी के साथ आधुनिक भारत को आकार दिया। एक नेता जो शब्दों की तुलना में कामों को जोर से बोलता था। रेस्ट इन पीस।

महिंद्रा ग्रुप के चेयरमैन आनंद महिंद्रा ने लिखा, अलविदा डॉ. मनमोहन सिंह। आपने इस देश को प्यार किया और इसके लिए आपकी सेवा को लंबे समय तक याद रखा जाएगा। ओम शांति। विनम्रता और बुद्धि के व्यक्ति, डॉ. सिंह भारत और विश्व स्तर पर एक सम्मानित व्यक्ति थे। उनके नेतृत्व में भारत ने लगातार आर्थिक विकास देखा, गरीबी कम की और विश्व मंच पर देश की स्थिति मजबूत हुई। उनके परिवार में उनकी पत्नी गुरशरण कौर और तीन बेटियाँ हैं।

# साबितगढ़ शुगर मिल ने भेजा गन्ना खरीद का सातवा भुगतान

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**पहासू।** त्रिवेणी शुगर मिल साबितगढ़ द्वारा गन्ना खरीद का सातवां भुगतान दिनाँक 11/12/ 2024 से 17/12/2024 तक का जो कि 21 करोड़ करोड़ 06 लाख है को सम्भन्धित गन्ना समितियों के माध्यम से गन्ना किसानों के बैंक खातों में भेज दिया है ।इस तरह लगातार गन्ने का भुगतान मिलने से सभी सम्भन्धित किसानों में खुशी व्याप्त है क्योंकि जव से इस मिल का 2024-25 पेराई सत्र शुरू हुआ तब से लगातार मिल द्वारा गन्ने का भुगतान किया जा रहा है ।इससे पूर्व का समस्त भुगतान पहले ही समय से किया जा चुका है ।

मिल के इकाई प्रमुख व ग्रुप महाप्रबंधक प्रदीप खण्डेलवाल ने बताया कि किसानों के गन्ने का भुगतान इसी तरह समय से मिलता रहेगा साबितगढ़ शुगर मिल से सम्बंधित सभी किसानों को भुगतना की समस्या नही होगी । तथा सभी किसानों से युहीं अपना सहयोग बनाये रखने व अपना समस्त व साफ सुथरा जड़ पत्ती रहित गन्ना मिल को सप्लाई करने की अपील भी की है ।

# ठंड से बचने के लिए लोगों ने लिया अलाव का सहारा,सर्द हवाओ से बढी ठंड,तापमान गिरा

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**शिकारपुर।** अचानक हुए मौसम में बदलाव के बाद लोग ठिठुरते नजर आए। पहाड़ों पर हुई बर्फबारी के बाद अचानक सर्द हवाओं के चलते मौसम का मिजाज पूरी तरह बदल रहा है। शुक्रवार को सुबह आसमान में हल्की धुंध छाई रही। इससे लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा। सर्द हवा ने ठंडक को बढ़ा दिया था, जिसके चलते लोग कांपते हुए नजर आए। वहीं कुछ लोगों ने ठंड से बचने के लिए अलावा का सहारा लिया। अचानक बढी ठंड के चलते जहां लोग ठिठुरते दिखाई दिए। वही बदलते मौसम के चलते लोग बुखार से ग्रसित हो रहे हैं कारण वंश अस्पतालों में मरीजों की लंबी कतार लगी हुई है। आलम यह था कि शाम होते-होते लोग अपने घरों में दुबक गए। भाई ढूंढ के चलते वाहनों की रफ्तार पर भी ब्रेक लग गया। वहीं ग्रामीण अपने पालतू पशुओं को लेकर चिंतित नजर आए।



**गर्म कपड़ों के बाजार में आया उछाल**

वही सर्दी की दस्तक देने के साथ ही गर्म कपड़ों का बाजार भी गर्मा गया है। खरीदारी करने के लिए लोग दुकानों में पहुंचे, लेकिन भीड़ अन्य दिनों की अपेक्षा कम ही दिखाई दी।

गर्म कपड़े बेचने वाले प्रदीप ने बताया कि अचानक ठंड के बढ़ने के चलते लोगों ने टॉप और मफलर की खरीदारी की।

# हैप्पी ब्लू वर्ल्ड पब्लिक स्कूल में मनाया वीर बाल दिवस

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**शिकारपुर।** नगर के हैप्पी ब्लू वर्ल्ड पब्लिक स्कूल में सरकार के आदेश अनुसार वीर बाल दिवस मनाया गया। जिसका सीधा प्रसारण विद्यालय के कंट्रोल रूम में छात्र-छात्राओं के सम्मुख प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा वीर बाल दिवस का आयोजन किया गया जिसमें कक्षा एक से कक्षा 12 तक के छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे नरेंद्र मोदी भारत के युवाओं को उत्साहित करते हुए उनका देश की सेवा करने के लिए प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर बी.डी.शर्मा, अरुण कौशिक, अमन सैफी, टूबा खान, अमित कुमार आदि मौजूद रहे।

# जिलापंचायत अध्यक्ष डॉ अंतुल तेवतिया के द्वारा जरूरतमंद असहाय लोगों को ठंड से बचाव हेतु बांटे कम्बल

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बुलंदशहर।** भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेई जी की 100वीं जयंती (सुशासन दिवस) के अवसर पर लोकप्रिय जिलापंचायत अध्यक्ष डॉ अंतुल तेवतिया जी ने विधानसभा के गांव सुजापुर, गढ़िया, बहगवा, हैदराबाद व लुधियाना में जरुरतमंद महिलाओं व गरीब एवं वंचित वर्ग के जीवन को ठंड से बचाव हेतु कंबल किए वितरित।

# जहांगीराबाद के आई फिट gym के संचालक,साहिल सिरोही ने मेरठ में पॉवर लिफ्टिंग फेडरेशन में जीते 2 गोल्ड मेडल, किया नगर व जिले का नाम रोशन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**जहांगीराबाद।** नगर निवासी युवक साहिल सिरोही ने मेरठ मंडल मे पावर लिफ्टिंग

**मेरठ मंडल गवर्नमेंट पावर लिफ्टिंग फेडरेशन द्वारा आयोजित प्रतियोगिता में किया प्रतिभाग पाया पहला स्थान**

फेडरेशन द्वारा आयोजित मंडल स्तरीय पॉवर लिफ्टिंग प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त कर 2 गोल्ड मेडल प्राप्त कर जिले के साथ साथ नगर का नाम रोशन किया है। साहिल को मिली सफलता पर नगर में खुशी की लहर ।तो वहीं साहिल से मिलकर बधाई देने वालों का तांता लग चुका है। नगर के मोहल्ला पाठक i fit gym के संचालक साहिल सिरोही ने मेरठ में पावर लिफ्टिंग फेडरेशन द्वारा आयोजित सभी वर्गों में प्रतिभाग करते हुए। प्रथम स्थान प्राप्त कर गोल्ड मेडल जीते है। इस खुशी के अवसर पर साहिल ने जानकारी देते हुए बताया कि मेरठ में पावर लिफ्टिंग फेडरेशन प्रतियोगिता में कई मंडलों के खिलाड़ियों ने भाग लेकर अपने दमखम का प्रदर्शन किया था जिसमे साहिल ने अपना शानदार प्रदर्शन करते हुए। प्रथम स्थान प्राप्त कर 2 गोल्डमेडल जीते है। साहिल की सफलता को लेकर लोगों ने साहिल से मिलकर बधाई और शुभकामनाएं दीं हैं।




# नि:शुल्क नेत्र जांच शिविर लगाया गया, 350 बच्चों ने लिया भाग

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**खुर्जा।** ईको फिल्म प्रोडक्शन द्वारा स्काई आई ऑप्टिकल एड होम्योपैथिक सेंटर के सहयोग से एस.एम.जे.ई.सी इंटर कॉलेज मे निशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन

**स्काई आई ऑप्टिकल और होम्योपैथिक सेंटर के सहयोग से हुआ कैंप**

किया गया। नेत्र जांच शिविर का उद्घाटन ब्लॉक प्रमुख खुर्जा मोनिका सिंह व प्रधानाचार्य अनीता भारद्वाज ने संयुक्त रूप से फिता काट कर किया। नेत्र जांच शिविर में लगभग 350 बच्चों ने अपनी आंखों का टेस्ट कराया। प्रधानाचार्य अनीता भारद्वाज ने आए हुए अतिथियों का स्वागत किया। ईको फिल्म प्रोडक्शन के एक्टर एंड प्रोड्यूसर ने ब्लॉक प्रमुख मोनिका सिंह वह प्रधानाचार्य अनीता भारद्वाज जी का शॉल पहनकर सम्मानित किया और साथ ही सभी अध्यापक गणों का धन्यवाद व्यक्त किया। जांच शिविर कैंप में रोहित कुमार, केके मित्तल, वंदना कुलश्रेष्ठ, ओमवीर शर्मा, सुनील कुमार,कपिल गोयल, डॉ आकाश कुमार,डॉक्टर मुस्कान आदि लोग शामिल है।






# विधायक लक्ष्मी राज सिंह द्वारा जनता दरबार लगाकर लोगों की समस्या सुनी

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बुलंदशहर।** लक्ष्मी राज सिंह विधायक सिकंदराबाद द्वारा सिकंदराबाद आवास पर आए समस्त सम्मानित सम्मानित जनों से शिष्टाचार भेंट कर उनकी समस्या सुनी तथा संबंधित अधिकारियों से बात कर त्वरित समाधान हेतु निर्देशित किया विधायक लक्ष्मी राज सिंह सिकंदराबाद जनता के बीच 24 घंटा उपस्थित रहते हैं और तत्काल समस्या का समाधान करते हैं चाय विकास का कार्य हो चाय जनता सेवा का कार्य हो 24 घंटा उपस्थित रहते हैं।





# पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह का निधन एक सदी का अंत

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बुलंदशहर।** पूर्व प्रधानमंत्री और विश्व के महान अर्थशास्त्री डॉ मनमोहन सिंह के निधन पर कांग्रेस नेताओं ने शोक व्यक्त किया है । शिकारपुर विधानसभा से कांग्रेस के

**आधुनिक भारत के निमार्ता और आम आदमी के मसीहा थे मनमोहन सिंह : जियाउर्रहमान**

पूर्व विधायक प्रत्याशी और युवा प्रदेश उपाध्यक्ष जियाउर्रहमान ने शोक व्यक्त करते हुए पूर्व पीएम डॉ मनमोहन सिंह के निधन को देश के लिए बड़ी क्षति बताया है। जियाउर्रहमान ने कहा है कि पूर्व प्रधानमंत्री के कार्यकाल में दलितों, पिछड़ों, अल्पसंख्यकों और आम आदमी का उत्थान हुआ। मिडिल क्लास के जीवन स्तर को पूर्व पीएम के कार्यकाल में नए आयाम मिले। शिक्षा का अधिकार, भोजन का अधिकार, मनरेगा, परमाणु डील सहित उनकी सरकार के सैंकड़ों फैसलों ने देश के विकास को नए पंख दिए। उन्होंने कहा कि भारत की अर्थव्यवस्था को पूर्व प्रधानमंत्री ने अपने जीवन में मजबूती दी और उनके नेतृत्व व मार्गदर्शन से ही भारत की अर्थव्यवथा विश्व स्तर पर मजबूत हुई । उन्होंने कहा कि मनमोहन सिंह जी का जाना एक सदी का अंत है । देश के लिए उनका योगदान हमेशा जीवंत रहेगा। उन्हें हमेशा एक ऐसे नेता के रूप में याद किया जाएगा जिसने इस राष्ट्र के कल्याण को प्राथमिकता दी और बेजोड़ समर्पण के साथ काम किया।



पूर्व जिलाध्यक्ष सुभाष गांधी ने पूर्व प्रधानमंत्री के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए कहा कि विभाजन की पीड़ा झेलने वाले दिवंगत नेता की कहानी प्रेरक है जो साधारण पृष्ठभूमि से ताल्लुक रखने के बावजूद अपनी मेहनत और लगन से भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के गवर्नर, वित्त मंत्री और प्रधानमंत्री पद तक पहुंचे। उन्होंने कहा कि मनमोहन सिंह की नीतियां और फैसले युगों युगों तक भारत का मार्गदर्शन करते रहेंगे।

# बहू ने अपने मायके वालों से मिलकर की सास की पिटाई, ससुर ने बहू के खिलाफ दर्ज कराई रिपोर्ट

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गुलावठी (सैय्यद मजहर)।** निकटतम ग्राम भमरा में रिश्ते को अपमानित करने का एक ताजा मामला सामने आया है एक बहू द्वारा अपने मायके वालों के साथ मिलकर सास की पिटाई करने का मामला सामने आया है । ससुर ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि उसकी बहू ने अपने मायके वालों को बुलाकर उनके साथ मिलकर मेरी पत्नी की पिटाई की है और जान से मारने की धमकी भी दी है।

नगर कोतवाली में पीड़ित ससुर ने बहू के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है । ग्राम भमरा निवासी गुलफाम ने बताया है कि उसके बेटे की पत्नी से लगातार परिवारिक विवाह चल रहा है इसी विवाद के चलते मेरी बहू ने अपने मायके वालों को बुलाकर उसकी पत्नी के साथ गाली गलौज की और मार पिटाई की पड़ोसियों ने आकर मेरी पत्नी को बचाया । पुलिस ने बहू और उसके मायके वालों के खिलाफ धारा 333, 115 ( 2) 352 और 351(2) के तहत रिपोर्ट दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है।

# हाईटेक लाइफ: अब लोगों अपना को सोशल साइट पर ही देते ही हैं शुभकामनाएं, ग्रीटिंग काडो का क्रेज खत्म

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**शिकारपुर।** बदलते परिवेश में लोगों ने ग्रीटिंग कार्ड का इस्तेमाल करना बंद कर दिया है। सब लोग मोबाइल पर एस एम एस भेज कर नए साल एवं त्योहारों की शुभकामनाएं अपने मित्रों व रिश्तेदारों को भेज रहे हैं। ऐसे में s.m.s. लोगों को पहली पसंद बन गया है और दुकानों पर रखे ग्रीटिंग कार्ड मात्र शोपीस बनकर रह गए हैं। पूर्व में इनकी खासा बिक्री होती थी। नए साल के करीब आते ही बाजारों में दुकानों पर बिक्री के लिए ग्रीटिंग कार्ड तो सच गए हैं लेकिन इन्हें खरीदने के लिए कोई भी ग्राहक दुकानों पर नहीं पहुंच रहा है। इसका मुख्य कारण नेट के प्रति लोगों में रुझान का बढ़ना है। मोबाइल पर एसएमएस भेज कर व्हाट्सएप पर नए साल की शुभकामनाएं एक दूसरे को दे रहे हैं। इतना ही नहीं लोगों में यह आदत अब एक माह पहले से ही शुरू हो जाती है। इस कारण ग्रीटिंग कार्ड ओ का क्रेज बंद होने की कगार पर पहुंच गया है। पूर्व में लोग नया साल अपने से दो-चार दिन पहले से ग्रीटिंग कार्ड को खरीदने के लिए ग्राहकों की भीड़ बढ़ जाती थी। कार्ड खरीदने के बाद लोग अपने रिश्तेदारों व मित्रों को नए साल की शुभकामनाएं भेजते थे प्रतिवर्ष नए साल पर डाक खानों में भी कार्ड जमा करने के लिए काफी भीड़ रहती थी, लेकिन जब से मोबाइल प्रचलन में आया है तब से ग्रीटिंग कार्ड सिर्फ शोपीस बनकर रह गए हैं। अब लोगों में ग्रीटिंग कार्ड के प्रति कोई लगाव नहीं रहा है। नगर की दुकानों पर एक या दो ही ग्राहक विशेष कारण से खरीदने के लिए पहुंच रहे हैं। जिससे दुकानों पर ग्राहकों को भी भीड़ नहीं दिखाई दे रही है।

# कड़ाके की ठंड में निधन गरीबों को विधायक लक्ष्मी राज सिंह द्वारा किया गया कंबलों का वितरण

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**ककोड।** नगर की पंचायत सभागार में गरीबों को कंबल वितरण का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि विधायक लक्ष्मीराज सिंह ने जरूरतमन्दों को कंबल वितरित किए।


कंबल लेने के लिए काफी संख्या में बुजुर्ग भी पहुंचे थे ।उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा समाज के वंचित वर्गो के जीवन में गर्माहट और सुकून लाने का यह छोटा सा प्रयास हमारी सामाजिक जिम्मेदारी का हिस्सा है, जिसे पूरे समर्पण और भावनात्मक जुड़ाव के साथ हम आगे बढ़ाते रहेंगे। ठंड में कंबल मिलते ही गरीबों के चेहरे खिल गए। विधायक ने कहा कि प्रदेश सरकार का सपना है कि गरीबों को उनका हक मिले। कोई भी गरीब सरकार की योजनाओं से अछूता न रहे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मंशा है कि चहुंओर विकास कार्य तेजी से कराया जाय। शासन द्वारा गरीब, विधवा,विकलांगों के लिए ठंड से राहत के लिए कम्बल वितरण किए जा रहे हैं। ठंड से बचाव के लिए जरूरतमंदों को कंबल वितरित किया जा रहा है ।मंडल अध्यक्ष सुभाष भाटी,महिला मोर्चा मंडल अध्यक्ष वंदना अग्रवाल, ककोड़ चेयरमैन मोहित सिंघल,अरुण प्रजापति,अंकित जादौन, तहसीलदार सिकंदराबाद धर्मवीर भारती धनोरा प्रधान विकाश चौधरी आदि लोगों उपस्थित रहे।



# टैगोर बाल शिक्षा सदन जूनियर हाई स्कूल में शोक सभा का आयोजन कर पूर्व प्रधानमंत्री डॉ मनमोहन सिंह को दी गई श्रद्धांजलि

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गुलावठी (सैय्यद मजहर)।** नगर के विख्यात टैगोर बाल शिक्षा सदन जूनियर हाई स्कूल में एक शोक सभा का आयोजन किया गया ! इस शोक सभा में भारत के पूर्व प्रधानमंत्री आर्थिक सलाहकार भारतीय रिजर्व बैंक के पूर्व गवर्नर भारत सरकार के पूर्व वित्त मंत्री यूपीए सरकार में दो बार प्रधानमंत्री पद पर आसीन रहे पद्म विभूषण से सम्मानित डॉ मनमोहन सिंह के 92 वर्ष की आयु में अकस्मात निधन होने पर विद्यालय प्रांगण में एक शोक सभा का आयोजन किया गया ! इसमें समस्त छात्र छात्राओं एवं उपस्थित समस्त विद्यालय स्टाफ ने 2 मिनट का मौन धारण कर मृतक आत्मा को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की ! इस अवसर पर विद्यालय के प्रबंधक अनिल कुमार अपने विचार प्रकट करते हुए कहा पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय डॉ मनमोहन सिंह के निधन से देश को बड़ी क्षति हुई है आज देश ने ऐसा होनहार व्यक्ति खो दिया है जिनकी आर्थिक नीतियों के चलते देश ने उन्नति की है उनकी कमी हमेशा महसूस होगी वह हमेशा हमारे दिलों में जिंदा रहेंगे। इस अवसर पर रमेश चंद्र शर्मा राजेश निराला प्रधानाचार्य सीमा शर्मा इंदू सिंह ललित राणा गरिमा पांडे तृप्ति गुप्ता फिजा पूजा शर्मा यासमीन इफ्तेखार रीता वर्मा दीपक कुमार शिखर भारद्वाज आदि उपस्थित रहे।



**श्रीमद् भागवत कथा** | जो भी श्रद्धालु गिरिराज जी की परिक्रमा सच्चे हृदय से लगता है उसके सभी संकट कट जाते हैं

# गिरिराज जी की परिक्रमा लगाने से मनुष्य के कट जाते हैं संकट: स्वामी सुमेधानंद जी महाराज

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बुलंदशहर।** काष्णि श्री बांके बिहारी मित्र मंडल के तत्वाधान में श्री नर्वदेश्वर धाम पार्क-टू डीएम रोड बुलंदशहर में चल रही श्रीमद् भागवत कथा के पंचम दिवस के पावन प्रसंग में परम श्रद्धेय स्वामी सुमेधानंद जी महाराज ने कहा कि जो भी श्रद्धालु गिरिराज जी की परिक्रमा सच्चे हृदय से लगता है उसके सभी संकट कट जाते हैं भगवान श्री कृष्ण जी की कृपा सदैव उन पर बनी रहती है महाराज श्री ने आज के प्रसंग में श्री कृष्ण बाल लीला व गोवर्धन पूजा का वर्णन किया महाराज श्री ने कहा कि भगवान श्री कृष्ण ने बालकपन से ही अपनी लीला दिखाने का कार्य किया राक्षसी पूतना का वध किया कनकी उंगली पर गोवर्धन पर्वत को उठाकर इंद्रदेव के प्रकोप से अपने भक्तों की रक्षा की कंस का वध किया भगवान श्री कृष्ण ने अपनी बंसी की मधुर तान से सभी भक्तों को आनंद की अनुभूति कराई महाराज श्री ने बताया कि भगवान श्री कृष्ण ने माखन की चोरी की महाराज श्री ने कहा कि मन ही हमारा माखन है भगवान हमारे मन को चुराते हैं कथा के क्रम को आगे बढ़ते हुए पूज्य महाराज श्री ने श्री गिरिराज जी की पावन कथा का श्रवण कराया भगवान श्री कृष्ण ने इंद्र की पूजा बंद कराकर गोवर्धन जी की पूजा कराई गिरिराज जी की पूजा मे भगवान ने हमें यह शिक्षा दी कि व्यक्ति को अपना कर्म सदैव करते रहना चाहिए कर्म करने से ही व्यक्ति को फल की प्राप्ति होती है सभी भक्तों ने गिरिराज महाराज की पूजा की छप्पन भोग के दर्शन कराये कथा के बीच-बीच में महाराज जी के मुख से भजन सुनकर सभी भक्त भाव विभोर होकर नृत्य करने लगे श्री गिरिराज महाराज की दिव्य झांकी का दर्शन कर सभी भक्तों ने दिव्य आनंद प्राप्त किया महाराज श्री ने बताया जो मनुष्य गिरिराज जी की पूजा करता है श्री गिरिराज जी की परिक्रमा लगता है उसके सभी संकट मिट जाते हैं उसको भगवान के चरणों की प्राप्ति होती है उसका संसार सागर से उद्धार हो जाता है आज श्रीमद् भागवत कथा के मुख्य यजमान समाज सेवी संजय गोयल व उनकी धर्मपत्नी डौली गोयल, सुनील माहेश्वरी, अजय मित्तल, गोपाल कृष्ण, अमित गर्ग, राधेश्याम गुप्ता, राजकुमार बंसल विपुल अग्रवाल, अक्षिता अग्रवाल, वंदना शर्मा, नीना माहेश्वरी, सीमा, तनुज गोस्वामी आदि सैकड़ो भक्त उपस्थित रहे।





# 14 वर्षीय नाबालिग छात्र फैजान रहस्यमय ढंग से गायब, नहीं मिला कोई सुराग

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गुलावठी (सैय्यद मजहर)।** निकटतम ग्राम बराल निवासी आबिद का पुत्र फैजान (14 वर्षीय) पिछले 5 दिनों से लापता है ! लापता छात्र फैजान बराल के सरकारी स्कूल में कक्षा आठ में पढ़ रहा था, 23 दिसंबर को घर से स्कूल जाने के लिए निकला था, लेकिन घर नहीं लौटा, परेशान पिता ने दर्ज कराई रिपोर्ट करा दी है। बच्चे के लापता होने से घर वालों का रो रो का बुरा हाल है पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।



# स्काउण्ट एवं गाइड शिविर का आयोजन श्री द्रोणाचार्य (पी0जी0) कॉलिज, दनकौर गौतम बुद्ध नगर के महाविद्यालय परिसर में किया गया

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**ग्रेटर नोएडा (मो. बिलाल)।** स्काउण्ट एवं गाइड शिविर का आयोजन श्री द्रोणाचार्य (पी0जी0) कॉलिज, दनकौर गौतम बुद्ध नगर के महाविद्यालय परिसर में किया गया। जिसका शुभारम्भ कॉलिज के अध्यक्ष राकेश कुमार गर्ग, सचिव रजनीकान्त अग्रवाल तथा कॉलिज प्राचार्य डॉ0 गिरीश कुमार वत्स के द्वारा किया गया। शिविर की अध्क्षता स्काउट एवं गाइड प्रशिक्षु मनमोहन कुमार द्वारा तथा राकेश कुमार गर्ग, रजनीकान्त अग्रवाल तथा कॉलिज प्राचार्य डॉ0 गिरीश कुमार वत्स द्वारा अपने-अपने विचार बी0एड0 प्रशिक्षुओं के समक्ष रखे। जिसमें कहा कि स्काउट एवं गाइड शिविर का मुख्य उद्देश्य अपने कर्त्तव्यों का पालन करते हुए सुविधाओं के अभाव में अपने जीवन को सुखमय बनया जा सकता है और इसमें तत्परता का भाव निहित होने चाहिए तथा मनमोहन कुमार द्वारा स्काउट एवं गाइड शिविर के पहले दिन ध्वजारोहण करके 6 टोलियाँ बनवायी। जिसमें टोली नं0-1 वीरांगना, टोली नं0-2 रानी लक्ष्मी बाई, टोली नं0-3 फूल, टोली नं0-4 एसटर, टोली नं0-5 गरूड़, टोली नं0-6 मेरी गोल्ड व प्रशिक्षुओं से अनेक कार्यक्रम कराये गये।इस अवसर पर उपप्राचार्या डॉ0 रश्मि गुप्ता, डॉ0 रश्मि जहाँ, डॉ0 सूर्य प्रताप राघव, डॉ0 राजीव उर्फ पिंटू, इन्द्रजीत सिंह, शशी नागर, कु0 रश्मि शर्मा, अखिल कुमार, डॉ0 नीतू सिंह, सुनीता शर्मा, डॉ0 अनुज कुमार भड़ाना, डॉ0 संगीता रावल, अमित नागर, डॉ0 रेशा, डॉ0 प्रशान्त कन्नौजिया, प्रीति शर्मा, करन नागर व समस्त महाविद्यालय परिवार उपस्थित रहा।





# आईईसी प्रीमियर लीग क्रिकेट सीजन-3 में हुए रोमांचक मुकाबले

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**ग्रेटर नोएडा (मो. बिलाल)।** नालेज पार्क स्थित आई ई सी कालेज में स्पोर्ट्स मीट के तहत आई ई सी प्रीमियर लीग क्रिकेट झसीजन-3 के दूसरे दिन रोमाचंक क्रिकेट के मुकाबले देखने को मिले। आई ई सी प्रीमियर लीग झसीजन-3 कार्यक्रम संयोजक प्रोफेसर नुरुल हसन ने बताया कि आई ई सी प्रीमियर लीग में 28 स्कूलो की टीम क्रिकेट मैच तथा 16 स्कूलों की टीम खो-खो प्रतियोगिताओं में भाग ले रही हैं । जिसके तहत नाक आउट मैचो के बाद क्वार्टर फाइनल, सेमी फाइनल तथा फाइनल मैच के लिये टीमों का निर्धारण होगा । छात्रो के लिये क्रिकेट तथा छात्राओं के लिये खो-खो मैचों का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें प्रतिदिन लगभग चार मैच हो रहे हैं।दूसरे दिन पं सलिग्राम जूनियर हाईस्कूल, हबीबपुर एवं माउंट लिटेरा जी स्कूल, दादरी, गौतम बुद्ध बालक इंटर कालेज एवं बाल उदय माडल इंटर कालेज, शहीद भगत संह इंटर कालेज, सूरजपुर एवं पंडित सालिग्राम इंटर कालेज , ज्ञानदीप इंटर कालेज एवं महाराजा नैन सिंह विद्यालय की स्कूलों की टीमों के बीच रोमांचक मुकाबले हुए । दूसरे दिन के नाक आउट मुकाबलों में पं सलिग्राम जूनियर हाईस्कूल, हबीबपुर , गौतम बुद्ध बालक इंटर कालेज , शहीद भगत संह इंटर कालेज, सूरजपुर, ज्ञानदीप इंटर कालेज की टीमें विजेता रही जो कि आगे के मैचों के लिये खेलेंगी। विजेता टीमों के मैन आफ द मैच को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में भारी संख्या में छात्र तथा शिक्षक मौजूद रहे। कार्यक्रम को सफल बनाने में संस्थान के एडमिशन अधिकारी प्रो. नुरुल हसन, खेल अधिकारी प्रोफेसर विनोद कुमार, दिनेश मडवाल, आदि का विशेष सहयोग रहा ।




# शोभित नेहरा व उमेश मोदी सहित सात व्यक्तियों को कोर्ट ने किया तलब

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मोदीनगर (अनवर खान)।** दि मोदी चैरिटेबल फंड सोसायटी के सहसचिव तरुण जैन द्वारा शोभित नेहरा सहित सात व्यक्तियों के खिलाफ साज करने आदि से संबंधित एक वाद मेरठ कोर्ट में दायर किए जाने के बाद कोर्ट ने शोभित नेहरा सहित सातों व्यक्तियों को न्यायालय में प्रस्तुत होने के लिए समन जारी किया है।

वादी तरुण जैन ने वाद पत्र में आरोप लगाया था कि शोभित नेहरा, उमेश मोदी, नरेश शर्मा, अनिल कुमार गोयल, दया, देवेंद्र सिंह व जगदीश चंद्र चावला ने साज कर दि मोदी चैरिटेबल फंड सोसायटी की अपनी एक फर्जी मैनेजिंग कमेटी बनाकर मेरठ स्थित फर्म सोसाइटी एवं चिट्स विभाग के डिप्टी रजिस्ट्रार को प्रस्तुत की थी। जिसे डिप्टी रजिस्ट्रार द्वारा निरस्त कर दिए जाने के बाद तरुण जैन ने इन सभी पर मुकदमा दर्ज कराने के लिए इस संबंध में थाना सिविल लाइन मेरठ को एक तहरीर दी थी। किंतु कोई कार्यवाही न किए जाने के बाद तरुण जैन न्यायालय की शरण ली और मेरठ कोर्ट में इन सभी के खिलाफ वा कद दायर दिया। तरुण जैन द्वारा प्रस्तुत किए गए साक्ष्यों व गवाहों के बयानों को सुनकर कोर्ट ने शोभित नेहरा सहित सभी सातों व्यक्तियों को न्भारतीय दंड संहिता की धारा 34, 120, 467, 471, व 120 बी के अंतर्गत न्यायालय में तलब किया है।



# हमारे अंदर मौजूद कंस का वध करने जरूरी : यशोदा नंदन महाराज

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गाजियाबाद।** महानगर के राजनगर एक्सटेंशन में गौड़ कैसकेड्स क्लब हाऊस में चल रही श्रीमद् भागवत कथा के छठे दिन वृंदावन से पधारे यशोदा नंदन महाराज ने कंस वध की कथा सुनाई। उन्होंने कथा वाचन के दौरान बड़े ही आनंदित प्रसंग सुनाए जिससे कथा में पधारे सभी भक्त भाव से झूम उठे। कथा के दौरान कान्हा-रुक्मणी के दर्शन कर आनंदित व भावविभोर हुए।

छठे दिन व्यास गद्दी पर विराजमान योशोदा नंदन महाराज ने कंस के वध की कथा सुनाई। उन्होंने कहा कि कंस के वध से सब ने खुशी मनाई। पर जो कंस हमारे भीतर है उस कंस का वध जरूरी है। हमारे विचारों में यदि श्रीराम और श्रीकृष्ण हैं तभी हम महान बन सकते हैं। अर्थात भूलवश कभी हमारे मन में बुरे विचार आएं तो हम विनाशकारी बनते है। कथा के दौरान ही उन्होंने राष्ट्रहित में जल बचाओ की प्रेरणा भी दी।

उन्होंने कहा कि यदि आज हम जल की बबार्दी करेंगे तो हमारी आने वाली पीढ़ियों के सामने भयंकर संकट खड़ा हो जायेगा।भगवान की भक्ति के साथ साथ हमें राष्ट्र हित में भी कदम उठाने चाहिए। इस मौके पर भाजपा महानगर किसान मोर्चा अध्यक्ष पंकज भारद्वाज, प्रवीण त्यागी, मनोज अग्रवाल, अनुज शर्मा एवं सोसाइटी की सैकड़ों महिलाएं एवं पुरुष उपस्थित रहे।





# भाकियू लोकशक्ति ने किया विचार गोष्ठी का आयोजन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**रबूपुरा (उपेन्द्र भाटी)।** शुक्रवार को भारतीय किसान यूनियन लोकशक्ति ने एक बैठक का आयोजन राष्ट्रीय अध्यक्ष मास्टर श्योराज सिंह के आवास पर किया। बैठक की अध्यक्षता टीकम सिंह व संचालन गजब सिंह ने किया इस दौरान विचार गोष्ठी में राष्ट्रीय अध्यक्ष मास्टर श्योराज सिंह ने सबसे पहले प्रयागराज में 19.20.21 जनवरी को लगने वाले राष्ट्रीय शिविर में अधिक से अधिक कार्यकताओं व पदाधिकारियों को पहुंचने का आवाहन किया। उसके बाद तीन जनवरी को भाकियू लोकशक्ति की वार्ता यमुना प्राधिकरण में अधिकारियों के साथ होगी जिसमें निम्न मुद्दों पर चर्चा की जाएगी। जैसे कि यीडा का सम्पूर्ण किसान पुश्तैनी माना जाए, यीडा छेत्र का मुआवजा जेवर एयरपोर्ट के समान दिया जाए, मुर्दा मवेशी प्लांट की व्यवस्था, औद्योगिक गतिविधियों में एकल खिड़की की व्यवस्था, प्रत्येक गांव में ओपन जिम होनी चाहिए, खेल कूद के लिए कोच व मिनी स्टेडियम, एक स्किल यूनिवर्सिटी व ई एस आई अस्पताल, गावों में घरोनी की व्यवस्था,7 प्रतिशत प्लॉट की व्यवस्था, पुरानी आबादियों का निस्तारण, लाल डोरा निश्चित किया जाए, ट्रामा सेंटर व अस्पताल के काम में तेजी लाए जाए, जेवर टप्पल तक सर्विस रोड का निर्माण, जेवर कस्बे का बाईपास बनवाया जाए, जेवर एयरपोर्ट के किसानों को कमर्शियल व आवासीय योजना का लाभ दिया जाए, 7%आवासीय प्लॉट में पेमेंट राशि के लिए 1 से 2वर्ष का समय दिया जाए, अंतरराज्यीय बस अड्डा प्रस्तावित हे उस पर तेजी से काम किया जाए, पशुओं के पालन हेतु डेयरी फार्म योजना लाई जाए, तालाबों का सौंदर्यीकरण कराया जाए, आदि मुद्दों को लेकर चर्चा की गई। इस दौरान करीब 100 से अधिक कार्यकर्ता व पदाधिकारी मौजूद रहे।



# समापन दिवस पर "आचार्य श्री अतुल कृष्ण जी महाराज" ने श्रीमद्भागवत कथा का महत्व बताया

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**जहांगीरपुर ।** श्री राधा कृष्ण प्रचार मण्डल जहांगीरपुर के तत्वाधान में आयोजित 25 वें वार्षिकोत्सव के समापन दिवस की कथा में आचार्य श्री अतुल कृष्ण जी महाराज ने श्रीमद्भागवत कथा का महत्व बताते हुए। विभिन्न धार्मिक प्रसंग सुनाए गए।

साथ ही भजनों की प्रस्तुति से भक्तगण आत्मविभोर होकर झूम उठे। इसके साथ ही यजमान रहे भारत भूषण शर्मा और पत्नी श्रीमती डेजी शर्मा से विधि विधान से हवन पूजन कराकर श्रीमद्भागवत कथा का शुक्रवार को समापन कराया। भगवान श्रीकृष्ण के वात्सल्य व असीम प्रेम के अलावा उनके द्वारा की गई विभिन्न लीलाओं का वर्णन कर वर्तमान समय में समाज में व्याप्त अत्याचार, कटुता, व्यभिचार को दूर कर सुंदर समाज निर्माण के लिए युवाओं को प्रेरित किया। और कहा समाज में कुछ लोग ही अच्छे कर्मों द्वारा सदैव चिर स्मरणीय होता है, इतिहास इसका साक्षी है। कथा के पश्चात आरती की गई व सभी भक्तों ने प्रसादी ग्रहण किया।इस अवसर पर हजारों की संख्या में भक्तों ने भक्ति का रसपान किया और प्रसादम ग्रहण किया।




# भाकियू एकता ने दी पूर्व पीएम मनमोहन सिंह को श्रद्धांजलि

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**जेवर (इनामुलहक)।** भारतीय किसान यूनियन एकता ने शुक्रवार को साबौता कट के पास स्थित कैंप कार्यालय पर एक मीटिंग की। जहां यूनियन कार्यकर्ताओ ने भारत के पूर्व प्रधानमंत्री डॉ मनमोहन सिंह के निधन पर शोक व्यक्त कर दो मिनट का मौन रख उनको श्रद्धांजलि दी। राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रतिनिधि संजीव शर्मा ने बताया कि यूनियन के राष्ट्रीय अध्यक्ष हुकुमचंद शर्मा के नेतृत्व में एक मीटिंग का आयोजन किया गया। जहां पहले पूर्व प्रधानमंत्री, वित्त मंत्री व विश्व विख्यात अर्थशास्त्री डॉ मनमोहन सिंह को श्रद्धांजलि दी गई और उसके बाद किसानों से ली जाने वाली भूमि का मुआवजा बढ़ाये जाने, आवारा पशु किसानों की फसलों को नुकसान कर रहे है इसका समाधान करने, किसानों को समय से और उचित रेट पर बीज खाद व कीटनाशक उपलब्ध कराये जाने आदि समस्याओं पर गहनता से विचार किया गया। उन्होंने बताया कि एक जनवरी 2025 को संगठन का स्थापना दिवस मनाया जायेगा। इस मौके पर मास्टर धर्म सिंह, ठाकुर महेश, वकील पहलवान, धर्मेंद्र सिंह, डॉ अमित गुप्ता, सुखपाल, देवेंद्र सिंह, अनिल शर्मा, मोनू वर्मा, योगेंद्र सिंह, नत्थी प्रधान आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।



# 'जीएनआईओटी एमबीए संस्थान में दो दिवसीय खेल प्रतियोगिता "प्रतिस्पर्धा" का आयोजन'

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**नोएडा।** नालिज पार्क-2 ग्रेटर नोएडा स्थित जीएनआईओटी एमबीए संस्थान में दो दिवसीय खेल प्रतियोगिता 'प्रतिस्पर्धा- 2024 का समापन हो गया। प्रतियोगिताओं का समापन संस्थान के निदेशक डा. अंशुल शर्मा ने किया। प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने विभिन्न खेलों जैसे क्रिकेट, टग ऑफ वार, बास्केटबाल, वालीबॉल, थ्री लेग रेस, रेस, लेमन रेस, रिले रेस आदि में अपने जौहर दिखाये व अपनी प्रतिभाओं का प्रदर्शन किया। दो दिन तक चली इस कड़ी प्रतियोगिता के बाद क्रिकेट में लड़कों मे निलेन्द्र तिवारी की टीम तथा लड़कियों मे दीक्षा यादव की टीम विजयी रही, टग ऑफ वार में नितिन की टीम और राधा शर्मा की टीम ने बाजी मारी। वास्केटबॉल में डिम्पल कुमारी टीम एवं आर्यन शर्मा टीम ने सबको पछाड़ा, वालीवॉल में कडे मुकाबले के बाद प्रियाँशु बैसौया टीम को विजयी घोषित किया गया, थ्री लेग रेस में अदिति एवं आदर्श विजेता बने, रेस मे धीरज यादव एवं प्रियंका यादव, रिले रेस में लोकेश टीम तथा सिमरन टीम, लेमन रेस में सोफिया खटाना एवं विकास कुमार ने बाजी मारी. संस्थान के सभी शिक्षको एवं विद्यार्थियों ने खेलों का जमकर लुफ्त उठाया। खेल प्रतियोगिता के समापन पर संस्थान के निदेशक डा. अंशुल शर्मा ने विजेताओं एवं उपविजेताओं को प्रशस्ति पत्र एवं मैडल प्रदान किये। निदेशक डा. अंशुल शर्मा ने अपने सम्बोधन में कहा कि विद्यार्थियों के लिए शिक्षा के साथ खेलकूद भी जरूरी है। खेल से शारीरिक एवं मानसिक विकास होता है। उन्होंने प्रतियोगिताओं में भाग लेने वाले सभी प्रतिभागियों का उत्साह वर्धन किया। इस अवसर पर संस्थान के डीन डा. पंकज सिन्हा, विभागाध्यक्ष डा. राजकुमार, डा. सुशील मौर्य, डा. नक्षत्रेश तथा स्पोर्टस कार्डिनेटर अंकुर लोहिया एवं अविनाश सहित सभी शिक्षकगण उपस्थित थे।




उत्तर रेलवे

निविदा सूचना

दिल्ली मंडल, उत्तर रेलवे के NSG-4, NSG-5 और NSG-6 श्रेणी के स्टेशनों पर संविदा पर स्टेशन टिकट बुकिंग एजेंट (एस. टी. बी. ए) की नियुक्ति हेतु निविदा की सूचना।
(File No. C6/STBA/Policy/II/2018)

| | | |
|---|---|---|
| 1 | निविदा संख्या | C6/STBA/Policy/II/2018 |
| 2 | कार्य का नाम व स्थान | दिल्ली मंडल के अंतर्गत 02 NSG-4, 02 NSG-5 और 38 NSG-6 श्रेणी के कुल 42 स्टेशनों पर कम्प्यूटरीकृत अनारक्षित टिकट प्रणाली (यू.टी.एस) द्वारा अनारक्षित रेल टिकटों को जारी करने हेतु NSG-4 के लिए एक वर्ष और NSG-5 और NSG-6 के लिए तीन वर्ष के लिए संविदा पर नियुक्ति हेतु। |
| 3 | निविदा प्रपत्र का मूल्य | मूल्य रु. 1000/– + 18% GST = रु. 1180/– (रुपए एक हजार एक सौ अस्सी मात्र) |
| 4 | धरोहर राशि (EMD) | एन एसजी–6 श्रेणी स्टेशन के लिए आवेदन करने पर 2,000/– रूपये (केवल दो हजार रूपये), एन एस जी–5 श्रेणी स्टेशन के लिए आवेदन करने पर 5000/– रूपये (केवल पांच हजार रूपये) और एन एस जी–4 श्रेणी स्टेशन के लिए आवेदन करने पर 10000/– रूपये (केवल दस हजार रूपये) का शुल्क देना होगा।" |
| 5 | कार्यालय का पता जहाँ से निविदा प्रपत्र प्राप्त की जा सकती है | वाणिज्य शाखा मंडल कार्यालय स्टेट एंट्री रोड़ नई दिल्ली–110055 से सभी कार्य दिवस में दिनांक 27.12.2024 से दिनांक 21.01.2025 तक प्रातः 11:00 बजे से सांय 17:00 बजे तक प्राप्त किये जा सकते है। |
| 6 | निविदा का प्रकार | खुली निविदा |
| 7 | निविदा जमा करने तथा खुलने की तिथि व समय | 22.01.2025 को 15:00 बजे तक निविदा, निविदा कक्ष वाणिज्य शाखा मंडल कार्यालय स्टेट एंट्री रोड नई दिल्ली–110055 प्राप्त की जायगी तथा तुरंत बाद 15:10 बजे निविंदा खोली जाएगी। |
| 8 | सम्पूर्ण निविदा सूचना कहाँ देखी जा सकती है | निविदा निमंत्रण की सूचना तथा निविदा प्रपत्र उत्तर रेलवे की वेबसाइट www.nr.indianrailways.gov.in से प्राप्त किये जा सकते है। |

3959/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**सम्मान**

## बॉलीवुड मिस इंडिया प्रतियोगिता में हर्षिका को बॉलीवुड मिस इंडिया का ताज बॉलीवुड अभिनेत्री प्रीति झिंगयानी ने अपने हाथों से पहनाया

# गलगोटिया विश्वविद्यालय के (बीजेएमसी) द्वितीय वर्ष की छात्रा हर्षिका ने बॉलीवुड मिस इंडिया प्रतियोगिता का खिताब अपने नाम कर अपने विश्वविद्यालय का नाम रोशन किया

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**ग्रेटर नोएडा (मो. बिलाल)।** गलगोटिया विश्वविद्यालय की 19 वर्ष की छात्रा हर्षिका ने बताया कि प्रतियोगीता में बॉलीवुड अभिनेता चकी पांडे, डेजी शाह, यश अहलावत, साहिल खान, संगीता बिजलानी, काव्या पंजाबी समेत बॉलीवुड और फैशन जगत के कई दिग्गज उपस्थित थे। सभी ने उनके उज्वल भविष्य के लिए उनको शुभकामनाएं दीं।

गलगोटिया विश्वविद्यालय के चांसलर सुनील गलगोटिया ने हर्षिका की इस सफलता पर कहा कि जब हम अपने कार्य को पूरी निष्ठा और लगन के साथ करते हैं तो हमें एक दिन ईश्वर अवश्य ही हमारे उस कठिन परिश्रम का फल इसी प्रकार से सफलता रूपी उपहार के रूप में प्रदान करते हैं। इसलिए प्रत्येक विद्यार्थी को चाहिए कि वो अपने जीवन की सफलता के लिये कठिन परिश्रम को मूल मंत्र बना लें। फिर उनको अपने प्रत्येक कार्य में हर्षिका की तरह ही अपार सफलता अवश्य ही मिलेगी। गलगोटिया विश्वविद्यालय के मुख्य कार्यकारी अधिकारी डा० ध्रुव गलगोटिया ने विश्वविद्यालय की छात्रा हर्षिका को सफलता पर शुभकामनाएँ दी उन्होने आगे कहा कि सफलता के लिये जो मंत्र है वह सभी क्षेत्रों में समान है, कठिन परिश्रम, लगन और सकारात्मक व्यक्तित्व की नींव पर सफलता का महल खडा किया जाता है और इसके लिये केवल अध्ययन काफी नही है, व्यक्ति के सर्वांगीण विकास में मदद करने वाले इकोसिस्टम से ही बडी सफलतायें अर्जित की जा सकती है **हर्षिका ने जीती है कई** प्रतियोगिता में बने रहने के लिए बॉलीवुड के दिगज्जो के बीच उन्हें कई राउंड्स के टेस्ट देने पड़े। सबसे पहले उन्हें टॉप 60 में शॉर्ट लिस्ट किया गया, उसके बाद टॉप 18 फिर टॉप 7 उसके बाद टॉप 4 में जगह बनाई। उन्होंने बताया कि प्रतियोगिता में बने रहने के लिए देश भर से आई बड़ी और टॉप मॉडलों से कड़ी टक्कर मिली।



**प्रतियोगिताः** गलगोटिया विश्वविद्यालय के (बीजेएमसी) बैचलर ऑफ जर्नलिज्म एंड मास कम्युनिकेशन (पत्रकारिता) के द्वितीय वर्ष की छात्रा हर्षिका जमशेदपुर (जादूगोड़ा) की रहने वाली हैं। हर्षिका ने बताया कि इस सफलता का श्रेय उनके गलगोटिया विश्वविद्यालय को और उनके माता-पिता को जाता है। उन्होंने बताया कि फैशन और मॉडलिंग के क्षेत्र में वो जमशेदपुर , मुंबई, कोलकाता, दिल्ली समेत कई बड़े शहरों में आयोजित प्रतियोगिता में जीत हासिल कर चुकी है। उन्होंने बताया कि इस प्रतियोगिता में पूरे देश भर से प्रतिभागी शामिल हुए थे। उन्होंने बताया कि क्राउन जीतने से पहले

# जीपीए की मुख्यमंत्री से पहले चरण की आरटीई के दाखिलों की प्रक्रिया को रद्द करने की अपील जिले के बंद स्कूलो मे भी कर दी गई आरटीई की सीट आवंटित : जीपीए

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गाजियाबाद (आशा चौधरी)।** पेरेंट्स एसोसिएशन ने सोशल मीडिया के सबसे प्रभावी माध्यम एक्स के जरिए उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री से गाजियाबाद जिले मे गरीब अभिभावकों के बच्चो को शिक्षा का अधिकार दिलाने में अहम भूमिका निभाने वाली आरटीई के दाखिलों की प्रक्रिया के प्रथम चरण में ही हो रही बड़े स्तर पर धांधली के कारण रद्द करने की अपील की है' गाजियाबाद पेरेंट्स एसोसिएशन की अध्यक्ष सीमा त्यागी और आरटीई प्रभारी धर्मेंद्र यादव ने बताया कि आरटीई के दाखिलों की प्रथम चरण की प्रक्रिया 19 दिसंबर से प्रारंभ हुई जिसको लेकर पिछले लगभग 20 दिन से हमने गहनता से जांच कर पाया कि गाजियाबाद में स्कूलों की सीट मैपिंग ठीक प्रकार से नहीं की गई है क्योंकि इस वर्ष से पूर्व 550 स्कूलों में 15386 से ज्यादा सीटे थी इस बार स्कूलों की मैपिंग कर 642 स्कूलों को ओर ऐड किया गया लेकिन इनमें सीटे केवल 4278 ही बढ़ी जो स्कूलों की सीट मैपिंग पर बड़ा सवाल खड़ा करती है इसी प्रकार बिना किसी पूर्व सूचना के वार्ड परिवर्तन कर दिए गए है जिसके कारण जिले के अनेकों वार्ड स्कूल विहीन हो गए है हद तो तब हो गई जब जिले में 503 स्कूलों को बंद दिखा इन्हीं स्कूलों में आरटीई की सीटे अलॉट कर गरीब अभिभावकों के बच्चो के साथ अन्याय किया गया इतना ही नहीं पहले ही चरण में 6560 आवेदन आए लेकिन इनमें से 1460 को अधूरा बताया गया जबकि 1176 को निरस्त कर दिया गया और 888 को स्कूल चॉइस के नाम पर रद्द कर केवल 3035 बच्चो को चयनित किया गया जो पिछले वर्ष से भी कम है जो पूरी आरटीई की प्रक्रिया पर सवाल खड़ा करती हैं जीपीए के सचिव अनिल सिंह ने बताया कि हमने 2 दिन पहले सभी बिंदुओं का 6 पेज का ज्ञापन जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को दिया जिसमें हमने तमाम खामियों को लेकर बीएसए से चर्चा भी की अगर आप देखे तो इस बार प्रक्रिया के पहले चरण में स्कूलों की सीट मैपिंग से लेकर पत्र आवंटन तक बड़े स्तर पर धांधली नजर आती है इसलिए हमने प्रदेश के मुख्यमंत्री से जिले में आरटीई के प्रथम चरण की प्रक्रिया को रद्द कर पुनः कराने की अपील की है हम उम्मीद करते है कि प्रदेश के मुख्यमंत्री जी गरीब और आर्थिक रूप से कमजोर अभिभावकों के बच्चो के साथ अन्याय नहीं होने देगे सौजन्य से गाजियाबाद पेरेंट्स एसोसिएशन'।




# 25 बीघा जमीन पर काट दी अवैध कॉलोनी, GDA ने चलाया बुलडोजर, सड़क-बिजली के खंभे तोड़े

बुलन्द संदेश ब्यूरो



**गाजियाबाद (आशा चौधरी)।** विकास प्राधिकरण (जीडीए) ने गुलधर रेलवे स्टेशन के पास करीब 25 बीघा जमीन पर काटी जा रही अवैध कॉलोनी पर बुलडोजर चलाया गयी । जीडीए प्रवर्तन जोन तीन की टीम गुरुवार को गाजियाबाद विकास प्राधिकरण (जीडीए) ने गुलधर रेलवे स्टेशन के पास करीब 25 बीघा जमीन पर काटी जा रही अवैध कॉलोनी पर बुलडोजर चलाया। इसके साथ ही ग्राम रईसपुर, न्यू फ्रेंड्स कॉलोनी और मैनापुर गांव की अवैध कॉलोनियों के भूखंडों की बाउंड्रीवाल, सड़क, विद्युत पोल पूरी तरह धवस्त कर दिए।जीडीए प्रवर्तन जोन तीन की टीम गुरुवार को गुलधर रेलवे स्टेशन के पास पहुंचीं, जहां 25 बीघा जमीन पर अवैध कॉलोनी काटने के लिए डिमार्केशन किया जा रहा था। टीम ने यहां बुलडोजर चलाकर इसे पूरी तरह ध्वस्त कर दिया, ताकि अवैध कॉलोनी विकसित न की जा सके। इस दौरान विकासकताओं ने विरोध भी किया, लेकिन उन्हें पुलिस बल ने खदेड़ दिया। इसके बाद टीम ग्राम रईसपुर पहंची, जहां अवैध कॉलोनी पर ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की गई। टीम ने गांव मैनापुर में दो जगह और न्यू फ्रंड्स कॉलोनी संजयनगर पर अनधिकृत रूप से विकसित की जा रही अवैध कॉलोनियों के भूखंडों की बाउंड्रीवाल पर बुलडोजर चला दिया। साथ ही सड़क तोड़ते हुए विद्युत पोल भी ध्वस्त कर दिए।

# प्रधानमंत्री के प्रस्तावित कार्यक्रम के मद्देनजर मण्डलायुक्त मेरठ सेल्वा कुमारी जे0 ने दिये आवश्यक दिशा–निर्देश

बुलन्द संदेश ब्यूरो



**गाजियाबाद (आशा चौधरी)** । प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के गाजियाबाद में प्रस्तावित कार्यक्रम के मद्देनजर मण्डलायुक्त मेरठ सेल्वा कुमारी जे0 द्वारा निरीक्षण किया गया।

मुख्य सचिव उत्तर प्रदेश द्वारा वीडियों कान्फ्रेंस के माध्यम से कार्यक्रम को लेकर जनपद में की गयी तैयारियों के बारे में जानकारी प्राप्त की गयी, मण्डलायुक्त सेल्वा कुमारी जे0, जिलाधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह, मुख्य विकास अधिकारी अभिनव गोपाल द्वारा वीसी के माध्यम से मुख्य सचिव को कार्यक्रम की तैयारियों के बारे में विस्तार से अवगत कराया गया। मुख्य सचिव द्वारा इस मौके पर आवश्यक दिशा,निर्देश दिये गये। तदोपरांत मण्डलायुक्त महोदय द्वारा कलेक्ट्रेट में चल रहे निमार्ण कार्य का अवलोकन किया गया। इसके पश्चात मण्डलायुक्त द्वारा प्रस्तावित कार्यक्रम के स्थानों का स्थलीय निरीक्षण किया गया। इस मौके पर मण्डलायुक्त महोदय ने सुरक्षा, स्वच्छता और रूट चार्ट से सम्बंधित आवश्यक दिशा–निर्देश दिए।स्थलीय निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह, नगरायुक्त विक्रमादित्य? सिंह मलिक, सीडीओ अभिनव गोपाल, एडीएम एल/ए विवेक मिश्र, एडीएम सिटी गम्भीर सिंह सहित आरआरटीएस के अधिकारीगण व विभागीय अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# एमएलसी एवं संसदीय अध्ययन समिति के सभापति सुरेंद्र चौधरी पीएचडी की मानक उपाधि से हुए सम्मानित

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गाजियाबाद (आशा चौधरी)।** उत्तर प्रदेश विधान परिषद सदस्य व संसदीय अध्ययन समिति के सभापति सुरेंद्र चौधरी को पीएचडी की मानक उपाधि से सम्मानित किया गया है। उन्हें यह डॉक्टरेट की यह मानद उपाधि इंटीग्रेटेड ग्लोबल यूनिवर्सिटी नई दिल्ली द्वारा प्रदान की गई है।

एमएलसी सुरेंद्र चौधरी की पीएचडी की डिग्री से विभूषित किये जाने पर उनके प्रतिनिधि व भारतीय सर्व समाज महासंघ के राष्ट्रीय कोऑर्डिनेटर एवं भाजपा नेता जितेंद्र गौड़ धोबी सहित उनके सैंकड़ों समर्थकों, शुभचिंतकों, मित्रगणों व पार्टी नेताओं ने उन्हें इस उल्लेखनीय उपलब्धि के लिए बधाई दी है। गौरतलब है कि सुरेंद्र चौधरी राजनेता होने के साथ-साथ वे शिक्षा व अन्य कई तरह के सामाजिक कार्यों में दशकों से समर्पित भाव से कार्य करते रहे हैं। उन्हें इसके पहले भी अनेक सम्मान मिल चुके हैं। इंटीग्रेटेड ग्लोबल यूनिवर्सिटी ने उनके सामाजिक क्षेत्र, शैक्षणिक, राजनीति क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धियों व उनकी समर्पित भाव से समाज सेवा के चलते ही उन्हें पीएचडी की मानद उपाधि से सम्मानित करके उनके विभिन्न क्षेत्रों के किये कार्यों का भी सम्मान किया है।











# जिलाधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह की अध्यक्षता में जिला सैनिक बन्धु की बैठक

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गाजियाबाद (आशा चौधरी)।** दुर्गावती देवी सभागार, विकास भवन में जिलाधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह की अध्यक्षता में जनपद-गाजियाबाद के भूतपूर्व सैनिकों,वीर नारियों एवं उनके आश्रितों के कल्याणार्थ 'जिला सैनिक बन्धु बैठक" आहूत हुई। बैठक के दौरान सबसे पहले पूर्व में हुई बैठकों में आये 04 आवेदन-पत्रों पर चर्चा हुई। बैठक में सबसे पहले पूर्व ऑनरेरी ले० सुदेशपाल के प्रकरण में मुख्य प्रबन्धक अग्रिण बैंक को मौके पर निर्देशित किया कि प्रचलित प्रकरण आवेदक को विभागीय द्वारा की गई कार्यवाही से अवगत कराए तथा सुझाव दिया कि आवेदक असंतुष्ट अवस्था तथा राहत हेतु न्यायालय जाने को स्वतन्त्र है। तत्पश्चात कर्नल अशोक गहलोत को अपने चक मार्ग पर सडक बनवाने के लिए चल रहे प्रकरण में अवगत कराया कि जब तक विपक्षी ग्रामीण वालों के साथ जमीन का चकरोड के लिए आदान प्रदान का समझोता नहीं हो जाता तब तक प्रकरण पर कार्यवाही करना असम्भव है। तीसरे आवेदन पूर्व सार्जेंट सुखबीर सिंह के प्रचलित प्रकरण में जिलाधिकारी महोदय द्वारा मौके पर ही अवगत कराया कि इकरार नामा कोई कानूनन अधिकार नही है जिसका खन्डन या तो किया जा सकता है नही भी। परन्तु बैनामा का फैसला तहसीलदार का कर्त्तव्य है जिसको करना अनिवार्य है। अतः इस प्रकरण पर कार्यवाही नहीं की जा सकती। अगर आपने इकरार नामे पर पैसे दे रखे है और वादी देने से इन्कार कर रहा है तो आप न्यायालय का सहारा ले सकते है। राम प्रवेश सिंह ने बैठक में यह भी अवगत कराना है कि देखा गया है कि सैनिक जम्मू कश्मीर तथा असम से गन लाईसेन्स बनवा लेते है जिनका पंजीकरण अन्य स्टेट में नही हो पाता है साथ अवगत कराया कि उन्होने 7 दिसम्बर 2024 को एक पूर्व सैनिक के अनुरोध पर श्रीनगर के जिलाधिकारी से बात कर उनकी समस्या का समाधान कराया। जिलाधिकारी ने कहा कि गन लाईसेन्स एक बहुत बड़ा बोझ है जिसको संभालना बड़ा मुश्किल होता है। यह भी अवगत कराया कि जिला प्रशासन आपकी समस्या सुनने के लिए बैठा है। आपको यह समझना चाहिये कि आप सैनिक से पहले एक नागरिक भी है। प्रशासनीक कार्य व्यवस्था में सैनिको के लिए कोई विशेष प्रवाधान या अधिकारी नहीं होता अपितु आपके सैनिक जीवन के कारण सहानुभूति पूर्वक समस्याओं को सुना जाता है। अतः आपको भी प्रशासन की बात को समझना चाहिये। "जिला सैनिक बन्धु बैठक" में सहायक प्रबन्धक पंजाब नेशनल बैंक कविनगर, एल०डी०ए० जिला अग्रणी बैंक, जिला पंचायत अधिकारी सेवा योजन अधिकारी, एन०सी०सी० वरिष्ठ अधिकारी एवं जिला सैनिक बन्धु बैठक के सदस्य व जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास कार्यालय के श्री जगदीश प्रसाद, कनिष्ठ सहायक, विनोद कुमार, कनिष्ठ सहायक व कविता देवी, कनिष्ठ सहायक उपस्थित रहें। बैठक के दौरान जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास अधिकारी, गाजियाबाद कैप्टन (आई. एन.) राम प्रवेश सिंह ने बैठक में उपस्थित मुख्य विकास अधिकारी, अपर जिलाधिकारी (नगर) गाजियाबाद, सहायक पुलिस उपायुक्त, एडम कमान्डेन्ट कपिल बक्क्षी, स्टेशन हेडक्वाटर बाबुगढ छावनी हापुड एवं सभी विभागों के अधिकारी पदाधिकारियों एवं सदस्य जिला सैनिक बन्धु बैठक तथा वीरांगनाओं तथा पूर्व सैनिकों का सभा में आने का आभार व्यक्त किया। जिला सैनिक कल्याण अधिकारी ने कार्यालय द्वारा गत सैनिक बन्धु बैठक 28.09.2024 के उपरान्त किये गये मुख्य कार्यों से अवगत कराया।

**जिला प्रशासन सभी की समस्या सुनने व उसके निस्तारण के लिए है: जिलाधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह**



# जिलाधिकारी ने गंगेरूआ एवं नैथला हसनपुर में निरीक्षण करते हुए फैमिली आईडी बनाए जा रहे कार्य का जायजा लिया

बुलन्द संदेश ब्यूरो



**बुलंदशहर।** जन सेवा केंद्रों के माध्यम से तहसील द्वारा किसानों के बनवाए जा रहे फैमिली आईडी का आज जिलाधिकारी चन्द्र प्रकाश सिंह ने गंगेरूआ एवं नेथला हसनपुर में निरीक्षण करते हुए फैमिली आईडी बनाए जा रहे कार्य का जायजा लिया। बताया गया कि दिन में वेबसाइट नहीं चल पाने के कारण फैमिली आईडी बनाने में परेशानी आ रही है। निर्देशित किया गया कि गांव में एनाउंसमेंट कराते हुए प्रातःकाल में किसानों को बुलाकर आईडी बनाई जाए। रात्रि में भी कार्य कराया जाए। किसानो को स्वयं से भी फैमिली आईडी बनाने की प्रक्रिया से अवगत कराया जाए जिससे वेबसाइट के चलने पर स्वयं भी आईडी बना सके। ग्राम प्रधान, राशन डीलर, पंचायत सहायक को निर्देश दिए गए कि गांव में प्रचार प्रसार कराकर सभी किसानों की फैमिली आईडी बनावाई जाए। अपील की गई कि फैमिली आईडी नहीं होने पर प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना का भी लाभ किसानों को नहीं मिल पाएगा इसलिए सभी किसान भाई फैमिली आईडी अवश्य बनाएं।इस अवसर पर उप जिलाधिकारी सदर नवीन कुमार, तहसीलदार सदर मनोज रावत उपस्थित रहे।

# एचएलएम कॉलेज ने किया नौकरी कैंपस (नौकरी.कॉम) के साथ प्लेसमेंट के लिए समझौता

बुलन्द संदेश ब्यूरो




**गाजियाबाद (आशा चौधरी )।** एच एल एम ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस ने गर्व के साथ घोषणा की कि उसने नौकरी कैंपस (इन्फो एज इंडिया लिमिटेड) के साथ छात्रों के प्रशिक्षण और प्लेसमेंट अवसरों को बढ़ावा देने के लिए एक रणनीतिक साझेदारी हेतु समझौता ज्ञापन (MoU) पर हस्ताक्षर किए हैं। यह सहयोग एच एल एम ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस में आयोजित एक समारोह में औपचारिक रूप से किया गया, जिसमें दोनों पक्षों से विशिष्ट प्रतिभागी उपस्थित थे। समारोह में एच एल एम ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के निदेशक डॉ. अनुज अग्रवाल, संयुक्त निदेशक डॉ. शशांक द्विवेदी, सहायक निदेशक डॉ. धीरज कुमार शर्मा, शैक्षिक डीन डॉ. मोहित कुमार जिंदल, एचएलएम कॉलेज के सीआरसी सदस्य अप्रांत अग्रवाल, Naukri Campus के AVP श्री हितेश दरगन, और Naukri Campus के प्रबंधक ऋषभ शुक्ला भी उपस्थित थे। यह सहयोग एच एल एम के छात्रों को व्यापक प्रशिक्षण और प्लेसमेंट समर्थन प्रदान करने के लिए है, ताकि वे आवश्यक कौशल और उद्योग से जुड़ी जानकारी प्राप्त कर अपने करियर में उत्कृष्टता हासिल कर सकें। नौकरी कैंपस, जो कि Info Edge India Ltd. का हिस्सा है, अपनी टैलेंट मैनेजमेंट और करियर डेवलपमेंट में विशेषज्ञता के लिए प्रसिद्ध है।

# श्याम परिवार मस्त मंडल द्वारा एक प्रेस वार्ता का आयोजन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गाजियाबाद (आशा चौधरी)।** जिसमें संस्था के पदाधिकारी सौरभ जायसवाल ने बताया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी सभी श्याम प्रेमी एवं शहर वासियों को सूचना देते हुए वह बहुत ही हर्ष हो रहा है कि विगत वर्षों से होते आ रहे श्याम परिवार संकीर्तन की श्रृंखला को बढ़ाते हुए श्याम परिवार मस्त मंडल द्वारा इस वर्ष भी 17 व श्री श्याम महाकुंभ का आयोजन बड़े ही धूमधाम से 29 दिसंबर दिन रविवार को कवि नगर रामलीला मैदान में सुबह 12:30 बजे से प्रारंभ होने जा रहा है इस श्याम बाबा के महोत्सव में भजनों की अमृत वर्षा करने के लिए दूर-दूर से भजन गायक आ रहे हैं जिसमें की संजय मित्तल कोलकाता शुभम रूपम कोलकाता उमा लहरी जयपुर बंटू भैया दिल्ली नितिन मित्तल हापुड़ श्रीकांत जी कोलकाता से पधार रहे हैं सभी कलाकार अपनी वाणी से श्याम बाबा को अपने भजनों के माध्यम से रिझाएंगे संस्था के संस्थापक सुशील गुप्ता ने बताया कि बाबा श्याम का बहुत ही सुंदर सिंगार जिसमें भगवान श्री कृष्ण द्वारा समुद्र से द्वारकाधीश को निकलते हुए दशार्या जाएगा को कोलकाता के 40 कलाकारों द्वारा पिछले 15 दिनों से भवन का निर्माण किया जा रहा है बाबा श्याम का विदेशी फूलों के माध्यम से श्रृंगार किया जाएगा बाबा का सुंदर दरबार हमारे इस महाकुंभ की विशेष आकर्षण होगा संस्था के संस्थापक सदस्य शरद जैन ने बताया की सभी श्याम प्रेमी 29 दिसंबर दिन रविवार को बाबा का दर्शन करने रामलीला मैदान कवि नगर आए उन्होंने आगे यह भी बताया कि बाबा को छप्पन भोग के प्रसाद लगाया जाएगा और सभी शाम प्रेमियों के लिए भंडारा प्रसादम की व्यवस्था संस्था के द्वारा की गई है कार्यक्रम में मुख्य अतिथि प्रदेश सरकार में मंत्री नरेंद्र कुमार कश्यप पूर्व राज्यसभा सांसद अनिल अग्रवाल संजीव शर्मा समर कूल आदि नारायण गुप्ता कार्यक्रम में उपस्थित रहेंगे प्रेस वार्ता में दीप गुप्ता अजय गुप्ता मनोज गुप्ता विकास पोद्दार पुनीत गुप्ता पराग पोद्दार गौरव जैन अनुराग गोयल सचिन मित्तल विनोद सिंघल कपिल गुप्ता विजय वाधवा सचिन गोयल सर्वेश सिंघल अंकित गोयल अरविंद बिंदल आदि प्रेस वार्ता में उपस्थित रहे।




आयोजन

## सभी गुरुद्वारों में तथा प्रभात फेरी के कार्यक्रमों का आयोजन किया गया

# भाजपायों ने साहिबजादो की शहादत सप्ताह मना कर निकाली प्रभात फेरी

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गाजियाबाद (आशा चौधरी)।** हिंदुत्व और धर्म की रक्षा में अपने प्राणों का बलिदान देकर वीरता का परिचय देने वाले सब जड़ों की याद में देशभर में वीर बाल दिवस मनाया गया। भाजपा संगठन ने 21 दिसंबर से लेकर 27 दिसंबर तक शहादत सप्ताह के रूप में सब जड़ों की याद में शहर के सभी गुरुद्वारों में तथा प्रभात फेरी के कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।इस दिन सिखों के दसवें गुरु गुरु गोबिंद सिंह के साहिबजादों जोरावर सिंह और फतेह सिंह की वीरता को याद कर उन्हें श्रद्धांजलि दी जा रही है। आज तड़के गुरुद्वारा श्री गुरु नानक सभा जी ब्लॉक कवि नगर में भाजपा अध्यक्ष एवं सदर विधायक संजीव शर्मा के नेतृत्व तथा सिख समाज के वरिष्ठ भाजपा नेता पूर्व क्षेत्रीय मीडिया प्रभारी सरदार एसपी सिंह तथा कार्यक्रम के महानगर संयोजक बलप्रीत सिंह के आह्वाहन पर मंडल अध्यक्ष राहुल तोमर,मंडल कार्यक्रम संयोजक अंकित अरोड़ा, सह संयोजक पुनीत बरार की देखरेख में प्रभात फेरी एवं संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बतौर मुख्य वक्ता सरदार एसपी सिंह ने कहा सिख समाज के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देव पुरुष बनकर साहिबजादों के बलिदान की गाथा को देश के लिए जानने का अवसर दिया और सिख समाज को देश में सम्मान देने का काम किया। साथ ही साथ उत्तर प्रदेश के मुखिया योगी आदित्यनाथ ने वीर बाल दिवस के अवसर पर लखनऊ में 5 कालिदास मार्ग मुख्यमंत्री आवास पर वीर बाल दिवस मनाया और साहिबजादों की शहादत पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की याद किया। जिससे सिख समाज अपने देश और प्रदेश के नेतृत्व पर गर्व महसूस कर रहा है।

इस अवसर पर वरिष्ठ भाजपा नेता बलदेव राज शर्मा ने "वीर बाल दिवस" पर गुरु गोबिंद सिंह के अमर बलिदानी साहिबजादों की वीरता को कोटि-कोटि नमन किया। उन्होंने बताया यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने विशेष पहल करते हुए वर्ष 2022 में 26 दिसंबर को वीर बाल दिवस घोषित किया। छोटी सी उम्र में साहिबजादों का यह बलिदान देश-प्रदेश के बच्चों को राष्ट्र की संस्कृति और धर्म की रक्षा की प्रेरणा देगा." मीडिया प्रभारी प्रदीप चौधरी ने बताया वीर बाल दिवस का आयोजन गुरु गोबिंद सिंह के साहिबजादों जोरावर सिंह और फतेह सिंह की वीरता और साहस को याद करने और राष्ट्र निर्माण के प्रति अपनी जिम्मेदारी को समझने का अवसर देता हुआ संपन्न है। गुरु गोबिंद सिंह के साहिबजादों ने कभी अन्याय के सामने सिर नहीं झुकाया। अपनी संस्कृति, धर्म और देश की रक्षा के लिए जीवन त्याग दिया. छोटी सी उम्र में देश के लिए शहादत कर जो प्रेरणा साहिबजादों ने हमारे सामने रखी वो आदर्श हमेशा प्रकाश स्तंभ की तरह राह दिखाएगा। गुरुद्वारा श्री गुरु नानक सभा कविनगर के अध्यक्ष सरदार रविंद्र सिंह जॉली ने पूरी संगत को हिंदू धर्म के रक्षा के लिए दी गई शहीदी की महान गाथा के अध्ययन हेतु "गुरु तेग बहादुर हिंद की चादर " शीर्षक पुस्तक का निशुल्क वितरण कराया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में सरदार एसपी सिंह, अतिथि के रूप में वरिष्ठ भाजपा नेता बलदेव राज शर्मा, मीडिया प्रभारी प्रदीप चौधरी सहित पूर्व पार्षद हिमांशु मित्तल पार्षद मनोज त्यागी, आरडब्ल्यूए अध्यक्ष आलोक गर्ग तथा कवि नगर मंडल से सरदार परमजीत सिंह पम्मी, अशोक राव,धर्मेंद्र सिंह सोहल, जसविन्दर सिंह, हरदीप सिंह, ज्ञानी राजेन्द्र सिंह, जी एस भाटिया, जसप्रीत सिंह गम्भीर, सुधीर चौधरी,कैलाश परिहार, राघवेंद्र गौतम, कृष्ण कुमार मावी, वीरेंद्र चौधरी , गौरव अरोड़ा, सचिन मेहरा, रीता देओल, निक्की सिंह, मधु यादव, भारती अग्रवाल, किरण माथुर आदि लोग मौजूद रहे।









# टीचर्स सेल्फ केयर टीम दिवंगत शिक्षकों की कर रही है मदद: नौशाद अली

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**हापुड़।** माध्यमिक शिक्षा विभाग व बेसिक शिक्षा विभाग के मृतक शिक्षकों को सरकार या विभाग समय से समय पर मुआवजा नहीं मिलता है। जिस कारण मृतक शिक्षकों के परिजनों को आर्थिक तंगी से जूझना पड़ता है। ऐसी स्थिति में टीचर्स सेल्फ केयर टीम दिवंगत शिक्षकों की मद्द करने का कार्य बखूबी कर रही है। टीएससीटी दिवंगत शिक्षक के परिजनों की करीब 55 लाख रुपये की मद्द कर रही है। जनपद में टीएससीटी दो दिवंगत शिक्षकों की मद्द कर चुकी है,अब तीसरे परिवार की मद्द करने की तैयारी शुरू होने जा रही है।

- टीएससीटी द्वारा मृतक शिक्षक के परिजनों को दिये जाते है,करीब 55 लाख रुपये
- जनपद में दो मृतक शिक्षकों की परिजनों की हो चुकी है मद्द,तीसरे की मद्द करने की तैयारी
- हापुड़ में गत जुलाई माह में शिक्षक राजीव सैनी की हार्ट अटैक से मौत हुई थी
- टीएससीटी यूपी में करीब 236 मृतक शिक्षकों के परिवारों की चुकी है,मद्द
- टीएससीटी के यूपी में 3 लाख से अधिक व जिले में 2 हजार शिक्षक सक्रिय सदस्य
- टीएससीटी ने कुछ समय पहले 55-55 लाख से की 10 दिवंगत शिक्षकों के परिजनों की आर्थिक मद्द

टीचर्स सेल्फ केयर टीम के जिला संयोजक नौशाद अली ने बताया कि उत्तर प्रदेश के प्राथमिक शिक्षकों ने वेबसाइट बनाकर टीएससीटी स्वयं सहायता समूह बनाया गया है। जिसमें वर्तमान में प्रदेश में करीब माध्यमिक व बेसिक शिक्षा विभाग में कार्यरत तीन लाख शिक्षक टीम से जुड़ चुके है। जबकि जनपद हापुड़ में 2000 शिक्षक भी सक्रिय सदस्य है।

इस समूह से जुडने वाले मृतक शिक्षकों के आश्रितों के बैंक खातों में प्रदेश भर के शिक्षकों को 21 रुपये की धनराशि भेजकर मद्द कर रहे है। उत्तर प्रदेश में टीएससीटी द्वारा अभी तक 236 मृतक शिक्षकों के परिवारों की मद्द कर चुकी है।

उन्होंने बताया कि टीएससीटी क प्रदेश में जिला स्तर पर कार्यकारिणी का गठन किया गया है। जो अपने-अपने जनपदों में टीम से जुड़े मृतक शिक्षकों की आर्थिक स्थिति का भौतिक सत्यापन करते है। जिसके उपरांत मृतक शिक्षक के परिवार की मद्द की जाती है।

**टीएससीटी ने इन मृतक शिक्षकों के**



मृतक शिक्षक राजीव सैनी-फाइल फोटो



नौशाद अली



जयश्री



डा.सुमन अग्रवाल



प्रीति शर्मा



डा.अकील मलिक



योगेश सैनी

**परिजनों की मद्द**

| मृतक शिक्षक | जनपद | धनराशि |
|---|---|---|
| 1-अरविन्द त्यागी | हापुड़ | 50 लाख |
| 2-वरुण सक्सेना | अलीगढ़ | 55 लाख |
| 3-फारुख शमीम | देवरिया | 55 लाख |
| 4-संतोष कुमार | संत कबीर नगर | 55 लाख |
| 5-विजय कुमार मिश्रा | महराजगंज | 55 लाख |
| 6-शीशपाल | सहारनपुर | 55 लाख |
| 7-लखन सिंह | आगरा | 55 लाख |
| 8-रचना सिंह | कौशाम्बी | 55 लाख |
| 9-मनोज कुमार चौधरी | अमेठी | 55 लाख |
| 10-नरेन्द्र कुमार | कासगंज | 55 लाख |

सहित 236 दिवंगत शिक्षकों के परिवार की मद्द कर चुकी है।

**प्रत्येक टीएससीटी सदस्य करता है,मद्द**

टीम के सदस्य डा.अकील मलिक ने बताया गया कि टीचर्स सेल्फ केसर टीम का सदस्य कम से कम 21 रुपये की मद्द मृतक शिक्षक या उसकी नामिनी के खाते में भेजता है।

**टीएससीटी से जुडने की अपील की**

जनपद में टीचर्स सेल्फ केयर टीम से सबसे पहले शिक्षक डा.अकील मलिक जुड़े थे। जिसके बाद कारवां बढ़ता जा रहा है। वर्तमान में टीएससीटी के जनपद में करीब 2000 शिक्षक जुड़े हुए है। उन्होंने जनपद के माध्यमिक व बेसिक शिक्षा विभाग के स्कूलों में तैनात शिक्षकों से टीएससीटी से जुडने की अपील की है।

**मृतक शिक्षक के परिजनों की मद्द करने की तैयारी**

टीचर्स सेल्फ केयर टीम के जिला संयोजक नौशाद अली ने बताया कि जनपद के सिंभावली ब्लाक के गांव मुक्तेश्वरा में तैनात शिक्षक,टीएससीटी के सक्रिय सदस्य राजीव सैनी की गत 22 जुलाई को हार्ट अटैक से मौत हो गयी थी।

अब टीम द्वारा उनके परिवार की मद्द करने की तैयारी की जा रही है। संभावना है,आगामी फरवरी उनके परिवार की करीब 55 लाख रुपये देकर मद्द की जायेगी।

**10 दिवंगत शिक्षकों के परिजनों की मद्द की**

नौशाद अली ने बताया कि टीएससीटी द्वारा कुछ दिन पूर्व ही उत्तर प्रदेश में 10 दिवंगत शिक्षकों के परिजनों की 55-55 लाख रुपये देकर मद्द की है। टीएससीटी उत्तर प्रदेश में अब तक 236 दिवंगत शिक्षकों के परिजनों की 88 करोड़ से मद्द कर चुकी है।

**चार वर्ष पूर्व हुआ था टीएससीटी का गठन**

टीएससीटी के सक्रिय सदस्य योगेश सैनी ने बताया कि 26 जुलाई 2020 को टीएससीटी गठन हुआ था। जिसके बाद से कारवां बढ़ता ही जा रहा है।


वर्तमान में उत्तर प्रदेश में टीएससीटी 3 लाख 67 हजार सक्रिय सदस्य है। टीएससीटी द्वारा जनपद हापुड़ में भी दो दिवंगत शिक्षकों के परिजनों की मद्द कर चुकी है।

# वर्षा से बढ़ाई ठंड,बचाव को अलाव का लिया सहारा, अधिकारी गरीब व निराश्रित लोगों में बांट रहे गर्म कंबल

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**हापुड़।** शुक्रवार की सुबह से रुक-रुक हो रही वर्षा सर्दी ने सर्दी बढ़ा दी है। सर्दी से बचाव के लिए लोगों को अलाव का सहारा लेना पड़ा। दिन में सूर्य देव के दर्शन नहीं देने से ठंड ने अपना असली रूप दिखाना शुरू कर दिया। गरीब व निराश्रित लोगों को ठंड से बचाव के लिए नगर पालिका परिषद द्वारा तीन रैन बसेरे व आश्रय को संचालन किया जा रहा है। जिला प्रशासन द्वारा जिले की तीनों तहसील क्षेत्र में 15 लाख से गर्म कंबल बंटवाये जा रहे है।

- जिले की तीनों तहसील क्षेत्र में बांटे जा रहे है,15 लाख से गर्म कंबल:एडीएम
- नपा द्वारा तीन रैन बसेरे व एक आश्रय स्थल किया जा रहा है,संचालन







आपको बता दें,कि वैसे जो सर्दी दिसंबर माह शुरू के बाद से पड़ी शुरू हो गयी थी। लेकिन दिसंबर माह के अंत में सर्दी ने अपना असली रूप दिखाना शुरू कर दिया। शुक्रवार की सुबह से रुक-रुक कर हो रही वर्षा ने सर्दी बढ़ गयी। जिससे बचने के लिए लोगों ने दिन में भी अलाव का सहारा लिया। और दुकानदार भी अपनी दुकानों में अलाव के पास बैठे दिखाई दिये। शाम होते ही दुकानदार अपनी दुकानों को बंद कर घरों को चले जाने से शाम होते ही बाजारों में सन्नाटा छा गया।

नगर पालिका परिषद के कार्यवाहक ईओ,डिप्टी कलेक्टर मनोज कुमार ने बताया कि पालिका द्वारा नगर में विभिन्न स्थानों पर अलाव की व्यवस्था जलवाये जा रहे है। नगर पालिका द्वारा पुराना बस स्टैंड में स्थायी,रेलवे स्टेशन व अतरपुरा चौपला पर अस्थायी रैन बसेरे के अलावा ईदगाह रोड पर आश्रय स्थल का भी संचालन किया जा रहा है। जहां रात्रि में गरीब व निराश्रित लोग रात गुजार रहे है। अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व संदीप कुमार ने बताया कि जिला प्रशासन द्वारा जिले की तीनों तहसील क्षेत्र में गरीब व निराश्रित लोगों को ठंड से बचाव हेतु गर्म कंबलों का गर्म कंबलों का वितरण कराया जा रहा। शासन द्वारा जनपद को भेजी गयी 15 लाख की धनराशि गर्म कंबल क्रय गये है। जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों द्वारा जिले की तीनों तहसील क्षेत्र में गरीब लोगों में कंबल वितरित किये जायेंगे। अधिकारियों द्वारा रात्रि में रैन बसेरे का निरीक्षण भी किया जा रहा है।

# पिलखुवा विकास क्षेत्र में गरजा एचपीडीए का बुलडोजर

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**हापुड़।** हापुड़-पिलखुवा विकास प्राधिकरण उपाध्यक्ष के निर्देश पर गत गुरुवार को अधिकारियों ने पुलिस बल की मौजूदगी में विकास क्षेत्र पिलखुवा में बुलडोजर से 8 स्थानों पर अवैध प्लाटिंग ध्वस्त करने की कार्यवाही की।

- बुलडोजर से 8 स्थानों पर अवैध प्लाटिंग ध्वस्त कराई,मचा हड़कंप
- जनमानस से अपील,मानचित्र स्वीकृत कराकर निर्माण कार्य व प्लाटिंग करें: प्रभारी सचिव

प्राधिकरण की इस कार्यवाही से अवैध निर्माणकत्राओं व कालोनाइजरों में हड़कंप मच गया है।

हापुड़ पिलखुवा विकास प्राधिकरण के प्रभारी सचिव,सक्षम अधिकारी प्रवीण गुप्ता ने बताया कि विकास क्षेत्र के पिलखुवा हाजी एहसान व हाजी रफीक द्वारा न्यू छिद्दापुरी में 5000 वर्ग मीटर,छिद्दापुरी मुशीनगर के पीछे रमेश,मौ.सज्जाद द्वारा 4000 वर्ग मीटर,पबला रोड दिनेश नगर इन्द्रराज,रोहताश,शहजाद,विनोद कुमार द्वारा 6000 वर्ग मीटर,पबला रोड पर वासिफ अली,नदीम खान द्वारा 10000 वर्ग मीटर,जीएस मेडिकल कालेज के सामने दिनेश नगर सुनील कुमार व अन्य द्वारा 3000 वर्ग मीटर,अमित सिंह राणा व शिव कुमार द्वारा 2000 वर्ग मीटर,पबला रोड पर पवन कुमार,श्रीदेवी सिंह तोमर,हाजी हसीन द्वारा 8000 वर्ग मीटर व पिपलाबन्द रोड पिलखुवा में शिव कुमार व हाजी शकील द्वारा 4200 वर्ग मीटर में अवैध रूप से की जा रही प्लाटिंग को बुलडोजर से ध्वस्त कराया।





उन्होंने अवैध निर्माणकताओं व कालोनाइजरों से दो टूक कहा कि अवैध निर्माण व प्लाटिंग को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। अवैध निमार्णों को तत्काल रोक कर प्राधिकरण से मानचित्र स्वीकृत कराकर,ही निर्माण करे,अन्यथा कार्रवाई होगी। प्राधिकरण के अधिकारी कर्मचारी अवैध प्लाटिंग,कालोनी व निमार्णों को चिन्हित करने में जुटे है। जिसके बाद उन पर सीलिंग व ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की जायेगी। इस अवसर पर प्रभारी प्रवर्तन भवान सिंह बिष्टद्द,राकेश सिंह तोमर,जितेन्द्र नाथ दूबे,देशपाल सिंह,वीरेश राणा व प्राधिकरण का सचल दस्ता मौजूद रहा।

# गौवंश रक्षा अभियान...विहिप व बजरंग दल कार्यकर्ता गौवंश के गले में पहना रहे है,रेडियम बेल्ट

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**हापुड़।** रात्रि में गौवंशों के कारण होने वाली सड़क दुघर्टनाओं पर अंकुश लगाने के लिए गौवंश रक्षा अभियान चलाया जा रहा है। अभियान में विहिप व बजरंग दल के कार्यकर्ताओ की टीम रात्रि में गौवंशों के गले में रेडियम बेल्ट पहना रहे है।

**गत 21 दिसंबर से रेडियम बेल्ट पहनाने का कार्य किया जा रहा है**

आपको बता दें,कि रात्रि में राष्ट्रीय राजमार्ग व अन्य मार्गों पर रात्रि में सड़कों पर गौवंश आने के लिए सड़क हादसे हो रहे है। जिसे गंभीरता से लेते हुए विश्व हिंदू परिषद के नेतृत्व में बजरंग दल की टीम द्वारा गौवंश रक्षा अभियान चलाया जा रहा है। अभियान में टीम सड़क पर घूमने वाले गोवंश की सुरक्षा हेतु रात्रि में उनके गले में रेडियम बेल्ट पहना रही है। जिससे अंधेरे और कोहरे में गोवंश के द्वारा होने वाली दुर्घटना से आमजन और गोवंश दोनों की रक्षा हो सकेगी।



यह कार्य गत 21 दिसंबर से रात्रि में प्रतिदिन चलाया जा रहा है। गौवंश रक्षा अभियान में नगर अध्यक्ष शरद गर्ग, नगर मंत्री अर्चित सिंहल,ध्रुव कंसल,हर्ष प्रजापति, रेशु प्रजापति, निशांत, अक्षय, विशाल शर्मा, यश, रजत,भावेश, अभिषेक, गोविंद बंसल आदि नि.स्वार्थ भाव से सेवा कर रहे है।

# जनरल वी के सिंह का राज्यपाल बनाए जाने से निशांत शिशोदिया के नेतृत्व में धौलाना के लोगों ने दी बधाई

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**धौलाना (संजीव वशिष्ठ)** । क्षेत्रीय सांसद रहे जनरल वी के सिंह का लगाव आज भी क्षेत्र के लोगों से भीतर तक है । इसकी मिशाल तब सामने आई जब उन्हें मिजोरम का राज्यपाल नियुक्त किया गया । जिसकी जानकारी मिलते ही लोगों ने गांव गांव मिष्ठान वितरण किया । यही नहीं सड़कों पर उतरकर जश्न मनाया। वही उनके निवास पर पहुंच जनरल वी के सिंह को बधाई दी । निशांत भाई शिशोदिया ने बताया की आज भी क्षेत्र के लोग जनरल वी के सिंह को याद करते है । इसी कड़ी धौलाना के भाजपा के कद्दावर युवा नेता ब्लाक प्रमुख निशांत भाई शिशोदिया के नेतृत्व में बड़ी संख्या में लोग उनके निवास स्थान पहुंचे और बधाई दी । इस मौके पर वी के सिंह ने सभी का बेहद आत्मीयता से आभार व्यक्त किया । इस दौरान तहसील धौलाना बार अध्यक्ष विनोद शिशोदिया, अजीत तोमर, नवीन तोमर, चेयरमैन विभु बंसल, राहुल राणा, सतीश राणा, आदि सहित बड़ी संख्या में लोग रहे । उधर गांव शाहपुर फगौता से भी लोग ग्राम प्रधान अतुल राणा के नेतृत्व में उनके निवास स्थान पहुंचे । जहां सभी ने जनरल वी के सिंह को बधाई दी । इस दौरान रवींद्र चेयमैन, भूपेंद्र सिंह, अमित राणा, आदि रहे ।





**प्रतियोगिता** | बास्केटबॉल, वॉलीबॉल फुटबॉल, एथलेटिक्स, कबड्डी और खो-खो की प्रतियोगिता कराई गई

# जेएमएस वर्ल्ड स्कूल में जेएमएस खेल चेतना मेला 2024 प्रतियोगिता का समापन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**पिलखुवा (गजेन्द्र राठी)।** जेएमएस वर्ल्ड स्कूल में जेएमएस खेल चेतना मेला 2024 प्रतियोगिता का दूसरे दिन समापन कराया गया यह खेल चेतन मेला 24 और 25 दिसंबर में हुआ। जिसमें बास्केटबॉल, वॉलीबॉल फुटबॉल, एथलेटिक्स, कबड्डी और खो-खो की प्रतियोगिता कराई गई। कार्यक्रम में ज़िला अध्यक्ष युवा मोर्चा भाजपा दीपक भाटी, राष्ट्रीय खिलाड़ी सचिन भाटी, दीपक त्यागी, बेसिक शिक्षा विभाग के मण्डल महा मंत्री सतेंद्र शीशोदिया, ब्लॉक अध्यक्ष चंद्र करण सिंह, जिला व्यायाम शिक्षक मनप्रीत खेरा अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। स्पर्धा में लगभग 15 स्कूलो के लगभग 200 से ज्यादा खिलाड़ियों ने प्रतिभा किया। दीपक भाटी ने फीता काटकर खिलाड़ियों से रुबरू हुए। मुख्य अतिथि ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि खेल में खिलाड़ी के लिए खेल भावना का स्थान सर्वोपरि होता है। खेल के द्वारा खिलाड़ियों का सर्वांगीण विकास होता है। खेल से शरीर स्वस्थ होने के साथ स्वस्थ मन का विकास होता है।जेएमएस के खेल निदेशक दीपांशु ने बताया कि बास्केटबॉल बालक वर्ग में जेएमएस अकैडमी विजेता और बालेराम बृजभूषण सरस्वती शिशु मंदिर मेरठ उपविजेता रही तथा बालिका वर्ग में जेएमएस अकैडमी विजेता और बालेराम बृजभूषण सरस्वती शिशु मंदिर मेरठ उपविजेता रही। फुटबॉल बालक वर्ग में जेएमएस अकैडमी प्रथम तथा जेएमएस वर्ल्ड स्कूल द्वितीय स्थान पर रहा। ज़िला व्यायाम शिक्षक मनप्रीत खैरा द्वारा सभी बच्चों को ट्रॉफी मेडल वह प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस प्रतियोगिता को सफल बनाने में निर्णायक के रूप में अंकुर, अमित प्रताप, गीता त्यागी, आँचल, विक्रांत, शुभम, अंकुश बेगल, सोनिका, दीक्षांत, चाँदनी नेगी आदि लोगों का सहयोग रहा।









# परचून की दुकान का ताला तोड़कर नकदी सहित लाखों का सामन चोरी, पुलिस मामले की जांच में जुटी

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**धौलाना (संजीव वशिष्ठ)** । थाना धौलाना क्षेत्र की यूपीएसआईडीसी चौकी क्षेत्र के गांव शेखपुर खिचरा में बीती रात चोरों ने बीच गांव अली मार्किट स्थित इरफान पुत्र शमशाद की परचून की दुकान के शटर का ताला तोड़ नकदी सहित लाखों रुपए की परचून का सामान चोरी कर ले गए । पीड़ित ने बताया कि रोज की तरह वह दुकान को ताला लगाकर घर चला गया था । सुबह जब दुकान खोलने के लिए आया तो देखा कि दुकान के ताले टूटे पड़े है । जिससे उसे किसी अनहोनी की आशंका हुई । उसने दुकान में जाकर देखा तो चोर सब कुछ समेट ले गए थे । धौलाना थानेदार देवेन्द्र कुमार बिष्ट ने बताया कि परचून की दुकान में हुई चोरी की घटना की जानकारी मिली है । जांच कराई जा रही है । प्रयास होगा कि मामले का जल्द खुलासा हो । उधर ग्रामीणों का आरोप है कि स्थानीय पुलिस रात में गश्त नहीं करती है जिस कारण गांव में चोरी होना आम हो चला है ।



Email Id : Bulandsandesh@gmail.com

दैनिक बुलन्द संदेश

## सम्पादकीय

# संसदीय बहस मिथकों में ही उलझी रही



**अब्दुल सलाम सैफी**
**संपादक**

लोकसभा में हुई चर्चा पर सियासी तू तू-मैं मैं ही हावी रही। संविधान की तारीफ, अनेक संदर्भों में इसके अयथार्थ महिमामंडन की आम होड़ और उन कसौटियों पर दूसरे पक्ष को कमतर दिखाने की प्रवृत्ति से संसदीय बहस उबर नहीं पाई।

संविधान की 75वीं सालगिरह पर संसद में विशेष चर्चा का आयोजन तय हुआ, तो सामान्य स्थितियों में यही अपेक्षा होती कि इस संविधान के तहत 75 साल के अनुभवों पर सदस्य गंभीरता से मंथन करेंगे।

इस दौरान वर्तमान संवैधानिक व्यवस्था की उपलब्धियों और नाकामियों का ठोस आकलन किया जाएगा, ताकि भविष्य को बेहतर बनाने पर विचार-विमर्श हो सके।

लेकिन ये सामान्य दिन नहीं हैं। इसमें संविधान भी सियासी मुद्दा है। पक्ष और विपक्ष में होड़ यह बताने की है कि किसने संविधान की भावना का ज्यादा उल्लंघन किया है।

लोकसभा में हुई चर्चा पर यह सियासी होड़ ही हावी रही। संविधान की तारीफ, अनेक संदर्भों में इसके अयथार्थ महिमामंडन की आम होड़ और उन कसौटियों पर दूसरे पक्ष को कमतर दिखाने की प्रवृत्ति से संसदीय बहस उबर नहीं पाई।

चर्चा की शुरूआत करते हुए रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने ही दिशा तय कर दी, जब उन्होंने इमरजेंसी का विस्तार से उल्लेख किया और कांग्रेस पर इल्जाम लगाया कि उसने हमेशा संविधान के ऊपर सत्ता को तरजीह दी है।

इसके बाद प्रधानमंत्री के भाषण तक सारी चर्चा जवाब, आरोप और प्रत्यारोपों में उलझी रही। राहुल गांधी सहित तमाम विपक्षी नेताओं भाजपा पर तीर दागे और अपने-अपने अंदाज में उसे कठघरे में खड़ा किया। अब जो दिशा लोकसभा में तय हुई है, राज्यसभा की बहस उससे अलग मोड़ लेगी, इसकी आशा कम ही है।

साफ है, संविधान पर किसी सार्थक चर्चा की उम्मीद संसद से जोड? का कोई फिलहाल आधार नजर नहीं आता। अगर सचमुच भारतीय संविधान के अनुभवों और आज उसके सामने उपस्थित हुई चुनौतियों पर सार्थक बात करनी है, तो यह दायित्व शायद बुद्धिजीवियों और सिविल सोसायटी को ही उठाना होगा। संविधान कोई धर्म ग्रंथ नहीं होता, जिसकी आलोचनात्मक समीक्षा ना की जाए। वह आस्था का दस्तावेज नहीं है। वह वक्त के तकाजों के अनुरूप बना रहे, इसलिए आवश्यक है कि उसके हर पहलू पर हमेशा सारगर्भित चर्चा करते हुए अधिकतम आम सहमति हासिल की जाए। मगर आज ऐसी चचाएं सिविल सोसायटी में भी गायब हैं। नतीजतन संविधान को लेकर मिथकों की भरमार हो गई है। संसदीय बहस उन मिथकों में ही उलझी रही।

**जो ज्ञानी होता है**
**उसे समझाया जा सकता है**
**जो अज्ञानी होता है**
**उसे भी समझाया जा सकता है**
**परन्तु जो अभिमानी**
**होता है उसे कोई नहीं**
**समझा सकता**
**उसे वक्त ही समझाता है**

# अलविदा डॉ.मनमोहन सिंह : सादगी और आर्थिक सुधारों के लिए देश हमेशा याद रखेगा



**मुहम्मद साजिद**

देश के पूर्व प्रधानमंत्री का नाम भारतीय राजनीति और अर्थशास्त्र में सदैव अमर रहेगा। आप एक ऐसे नेता थे। जिन्होंने न केवल भारत की अर्थव्यवस्था को नई दिशा दी, बल्कि अपनी ईमानदारी, सादगी और शांत स्वभाव से सभी का दिल जीता। आपका जीवन और कार्य हमें यह सिखाते हैं कि दूरदर्शिता, दृढ़ निश्चय और सच्चाई से बड़ी से बड़ी चुनौतियों का सामना किया जा सकता है। आप आर्थिक सुधारों के शिल्पकार थे। वर्ष 1991 में जब भारत गंभीर आर्थिक संकट का सामना कर रहा था, तब आपने आर्थिक उदारीकरण की शुरूआत की। भारत को एक बंद अर्थव्यवस्था से मुक्त कर वैश्विक मंच पर स्थापित किया। आपकी नीतियां भारत को दुनिया की तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्थाओं में शामिल करने की आधारशिला बनीं। मगर, आप सादगी और विनम्रता के प्रतीक रहे। अपने कार्यकाल के दौरान आपने हमेशा अपनी सादगी और विनम्रता से लोगों का दिल जीता। विवादों से दूर रहकर नीतियों और सुधारों पर ध्यान केंद्रित किया। आपका जीवन एक प्रेरणा है कि शक्ति और पद का उपयोग केवल सेवा के लिए होना चाहिए। यह सिखाता है। देश के हर कठिन समय में आपने देश को बिगड़े आर्थिक हालातों में बचाया। यह 1991 का आर्थिक संकट हो या 2008 की वैश्विक मंदी, डॉ. मनमोहन सिंह ने हर चुनौती का सामना शांत और कुशल तरीके से किया। केवल देश को आर्थिक संकटों से बचाया, बल्कि उसे स्थिरता और प्रगति की ओर अग्रसर किया। राजनीति के क्षेत्र में ईमानदारी और पारदर्शिता के प्रतीक रहे हैं।

### लाइसेंस राज समाप्त कर उद्योग और व्यापार किया आसान

पूर्व पीएम मनमोहन सिंह ने विदेशी मुद्रा संकट को दूर करने के लिए नई नीतियों को लागू किया था। आपने उदारीकरण, निजीकरण, और वैश्वीकरण (LPG) की नीतियों को हमेशा बढ़ावा दिया।

विदेशी निवेश को प्रोत्साहित कर अर्थव्यवस्था को मजबूत करने का काम किया।सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों का निजीकरण शुरू किया। जिसके चलते निजी क्षेत्र को आर्थिक विकास में बड़ी भूमिका दी गई। भारतीय बाजारों को विदेशी निवेश और व्यापार के लिए खोला गया।आयात-निर्यात नीतियों में सुधार करने से व्यापार को सुगम बनाया।

### भारतीय जीडीपी में किया बड़ा सुधार

पूर्व पीएम की कोशिशों के बाद भारत की ऋद्ध में तेजी से वृद्धि हुई। इससे आर्थिक विकास दर 5% (पांच फीसद) से अधिक हो गई। भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्थाओं में शामिल हुआ।भारत में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (FDI) में उल्लेखनीय वृद्धि हुई। इसके साथ ही वैश्विक कंपनियों ने भारत में निवेश करना शुरू कर दिया था। आईटी और सेवा क्षेत्र को नई ऊंचाइयां मिलीं। लाखों नए रोजगार के अवसर पैदा हुए। इसके साथ ही सुधारों के कारण गरीबी रेखा से नीचे रहने वाले लोगों की संख्या में कमी आई।

### विरासत में मिली थी दूरदर्शिता और धैर्य

डॉ.मनमोहन सिंह को दूरदर्शिता और धैर्य विरासत में मिला था। आपकी नीतियां और कार्यकाल हमेशा भारत की आर्थिक प्रगति के लिए मील का पत्थर माना जाएगा। आपकी नेतृत्व क्षमता ने भारत को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाने में मदद की। आप राजनीति में कम और अपनी विशेषज्ञता और निष्पक्षता के लिए अधिक प्रसिद्ध रहे।

### यहां भी निभाई भूमिका

पूर्व पीएम ने भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर, योजना आयोग के उपाध्यक्ष, और वित्त मंत्री के रूप में भी मुख्य भूमिका निभाई। इसको हमेशा सराहा जाएगा।

# मिर्जा गालिब: शायरी और गजल के शिखर फनकार थे



**ललित गर्ग**

मिर्जा असदुल्लाह बेग खान, जो अपने तखल्लुस गालिब से जाने जाते हैं, उर्दू एवं फारसी भाषा के एक महान शायर थे। इनको उर्दू भाषा का सर्वकालिक एवं सार्वदेशिक महान शायर माना जाता है और फारसी कविता के प्रवाह को हिन्दुस्तानी जबान में लोकप्रिय बनाने वाले वे एक महान् फनकार थे। हर मोहब्बत करने वाला आशिक मिर्जा गालिब के शेर, शायरी और गजल जरूर पढ़ता है। हर कोई उनकी शायरी का कायल है। मिर्जा गालिब सर्व-धर्म-सद्भाव एवं मानवीय चेतना के चितेरे थे एवं गहन संवेदनाओं के शिखर सृजनकार थे। गालिब का व्यक्तित्व बड़ा ही आकर्षक एवं बहुआयामी था। गालिब में जिस प्रकार शारीरिक सौंदर्य था, उसी प्रकार उनकी प्रकृति में विनोदप्रियता तथा वक्रता भी थी और ये सब विशेषताएं उनकी कविता एवं शायरी में यत्र-तत्र झलकती रहती हैं। चिन्ताओं से संघर्ष में इनकी सहायक एक तो थी शराब, जिन्दगी के अंतिम समय में जुए की लत भी लग गई। उन्हें शुरू से शतरंज और चौसर खेलने की आदत थी। अक्सर मित्र-मण्डली जमा होती और खेल-तमाशों में वक्त कटता था। अपने मदिरा प्रेम



के कारण जो भाव प्रकट किए हैं, वे शेर ऐसे चुटीले तथा विनोदपूर्ण हैं कि उनका जोड़ उर्दू कविता में अन्यत्र नहीं मिलता। गालिब ने शायरी और गजल को एक नया रूप दिया। गालिब के पहले गजल को केवल प्रेम के संदर्भ में देखा जाता है लेकिन उन्होंने गजल में ही जीवन के दर्शन और रहस्यों को दशार्ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। अपनी शायरी के कारण वे न सिर्फ हिन्दुस्तान बल्कि पूरी दुनिया में मशहूर हैं। आज भी उनका नाम बड़े अदब के साथ लिया जाता है।

गालिब की प्रारम्भिक शिक्षा के बारे में स्पष्टतः कुछ कहा नहीं जा सकता। उन्होंने अधिकतर फारसी और उर्दू में पारम्परिक मानवीयता, भक्ति और सौन्दर्य रस पर रचनायें लिखी। उन्होंने फारसी और उर्दू दोनो में पारंपरिक गीत काव्य की रहस्यमय-रोमांटिक शैली में सबसे व्यापक रूप से लिखा और यह गजल के रूप में जाना जाता है। उनकी शायरियों में गहन साहित्य और क्लिष्ट भाषा का समावेश था। उन्होंने अपनी शायरी का बड़ा हिस्सा असद के नाम से लिखा है। गालिब हिंदुस्तान में उर्दू अदबी के दुनिया के सबसे रोचक किरदार थे। उनकी जड़ें तुर्क से थीं। वे फारसी कविता को भारतीय भाषा में लोकप्रिय करने में माहिर थे, उन्हें पत्र लिखने का बहुत शौक था। इसीलिए उन्हें पत्र-पुरोधा भी कहा जाता था। आज भी उनके पत्रों को उर्दू साहित्य में एक अहम विरासत माना जाता है। मिर्जा गालिब ने 11 वर्ष की छोटी उम्र में ही अपनी पहली कविता लिखी थी। मिर्जा गालिब की मातृभाषा उर्दू थी लेकिन तुर्की और फारसी भाषाओं पर भी उनकी अच्छी पकड़ थी। उन्होंने अरबी, फारसी, दर्शन और तर्कशक्ति का भी अध्ययन किया था।

## संवेदनाओं को जिंदा रखिए,

अपनी संवेदनाओं को जिंदा रखिए, '
मन की भावनाओं को जिंदा रखिए।

संबंधों की गुप्त ऊष्मा बनाये रखिए,
अहसासों के दर्द को जिंदा रखिए,

चुप्पी दफ़्न करती कोमल रिश्तों को,
लफ्ज़ों की दरियादिली को जिंदा रखिए।

घरों में बटवारे की खिची हैं तलवारे,
दिल की मोहब्बतों को जिंदा रखिये,

लालच ने लगाई सगे रिश्तों में सेंध,
बचपन की शरारतों को जिंदा
रखिए,

दुष्कर हो जब का सफर जिंदगी का
साथ मां की दुआओं को जिंदा रखिए.

गुरुर की क्या जरूरत है जिंदगी में ,
दिलों में मासूमियत को जिंदा रखिए।



**संजीव ठाकुर**

**अखबार में अपना लेख कहानी, कविता या किसी विभाग के खिलाफ शिकायत या सुझाव देने के इच्छुक हो तो बेझिझक होकर हमारे पास भेजे हैं जिसे प्रकाशन योग्य होने पर अवश्य प्रकाशित करेंगे। हमें इस ईमेल पर भेज सकते हैं। भेजते समय विषय अवश्य लिखें।**
**bulandsandesh@ gmail.Com**

**वैधानिक सूचना**

**पाठकों को सलाह दी जाती है कि बुलन्द संदेश दैनिक समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच पड़ताल कर लें, समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अतः समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।**

# सादा जीवन, उच्च विचार के प्रतीक थे मनमोहन सिंह



**राधा रमण**

मृत्यु किसी की अच्छी नहीं मानी जाती। लेकिन मृत्यु तय है। तभी तो कहा जाता है कि रामनाम सत्य है, सत्य है तो मुक्ति है। पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह नहीं रहे। गुरूवार को देर रात दिल्ली के अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) में उनका निधन हो गया। वे 92 साल 3 महीना के थे। बिटिश भारत के पंजाब (अब पाकिस्तान) प्रांत के गाह गाँव में 26 सितंबर 1932 को उनका जन्म हुआ था। मनमोहन सिंह भले ही अपने नश्वर शरीर को छोडकर चले गए लेकिन प्रधानमंत्री के रूप में उनके किये गए कामों की वजह से वह हमेशा आमजनों की स्मृति में जीवित रहेंगे। मनमोहन सिंह के निधन के बाद राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे, विपक्ष के नेता राहुल गाँधी समेत कई लोगों ने उनके सरकारी घर पर जाकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। देश में सात दिनों तक राष्ट्रीय शोक रहेगा। प्रधानमंत्री ने अपने शोक संदेश में कहा कि ह्यमनमोहन सिंह का जीवन देशवासियों के लिए प्रेरणास्त्रोत रहा। एक अर्थशास्त्री के रूप में उन्होंने अलग-अलग स्तर पर भारत सरकार में सेवाएँ दी। पूर्व प्रधानमंत्री नरसिम्हा राव सरकार में वित्तमंत्री रहे और देश में आर्थिक उदारीकरण की नींव रखी। उन्होंने वित्तीय संकट से घिरे देश को नई अर्थव्यवस्था के मार्ग पर प्रशस्त किया। जनता के प्रति, देश के विकास के प्रति उनका जो समर्पण था उसे हमेशा बहुत सम्मान से देखा जाएगा। डॉ. मनमोहन सिंह का जीवन ईमानदारी और सादगी का प्रतीक था। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघ चालक मोहन भागवत ने कहा कि वे सामान्य परिवार से थे और देश के सर्वोच्च पद पर पहुँचे। वे विख्यात अर्थशास्त्री थे। उनके योगदान को देश हमेशा याद रखेगा। पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने कहा कि वे भारतीय अर्थव्यवस्था के आधुनिक निमार्ता थे। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे ने कहा कि ह्यइतिहास निःसंदेह आपकी विनम्रता को याद रखेगा। देश ने विजनरी स्टेट्समैन और दिग्गज अर्थशास्त्री खो दिया। मनमोहन सिंह ने करोड़ों भारतीयों की जिंदगी बदली और मीडिल क्लास का निर्माण किया। उन्होंने कुछ बोलने की बजाय खामोशी से काम करने को तरजीह दी। विपक्ष के नेता राहुल गाँधी ने कहा कि ह्यमैंने अपना गुरु और मार्गदर्शक खो दिया है। इन नेताओं की संवेदना अकारण नहीं है। मनमोहन सिंह का व्यक्तित्व वाकई बहुगुणी था। ऐसा नहीं था कि मनमोहन सिंह को जीवन में सबकुछ सजा-सजाया या विरासत में मिला था। अपनी ईमानदारी, कर्मठता और दूरदर्शी सोच के कारण उन्होंने जीवन में वह सबकुछ हासिल किया जो किसी सपने से कम नहीं है। मनमोहन सिंह अकसर मौन रहना पसंद करते थे लेकिन उनके काम मुखरता से उनकी मौजूदगी का अहसास कराते रहते हैं। वह इकलौते ऐसे प्रधानमंत्री थे जिनका नाम बतौर रिजर्व बैंक के गवर्नर (पहले इस पद पर थे) भारतीय करेंसी (नोटों) पर छपता था। वह देश के पहले सिक्ख थे जो प्रधानमंत्री के पद पर पहुँचे। 1991 में बतौर वित्तमंत्री मनमोहन सिंह जब देश में उदारीकरण की नींव रख रहे थे तब तत्कालीन प्रधानमंत्री नरसिम्हा राव ने उन्हें आगाह करते हुए कहा था कि अगर आप इसमें सफल हो गए तो इसका श्रेय हम दोनों को मिलेगा। लेकिन अगर असफल रहे तो सारा दोष आपका माना जाएगा। तब मनमोहन सिंह ने नरसिम्हा राव को भले ही जवाब नहीं दिया लेकिन इतिहास साक्षी है कि वह कितने सही थे। इसी तरह 2008 में बतौर प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह ने जब अमेरिका के साथ न्यूक्लियर डील किया तब वामपंथी पार्टियों ने उनकी सरकार से समर्थन यह कहकर वापस ले लिया कि इससे देश की स्वतंत्र विदेश नीति पर असर पड़ेगा। उस समय वामपंथी दलों के 60 सांसद थे। दूसरा कोई प्रधानमंत्री होता तो पीछे हट गया होता। लेकिन मनमोहन फिर नहीं माने और डील तय करके ही दम लिया। भले ही इसके लिए उन्हें दोबारा सदन में बहुमत साबित करना पड़ा। कहने का तात्पर्य यह कि उनके लिए देशहित पहले था। कुर्सी का मोह नहीं। इसी तरह रोजगार गारंटी योजना, सबके लिए शिक्षा, सूचना का अधिकार कानून आदि मनमोहन सिंह के अनेक ऐसे काम हैं जो उन्होंने अपनी पार्टी कांग्रेस और समर्थक दलों के विरोध के बावजूद देशहित में लागू किया। विनम्र इतने कि उन्होंने खुले दिल से 1984 में तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गाँधी की हत्या के बाद हुए सिक्ख दंगों के लिए देश से माफी माँग ली और कहा कि जो हुआ, गलत हुआ, माफ कीजिए। संसद में तब के विपक्ष के तीखे सवालों का जवाब देने खड़े हुए तो बिना लागलपेट के साफ-साफ कह दिया कि ह्यहजारों सवालों के जवाब से अच्छी है खामोशी मेरी ... मनमोहन सिंह से जुड़े दो मामलों का जिक्र करना जरूरी लगता है। भारतीय पुलिस सेवा के वरिष्ठ अधिकारी रहे उत्तरप्रदेश के समाज कल्याण, अनुसूचित जाति-जनजाति विभाग के राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) असीम अरुण लिखते हैं कि ह्य जब मनमोहन सिंह प्रधानमंत्री बने तो उनके पास एक मारुति 800 कार थी। उसे वह अपलक निहारते रहते थे। असीम अरुण तब प्रधानमंत्री के सुरक्षा अधिकारी हुआ करते थे। वह असीम अरुण से अकसर कहा करते थे कि मेरे पास पहले से एक कार है तो फिर इतनी महँगी कार की क्या जरूरत है? हमारा देश गरीब है और मुझे यह तामझाम कतई अच्छा नहीं लगता।ह्य लेकिन सुरक्षा का हवाला देकर अधिकारी उनकी बात टाल दिया करते थे। दूसरी बात मनमोहन सिंह के चिकित्सक रहे डॉ रमाकांत पांडा ने बताई। एक बार दिल्ली के अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान में डॉ मनमोहन सिंह का ऑपरेशन हुआ था। तब वह प्रधानमंत्री थे। डॉ पांडा के मुताबिक ऑपरेशन करीब 10 घंटे चला था। जब वह होश में आए तो डॉक्टर उनका हालचाल लेने गए। डॉक्टरों के कुछ पूछने से पहले मनमोहन सिंह ने उनसे सवाल किया कि मेरा देश कैसा है? मेरा कश्मीर कैसा है? डॉ पांडा बताते हैं कि वैसी हालत में जब मरीज अपने स्वास्थ्य के बारे में बात करता है, मनमोहन सिंह को देश की चिन्ता थी। वह एक बात और कहा करते थे कि ह्यआशा करता हूँ कि इतिहास मेरे बारे में विनम्र रहेगा।ह्य कहने की जरूरत नहीं कि इतिहास न सिर्फ मनमोहन सिंह के प्रति विनम्र है बल्कि देश उनके किये कामों के लिए नतमस्तक है। अब भले ही मनमोहन सिंह का पार्थिव शरीर हमारे बीच नहीं है, उनकी बातें और उनके द्वारा किये गए देशहित के काम आनेवाली पीढी का मार्गदर्शन करती रहेगी। हे सत्पुरुष! आपको इस देश के करोड़ों लोगों का शत-शत प्रणाम!

# परिवार से विरासत में मिले साहित्य प्रेम और माहौल से बनी लेखिका प्रियंका 'सौरभ'

**(आधी दुनिया)**
**महामारी के खाली समय में लिखने की आदत डाली, अब बाजार में आया निबंध संग्रह 'समय की रेत पर'**

कहते है न कि बच्चों को जैसा माहौल घर में मिलता है, उनके भविष्य में उसकी छाप जरूर दिखती है। अगर परिवार में गायन का माहौल है तो बच्चें में गायन के गुण स्वतः आ जाते हैं। ऐसे ही अन्य कलाओं के बारें में भी है। साहित्यिक माहौल वाले परिवार में पली-बढ़ी हरियाणा के हिसार की प्रियंका 'सौरभ' आज नामी संपादकीय लेखिका, शिक्षिका, साहित्यकार और सामाजिक कार्यकर्त्ता है। वे कहती है-"मेरे मायके में मेरे दादा जी और पिता जी को किताबें पसंद थी और अब ससुराल में आने के बाद मेरे पति ने साहित्यिक माहौल दिया है।" इनके पति डॉ सत्यवान 'सौरभ' एक चर्चित कवि और लेखक है तो आये रोज घर में साहित्यिक चर्चाएँ और गतिविधियाँ चलती रहती है। बचपन में डायरी लिखने का अंकुर मन में पड़ चुका था। स्कूल और कॉलेज के दिनों में डायरी में कुछ न कुछ लिखने की आदत रही। राजनीति विज्ञान में मास्टर्स और एमफिल के दौरान समसामयिक विषयों की समझ बढ़ी तो समसामयिक लेख लिखने की आदत बनी। आज ये हिंदी और अंग्रेजी के 10,000 से अधिक समाचार पत्रों के लिए दैनिक संपादकीय लिख रही हैं जो विभिन्न भाषाओं में प्रकाशित होते हैं। कोरोना काल के दौरान ऑनलाइन गोष्ठियाँ शुरू हुई तो काव्य में रूचि के चलते कवितायें लिखने की शुरूआत हुई। इसी दौरान पहला काव्य संग्रह 'दीमक लगे गुलाब' नाम से छपा और काफी चर्चित हुआ। महिलाओं से जुड़े मुद्दों पर लिखते




रहने से दूसरी पुस्तक 'निर्भयाएं' निबंध संग्रह के रूप में आया और तीसरी पुस्तक अंग्रेजी में 'फीयरलेस' बनकर आई। हाल ही में चौथी पुस्तक 'समय की रेत पर' अहमदाबाद से प्रकाशित हुई है और साथ ही 'दीमक लगे गुलाब' काव्य संग्रह का दूसरा संस्करण बाजार में आया है।

### कई क्षेत्रों में कार्य, सम्मान भी मिलें

प्रियंका सौरभ कई क्षेत्रों में कार्य कर रही है। लेखिका होने के अलावा शिक्षिका और सामाजिक कार्यकर्त्ता भी है। महिला सशक्तिकरण, हिन्दी भाषा, भारतीय सभ्यता और विरासत, धर्म, संस्कृति और बच्चों और महिलाओं के लिए साहित्यिक और शैक्षिणिक गतिविधियाँ, सामाजिक सरोकारों को लेकर कार्य करती है। देश-विदेश के कई प्रतिष्ठित मंचों पर साहित्यिक, सामाजिक,सांस्कृतिक, महिलाओं और बच्चों से जुड़े हुए कार्यक्रमों का सफल सञ्चालन किया है। खुद का एक शैक्षिणिक यू ट्यूब चैनल चलाकर फ्री कोचिंग भी देती है। साहित्यिक, शैक्षिणिक और सामाजिक गतिविधियों के लिए कई सम्मान भी मिल चुके। इनमें आईपीएस मनुमुक्त 'मानव' पुरस्कार, नारी रत्न पुरस्कार, हरियाणा की शक्तिशाली महिला पुरस्कार (दैनिक भास्कर समूह) ज़िला प्रशासन भिवानी द्वारा पुरस्कृत, यूके, फिलीपींस और बांग्लादेश से डॉक्टरेट की मानद उपाधि, विश्व हिन्दी साहित्य रत्न पुरस्कार, सुपर वुमन अवार्ड, ग्लोबल सुपर वुमन अवार्ड, महिला रत्न सम्मान, विद्यावाचस्पति मानद पीएच.डी. (साहित्य) स्वतन्त्र पत्रकारिता और साहित्य में उत्कृष्ट लेखन के लिए महात्मा गांधी अवॉर्ड प्रमुख है।

आत्म कथ्यः -जीवन में सफल होना है तो हमेशा बेहतरी के लिए प्रयास करते रहें। जो भी काम करें किसी खास उद्देश्य के लिए समाज के हित में हो। जो भी करें यह सोचे कि इस से और बेहतर क्या कर सकते है। हमेशा अपना बेस्ट दें।

## शनिवार का राशिफल

**मेष** – सर्दी से बुखार हो सकता है, केस फाइनल ना होने से टेंशन रहेगी खर्चा भी होगा,संतान के लिए आईवीएफ तकनीक का विचार बनेगा। भाग्य प्रतिशत-50

**वृषभ** – महिला है तो मेडिकल चेकअप में कमियां आएगी जो चाहती है उसके लिए ध्यान दे, बैंकिंग ट्रांजेक्शन में सावधानी रखें, केट, सीए की तैयारी में पिछड़ सकती है। भाग्य प्रतिशत-50

**मिथुन** – खर्चे बढ़ेंगे, काम मिलेगा बाहर जाना होगा, पैसा आधा मिल सकता है, फ्लेट लेने की योजना बनेगी, अपना व्यवहार ठीक रखें। भाग्य प्रतिशत-57

**कर्क** – सरकारी नौकरी में है तो तरक्की का योग है, व्यवसाय की प्लानिंग साकार होगी, कानून, शिक्षा, कंसल्टेशन जैसे कार्य लाभ देंगे। भाग्य प्रतिशत-62

**सिंह** – अधिक सोर्स से पैसा बंद हो सकता है आएगा, लाईब्रेरी, कोचिंग, कम्प्यूटर, वेबसाइट निर्माण, शटरिंग व्यवसाय के क्षेत्र में उन्नति होगी, कोई किश्त हो तो समय पर चुका दे। भाग्य प्रतिशत-72

**कन्या** – जिनसे पैसा लेना है देने में विलंब करेंगे,अपने लक्ष्य को हासिल करना चाहेंगे, अचानक कुछ घबराहट चिड़चिड़ापन अनुभव हो सकता है, राजनीति में करियर बनेगा। भाग्य प्रतिशत-59

**तुला** – कम्पनी में प्रोमोशन किसी के कारण रुक सकता है,किसी परीक्षा की तैयारी अच्छे से नहीं कर पा रहे है, पत्नी का करियर अवश्य बढ़ेगा। भाग्य प्रतिशत-53

**वृश्चिक** – बड़े निवेश से जुड़े फैसले अभी ना करें, पत्नी के परिवार से कुछ लाभ मिलेगा, सरकारी परीक्षा की तैयारी अच्छे से होगी, गर्म मिजाज से दूसरों को टेंशन होगी। भाग्य प्रतिशत-74

**धनु** – ाम प्रतिष्ठा और धन बढ़ेगा, फाइनेंस, एडवर्टाइजिंग, सेक्टर में जॉब ढूँढ सकते है, छोटे कारोबार को शुरू करने में मदद मिलेगी,टूर की प्लानिंग करेंगे। भाग्य प्रतिशत-81

**मकर** – प्रेम संबंधों की शुरूआत हो सकती है, नई गृहस्थी को समझने में समय देंगे, घर से कोई कार्य करते है तो आर्थिक लाभ होगा, एलर्जी का ईलाज अच्छे से करें। भाग्य प्रतिशत-77

**कुंभ** – छोटी यात्रा कर सकते है, पैसे को कैसे बढ़ाना है सफल प्लानिंग करेंगे, गृहस्थी सुख बढ़ेगा, घमंड रखने वाले लोगों से दूर रहे, कम्युनिकेशन बढ़ाने से पहचान बढ़ेगी।

**मीन** – परिवार को अच्छे से सम्भालेगे, टेक्निकल कार्य में कुछ समस्या आयेगी, विदेश यात्रा की प्लानिंग कर सकते है, नवविवाहित को खर्चे के केस से दो चार होना पड़ सकता है। भाग्य प्रतिशत-72



**अशनिका शर्मा ज्योतिष।**
**हस्तरेखा। अंकशास्त्र। वास्तु विशेषज्ञ। मो:9568962423**

# पुस्तक बिजनेस लॉ का हुआ विमोचन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**अलीगढ़।** मं विवि के प्रो. सौरभ कुमार की नई




पुस्तक बिजनेस लॉ का विमोचन हुआ। यह पुस्तक व्यापारिक कानून के क्षेत्र में अध्ययन करने वाले विद्यार्थियों और व्यवसायियों के ज्ञानवर्धन के लिए महत्वपूर्ण साबित होगी। एएमयू के प्रो. एम मासूम रजा, एमयू कुलसचिव ब्रिगेडियर समरवीर सिंह, डीन एकेडमिक प्रो. राजीव शर्मा, प्रो. अनुराग शाक्य ने किताब का विमोचन किया। उपस्थित लोगों ने किताब की सराहना करते हुए कहा कि यह न केवल शैक्षणिक दृष्टिकोण से बल्कि व्यावसायिक प्रबंधन के लिए भी अत्यंत उपयोगी सिद्ध होगी।लेखक प्रो. सौरभ कुमार ने पुस्तक के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि उन्होंने गहन शोध के बाद इस पुस्तक को लिखा है। पुस्तक में व्यावसायिक कानून के महत्वपूर्ण पहलुओं से अवगत कराना और उन्हें सही निर्णय लेने में सक्षम बनाना है। अनुसंधान के क्षेत्र में भी यह पुस्तक सहायक सिद्ध होगी। पुस्तक के प्रकाशन पर कुलपति प्रो. पीके दशोरा, परीक्षा नियंत्रक प्रो. दिनेश शर्मा आदि ने शुभकामनाएं प्रेषित की।

# भारतीय दार्शनिक कांग्रेस में एएमयू के शोध छात्रों का जलवा

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**अलीगढ़।** अमुवि के दर्शनशास्त्र विभाग के आठ शोध छात्रों ने अन्नामलाई विवि चिदंबरम, तमिलनाडु में आयोजित भारतीय दार्शनिक कांग्रेस (आईपीसी) के संयुक्त 98वें-99वें सत्र में भाग लिया। जिनमें प्रसिद्ध विद्वान, कनाडाई दार्शनिक विलियम स्वीट जैसे अंतर्राष्ट्रीय प्रतिभागी और दुनिया भर से छात्र शामिल हुए। आलिया ने एड्रेसिंग फेमिनिस्ट क्रिटिक्सः इन डिफेंस ऑफ रोर्टीज विजन ऑफ सोशल प्रोग्रेस पर पेपर प्रस्तुत किया। आशी सऊद ने द्यद विल एंड रीबथः एथिकल पैरेलल्स इन शोपेनहाउरियन एंड बुद्धिस्ट थॉट पर अपना काम प्रस्तुत किया। रूबीना सुल्ताना ने वेदांत आध्यात्मिकता में भावनाओं की परिवर्तनकारी भूमिका और आध्यात्मिक




विकास के लिए ज्ञान और भक्ति के एकीकरण पर, मुजामिल अली लोन ने हसन स्पाइकर की क्रिटिक ऑफ इमैनुएल कांटः एन अप्रेजल साजिद रजा ने बी.आर. अम्बेडकर की राजनीतिक दृष्टि भारत में सामाजिक न्याय और समानता के मार्ग, भारतीय संविधान में अम्बेडकर के योगदान और जाति और मानवाधिकारों पर उनके स्थायी विचार, मोहम्मद ताबिश की प्रस्तुति, अंबेडकर का समावेशी समतामूलक समाज का दृष्टिकोण एक दार्शनिक मूल्यांकन, मीर सरोश ने नैतिक देखभाल प्रथाओं में सहानुभूति की भूमिका की सूक्ष्म समझ की वकालत शादाब अली खान ने इंटरप्ले ऑफ इंटेलेक्ट एंड लव इन द फिलॉसफी ऑफ अल्लामा इकबाल पर पेपर प्रस्तुत किये।

# अलीगढ़ शहर की बेटी अरीबा खान ने एक बार फिर राष्ट्रीय चैंपियनशिप में रजत पदक प्राप्त कर जिला और प्रदेश का किया नाम रोशन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**वहीं 63 वें राष्ट्रीय चैंपियनशिप जो नई दिल्ली में 2019 में आयोजित हुई थी उसमें पहली बार मिक्स टीम की स्पर्धा शुरू हुई थी जिसमें यूपी की टीम से आरीबा खान और मेराज खान ने पहली बार प्रतिभाग किया था और स्वर्ण पदक जीता था,उसके बाद से लगातार 64 वीं 65 वीं 66 वीं राष्ट्रीय चैंपियनशिप में पदक प्राप्त किए हैं**

**अलीगढ़।** अरीबा खान एक अंतरराष्ट्रीय पदक विजेता हैं जिन्होंने अब तक 22 अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में अपने देश का प्रतिनिधित्व किया है और अब तक आधा दर्जन से भी ज्यादा अंतरराष्ट्रीय पदक जीते हैं और 11 दिसंबर 2024 से 19 जनवरी 2025 तक होने वाली 67वीं राष्ट्रीय चैंपियनशिप में एक बार फिर रजत पदक जीत कर अब तक का आठवां राष्ट्रीय पदक जीता है इसके अतिरिक्त अन्य लगभग एक दर्जन पदक ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी व जोनल चैंपियनशिप आदि में जीते हैं। वहीं 63 वें राष्ट्रीय चैंपियनशिप जो नई दिल्ली में 2019 में आयोजित हुई थी उसमें पहली बार मिक्स टीम की स्पर्धा शुरू हुई थी जिसमें यूपी की टीम से आरीबा खान और मेराज खान ने पहली बार प्रतिभाग किया था और स्वर्ण पदक जीता था,उसके बाद से लगातार 64 वीं 65 वीं 66 वीं राष्ट्रीय चैंपियनशिप में पदक प्राप्त किए हैं।इसके अलावा 67वीं राष्ट्रीय चैंपियनशिप जो अभी चल रही है इसमें यूपी की टीम से अरीबा खान और मेराज खान ने रजत पदक प्राप्त कर अपना रिकॉर्ड बनाया है।खास बात ये बच्चों की इस सफलता पर बहुजन समाज पार्टी के पूर्व लोकसभा प्रत्याशी हितेंद्र उपाध्याय बंटी ने उन्हें बधाई और शुभकामनाएं देते हुए आशीर्वाद प्रदान किया और बच्चों के उज्जवल भविष्य की मंगल कामना भी की।

# सिविल इंजीरियरिंग विभाग में वायु एवं अपशिष्ट प्रबंधन में सतत विकास पर दो दिवसीय सम्मेलन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**प्रोफेसर आर कासिम, प्रोफेसर एमेरिटस, सिविल इंजीनियरिंग विभाग, टेक्सास विश्वविद्यालय, आर्लिंगटन, अमेरिका द्वारा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से कार्यक्रम को सेबोधित किया**

**अलीगढ़।** जाकिर हुसैन कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी, अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी (एएमयू) के सिविल इंजीनियरिंग विभाग ने यूनिवर्सिटी टेक्नोलोजी दारुस्सलाम ब्रूनई के इंजीनियरिंग संकाय के सहयोग से वायु और अपशिष्ट प्रबंधन में सतत विकास पर दो दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन किया।भारत और विदेशों के प्रख्यात वक्ताओं ने सम्मेलन के विभिन्न विषयों पर व्याख्यान दिया, जबकि छह तकनीकी सत्र (मौखिक) और चार पोस्टर सत्रों में 150 शोध पत्र प्रस्तुत किए गए।

उद्घाटन समारोह के दौरान, सम्मेलन के आयोजन सचिव और विभाग के अध्यक्ष प्रोफेसर इजहारुल हक फारूकी ने प्रतिनिधियों का स्वागत किया और विभाग की उपलब्धियों पर प्रकाश डाला।

इंजीनियरिंग और प्रौद्योगिकी संकाय के डीन प्रो. निसार अहमद ने ऐसे कार्यक्रमों के आयोजन के महत्व के बारे में बात की।जाकिर हुसैन कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी के प्रिंसिपल प्रोफेसर मोहम्मद मुजम्मिल ने वर्तमान पर्यावरणीय परिदृश्य में सतत विकास के महत्व पर प्रकाश डाला। सम्मेलन के विषय का परिचय देते हुए, प्रोफेसर मोहम्मद हसनैन ईसा, सहायक कुलपति (अनुसंधान) यूनिवर्सिटी टेक्नोलोजी ब्रुनेई ने कहा कि दोनों विश्वविद्यालयों के बीच समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर करने के बाद यह पहला सम्मेलन है। सम्मानित अतिथि, प्रो. एस. मोहन, कुलपति, पुडुचेरी तकनीकी विश्वविद्यालय, पुडुचेरी ने सिविल इंजीनियरिंग विभाग की अनुसंधान गतिविधियों पर प्रकाश डाला और आयोजकों के प्रयासों की सराहना की।एक अन्य सम्मानित अतिथि प्रोफेसर अनवर हाशम, मिशिगन स्टेट यूनिवर्सिटी, यूएसए ने दूषित पानी के सेवन के माध्यम से रोगाणुरोधी प्रतिरोध के प्रसार के उभरते मुद्दे के महत्व पर प्रकाश डाला। प्रोफेसर आर कासिम, प्रोफेसर एमेरिटस, सिविल इंजीनियरिंग विभाग, टेक्सास विश्वविद्यालय, आर्लिंगटन, अमेरिका द्वारा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से कार्यक्रम को सेबोधित किया। सहायक प्रोफेसर डॉ. फर्रुख बशीर ने धन्यवाद प्रस्ताव दिया।प्रोफेसर अनवर हश्शम, एमएसयू, यूएसए, प्रोफेसर एस मोहन, कुलपति, पुडुचेरी विश्वविद्यालय, प्रोफेसर एम. हसनैन ईसा, यूनिवर्सिटी टेक्नोलोजी ब्रुनेई, प्रोफेसर मोहम्मद जावेद, आईआईटी गुवाहाटी, प्रोफेसर सहित भारत और विदेश से कई प्रतिष्ठित वक्ता शामिल हैं। मुकेश शर्मा, आईआईटी, कानपुर, प्रो. एम. अबसार काजमी, आईआईटी रूड़की, डॉ. जया रावत, महाप्रबंधक, बीपीसीएल, नोएडा, डॉ. अनाद मधुकर, टीईआरआई दिल्ली और प्रो. अनवर खुर्शीद, किंग सऊद विश्वविद्यालय, केएसए ने सम्मेलन के विभिन्न विषयों पर बातचीत की। दो दिवसीय कार्यक्रम में लगभग 200 प्रतिनिधियों ने भाग लिया।

# एएमयू में गणित विभाग में राष्ट्रीय गणित दिवस मनाया गया

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**अलीगढ़।** अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय के गणित विभाग द्वारा राष्ट्रीय गणित दिवस के अवसर पर एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें विभिन्न श्रेणियों में प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता, प्रकृति में गणितीय पैटर्न विषय पर पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता और खुली समस्याएं विषय पर पावरपॉइंट प्रस्तुति आयोजित की गई।

राष्ट्रीय गणित भारतीय गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजन की विरासत का जश्न मनाने के लिए, जिन्होंने बिना किसी औपचारिक प्रशिक्षण के गणित में विशेष रूप से संख्या सिद्धांत और अनंत श्रृंखला में कई महत्वपूर्ण योगदान दिए।विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को प्रमाण पत्र वितरित किये गये।

प्रोफेसर अंबर हबीब और प्रोफेसर हरिश्चंद्र ने प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए गणित के महत्व और रामानुजन के योगदान पर प्रकाश डाला।विज्ञान संकाय के डीन प्रोफेसर सरताज तबस्सुम ने शोध प्रकाशन की गुणवत्ता और उसके प्रभाव के महत्व पर जोर दिया। विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार मोहम्मद इमरान आईपीएस ने पैटर्न में गणित की सुंदरता, आत्म-समानता और वास्तविक जीवन की समस्याओं को हल करने में गणित के महत्व पर प्रकाश डाला।

विभाग के अध्यक्ष प्रोफेसर शाहिद अली ने 1931-32 में प्रोफेसर आंद्रे वेइल के दिनों से विभाग में गणित की विरासत के बारे में बात की।संगोष्ठी के संयोजक प्रोफेसर एम. कलीमुद्दीन अहमद ने विभिन्न कार्यक्रमों की व्यवस्था के लिए सहकर्मियों की टीम वर्क की सराहना की। उन्होंने उदाहरण देकर रामानुजन की बौद्धिक प्रखरता का वर्णन किया।

प्रोफेसर असलम सिद्दीकी ने धन्यवाद ज्ञापन किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. मुसव्विर अली ने किया।विभिन्न प्रतियोगिताओं में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।एएमयू स्कूलों और यूनिवर्सिटी पॉलिटेक्निक के छात्रों के लिए प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में, प्रथम पुरस्कार जैनब फातिमा (2 गर्ल्स स्कूल) और विवेक कुमार (आरएमपीएस सिटी स्कूल) द्वारा साझा किया गया। दूसरा पुरस्कार संयुक्त रूप से उपेन्द्र सिंह (यूनिवर्सिटी पॉलिटेक्निक) और आदित्य कुमार सक्सेना (आरएमपीएस सिटी स्कूल) को मिला, जबकि मरियम माजिद (गर्ल्स हाई स्कूल) ने तीसरा स्थान हासिल किया। विज्ञान एवं अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी संकाय के यूजी विद्यार्थियों के लिए प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में अब्दुल कादिर, बी.एससी. (ऑनर्स) गणित, प्रियंका वार्ष्णेय, बी.एससी. (ब्वउच. ।चचस.), और रितिक शर्मा बी.एससी. (ऑनर्स) गणित को क्रमशः प्रथम, द्वितीय और तृतीय रैंक प्राप्त हुई।

# निजी कंपनी को सफाई का ठेका दिए जाने का कर्मचारियों और पार्षदों के किया पुरजोर विरोध

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**अलीगढ़।** भाजपा पार्षद दल के मुख्य सचेतक पुष्पेन्द्र सिंह जादौन ने आज एक ज्ञापन सौंपा और इस दौरान नगर सफाई मजदूर संघ नगर निगम अलीगढ़ के पूर्व अध्यक्ष प्रदीप भंडारी और पूर्व महामंत्री सहित संघ के पदाधिकारीगण उपस्थित रहे।इस ज्ञापन में कहा गया है कि नगर निगम में धरना प्रदर्शन आंदोलन चल रहा है और नगर निगम प्रशासन द्वारा सफाई कर्मचारियों को अनदेखा किया जा रहा है। कर्मचारियों ने कहा कि सुकमा इंटरप्राइजेज कंपनी को जॉन टू और जॉन चार की सफाई व्यवस्था का टेंडर दिया गया है जिसका सफाई कर्मचारी एवं संघ नेताओं द्वारा टेंडर को निरस्त की मांग को लेकर विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। अतः सम्मानित सदन,पार्षद दल नेता,सदन भारतीय जनता पार्टी नेता एवं समस्त पार्षदगण संघ एवं वाल्मीकि समाज के सफाई कर्मचारीयों ने आग्रह किया है कि सुकमा इंटरप्राइजेज कंपनी के टेंडर को निरस्त किया जाए और पूर्व की भांति सफाई व्यवस्था को नगर निगम द्वारा चलाया जाए। खास बात ये है कि शहर की जनता को स्वच्छ वातावरण दे सकें इसकी अपील को लेकर लिखित ज्ञापन माननीय पार्षद द्वारा दिया जाए ये भी मांग की गई है और आश्वस्त किया है कि सफाई कर्मचारी हमेशा सदैव ऋणी रहेंगे। इस दौरान यहां पर प्रदीप भण्डारी,आनन्द शास्त्री,सुनील कुमार टुण्डा,बिल्लू चैहान, राधेश्याम केला,किशन चन्देल और मनीष वूल समेत अनेक लोग मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### एएमयू कुलपति ने डॉ.मनमोहन सिंह के निधन पर शोक व्यक्त किया

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**अलीगढ।** अमुवि की कुलपति प्रोफेसर नईमा खातून ने भारत के पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है।कुलपति ने कहा ह्वडॉ. सिंह का निधन राष्ट्र के लिए एक बड़ी क्षति है। वह देश में आर्थिक सुधारों के वास्तुकार थे। डॉ. सिंह, भारतीय राजनीति के एक बहुत सम्मानित और विशिष्ट नेता थे। वह गरिमा और सादगी के प्रतीक थे। उनकी सेवाओं को सदैव याद रखा जायेगा। मैं उनके परिवार के सदस्यों के प्रति अपनी गहरी संवेदना व्यक्त करती हूंह्व।उल्लेखनीय है कि डॉ. मनमोहन सिंह ने 27 मार्च, 2003 को अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में भाग लिया था। उन्होंने छात्रों और शिक्षकों को संबोधित करते हुए देश और दुनिया के आर्थिक और शैक्षिक मामलों पर चर्चा की तथा छात्रों को उत्कृष्टता के लिए प्रयासरत रहने के लिए प्रेरित किया।

### दो रेजीडेंट चिकित्सकों को शोध कार्य के लिए मिली वित्तीय सहायता

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**अलीगढ़।** अमुवि के मेडिकल कॉलेज के फामार्कोलॉजी विभाग के दो जूनियर रेजिडेंट डॉ. अमृता कुमारी पांडे एवं डॉ. प्रज्ञना रॉय ने वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग (डीएचआर) की एचआरडी योजना के तहत अपने एमडी थीसिस के लिए वित्तीय सहायता प्राप्त की है।विभाग के अध्यक्ष प्रो सैयद जियाउर्रहमान सहित संकाय सदस्यों ने उन्हें उनकी उल्लेखनीय उपलब्धियों के लिए बधाई देते हुए कहा है कि वह अत्याधुनिक चिकित्सा अनुसंधान और शिक्षा में अग्रणी के रूप में इसकी प्रतिष्ठा को मजबूत करेंगी।डा अमृता कुमारी पांडे की थीसिस, का शीर्षक उत्तरी भारतीय आबादी में ड्रग-नाइव सिजोफ्रेनिक्स में मल्टी-जेनेटिक फामार्कोजेनोमिक्स-निर्देशित उपचार की नैदानिक प्रभावशीलता का मूल्यांकन तथा डाक्टर प्रग्ना रॉय की थीसिस, का शीर्षक थैलेसीमिया के रोगियों में आयरन अधिभार-प्रेरित ऑक्सीडेटिव तनाव पर एल-कार्निटाइन और एन-एसिटाइल सिस्टीन की प्रभावकारिता के लिए तुलनात्मक अध्ययन है।

इन उपलब्धियों के अलावा, दोनों रेजीडेंटस को मनोचिकित्सा विभाग, जेएनएमसी, एएमयू द्वारा आयोजित सर्वश्रेष्ठ थीसिस प्रोटोकॉल पुरस्कार प्रतियोगिता में भी पुरस्कार प्राप्त हुए हैं। डा अमृता कुमारी पांडे ने प्रथम पुरस्कार (डॉ. अबू कमर सिद्दीकी मेमोरियल अवार्ड) जीता, जबकि डॉ. प्रगना रॉय ने तीसरा पुरस्कार (श्री अब्दुर रहमान मेमोरियल अवार्ड) हासिल किया।

### धूमधाम से मनाया गया माहेश्वरी कपल्स क्लब का एडवांस न्यू ईयर प्रोग्राम

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**अलीगढ।** माहेश्वरी कपल्स क्लब का एडवांस न्यू ईयर प्रोग्राम बहुत धूम धाम से मैरिस रोड स्थित एक होटल में मनाया गया।इस कार्यक्रम का शुभारंभ गणेश वंदना एवं सबके द्वारा महेश वन्दना के साथ हुआ उसके उपरांत क्लब की महिलाओं ने अपने अपने कपल के साथ डांस किया,इसके साथ कई कपल्स गेम्स भी हुए जिसमे सब कपल्स ने खूब आंनद लिया और गिफ्ट प्राप्त किये तथा बच्चों के लिए कई तरह के गेम्स आयोजित किए जिसका बच्चो ने भी भरपूर आनंद लिया साथ में प्राइज भी जीते।इस दौरान सबने कार्यक्रम की बहुत तारीफ की और सभी को एडवांस में न्यू ईयर की शुभकामनायें दीं गईं और अंत में सभी ने भोजन का आनंद लिया।

इस मौके पर क्लब के संस्थापक डॉ.गोविंद माहेश्वरी और वर्षा माहेश्वरी के साथ मयंक राठी,राधिका राठी,डॉ.अनुज माहेश्वरी,शिखा माहेश्वरी, अंकुश चांडक,दीपा,नितिन राठी, सुगंध, सोनू राठी,पायल,राहुल माहेश्वरी,शिल्पी, वरुण,शिप्रा,राजीव,चेतना,दीपक सराफ, अंजली, चिराग,ज्योति,मेहुल,दीपक ऑटो, रत्ना, विपुल, तृप्ति, राहुल,रूपाली, अंकित, सोनिया,सौरभ,ज्योति,गौरव विधार्थी, गर्विता, आशुतोष,शिवांगी, लव माहेश्वरी, कीर्ति,तुषार दवाई,सोनिया,उदित कोयला, कनिका,सार्थक मुदित आदि लोग उपस्थित रहे और अंत में क्लब के संस्थापक डॉ.गोविन्द माहेश्वरी ने सभी का धन्यवाद और आभार प्रकट किया।

# कुलदीप कुमार गुप्ता बनाये गये भारतीय किसान यूनियन इंडिया के राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष

बुलन्द संदेश ब्यूरो




**मेरठ।** भारतीय किसान यूनियन इंडिया के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री संदीप तितौरिया ने, मेरठ सॉउथ ब्रह्मपुरी निवासी कुलदीप कुमार गुप्ता को भारतीय किसान यूनियन इंडिया का राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष नियुक्त किया गया । इस मौके पर सभी कार्यकताओं व पदाधिकारियों ने हर्ष प्रकट किया। राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष नियुक्त किये जाने पर नवनियुक्त कोषाध्यक्ष ने भी राष्ट्रीय अध्यक्ष जी को धन्यवाद देने के साथ ही यूनियन को आगे बढ़ाने का पूर्ण विश्वास दिलाया गया। बधाई देने वालों में राष्ट्रीय उपाध्यक्ष देव नागर, राष्ट्रीय माहसचिव धर्मेंद्र गुर्जर, जितेंद्र गुर्जर, राष्ट्रीय सचिव सरदार अमनदीप सिंह, जिलाध्यक्ष अंकुर चपराणा, मण्डलाध्यक्ष ओमकार यादव, मनीष खारी, पंकज राणा, अरुण लखवाया, हर्ष बंसल ,डॉ संजीव अग्रवाल, प्रदीप गोयल, पुनीत बंसल, दीपांशु तितौरिया राष्ट्रीय अध्यक्ष महिला मोर्चा शिल्पी पटेल प्रदेश अध्यक्ष प्रिया राय, वसीम राहुल, कासिफ मंसूरी, रईस अल्वी, उमर कुरैशी, शाहिद अल्वी, विपुल सिंह, ललित मुंडे मनोज सुभाष बडगूजर,आदि मुख्य रुप से शामिल रहे।

# पूर्व प्रधानमंत्री के निधन पर शोक व्यक्त

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कासगंज।** भारत के पूर्व प्रधानमंत्री (डॉ.) मनमोहन सिंह के निधन की सूचना के पश्चात राजकीय महाविद्यालय कासगंज में शोक सभा का आयोजन किया गया। शुक्रवार को पूर्वाह्न में महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर एस. के. रावत ने उनके चित्र पर पुष्प गुच्छ अर्पित कर अन्य सभी महाविद्यालय कर्मियों सहित दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की। महान अर्थशास्त्री डॉ मनमोहन सिंह जी के निधन पर परमपिता परमेश्वर से दिवंगत आत्मा को अपने धाम में स्थान देने की प्रार्थना की गई।शोकसभा में महाविद्यालय के विद्यार्थी शिक्षक डॉ हेमंत कुमार, डॉ महेंद्र कुमार, डॉ पुष्पा, डॉ दीप्ती, डॉ मनमोहन एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारी देवेंद्र शर्मा मौजूद रहे।

**ई-रिक्शा लूट कर युवक की हत्या, बाग में पड़ा मिला शव**

लोधा/ अलीगढ़। लोधा के गांव दुनाई के रहने वाले युवक से ई-रिक्शा लूट कर उसकी हत्या कर दी और शव को बाग में फेंक दिया। बताया जाता है कि शुक्रवार सुबह युवक का शव बेर के बाग में मिलने से सनसनी फैल गई। ग्रामीणों का कहना है कि शव लगभग 12 घंटे से पड़ा हुआ था। पुलिस ने मौके पर पहुंच कर शव को कब्जे में लिया और जांच शुरू कर दी है। बताया जा रहा है कि मृतक ई-रिक्शा चालक लोधा के गांव दुनाई का रहने वाला है। उसके ई-रिक्शा को लूट कर उसकी हत्या कर शव को बाग में फेंका गया होगा।

**एक अफवाह पर कैंटर चालक को भीड़ ने बुरी तरह पीटा, गंभीर**

अलीगढ़। एक कंटेनर नो एंट्री में मीनाक्षी पुल से रामघाट रोड पर क्वार्सी की ओर आ रहा था। जैसे ही वह मीनाक्षी पुल से नीचे उतरा तो महाजन होटल के पास रास्ता संकरा होने के कारण कंटेनर स्कार्पियो से टकरा गया। इससे स्कार्पियो कुछ क्षतिग्रस्त हो गई। स्कार्पियो चालक ने शोर मचाया। मगर, कंटेनर चालक ने नहीं रोका। क्वार्सी क्षेत्र के रामघाट रोड स्थित किशनपुर तिराहे पर 26 दिसंबर को स्कार्पियो को टक्कर मारकर आए कंटेनर को लेकर किसी ने अफवाह उड़ा दी कि पीछे कई लोगों को रौंदकर आया है। इस पर भीड़ ने चालक को घेरकर जमकर पिटाई कर दी। इससे चालक बेहोश हो गया। पुलिस ने उसे बचाया और अस्पताल में भर्ती कराया।

**कार्यशाला** देश के विकास में कला का महत्वपूर्ण योगदान : मुख्य अतिथि श्री प्रेमचंद अग्रवाल, कैबिनेट मंत्री उत्तराखंड सरकार

# अंतर्राष्ट्रीय जल रंग कार्यशाला में देश विदेश के कलाकारों का हुआ संगम

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मेरठ।** नंदा चौकी स्थित प्रेमनगर देहरादून के रास बिहारी बोस सुभारती विश्वविद्यालय के डॉ. मुक्ति भटनागर सुभारती स्कूल ऑफ फाइन आट्र्स एंड फैशन डिजाइन द्वारा पूर्वोदय आर्ट फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में चल रही दो दिवसीय 5 वीं वर्णम अंतर्राष्ट्रीय जल रंग कार्यशाला के दूसरे दिन देश विदेश के कलाकारों का संगम हुआ। कलाकारों ने अपने अनुभव साझा करते हुए विद्यार्थियों का ज्ञान वर्धन किया।

दूसरे दिन कार्यशाला का शुभारंभ मुख्य अतिथि उत्तराखंड सरकार के कैबिनेट मंत्री श्री प्रेमचंद अग्रवाल, विशिष्ट अतिथि डायरेक्टर जनरल ईसीएस डीआरडीओ बैंगलोर से डॉ.बी. के दास, प्रतिकुलपति डॉ. हिमांशु ऐरन, प्रताप राउत संस्थापक पूर्वोदय आर्ट फाउंडेशन, ट्रस्टी अवनि कमल, कार्यशाला के संयोजक विभागाध्यक्ष संतोष कुमार, मनोज सिंह ने किया।

भारत के पूर्व प्रधानमंत्री श्री मनमोहन सिंह के निधन के कारण सांस्कृतिक कार्यक्रमों को निरस्त कर दिया गया।

सुभारती समूह के संस्थापक डॉ.अतुल कृष्ण ने अंतर्राष्ट्रीय जल रंग कार्यशाला के आयोजन पर सभी को बधाई दी। उन्होंने अपने प्रेषित संदेश में कहा कि भारतीय संस्कृति व सभ्यता को कला के क्षेत्र ने उत्कृष्टता प्रदान की है। उन्होंने कहा कि देहरादून के लिए यह गर्व का विषय है, कि देश विदेश के





कलाकारों ने सुभारती विश्वविद्यालय में उपस्थित होकर अपना ज्ञान सभी से साझा किया। मुख्य अतिथि उत्तराखंड सरकार के कैबिनेट मंत्री श्री प्रेमचंद अग्रवाल ने कहा कि किसी भी देश के विकास में कला का महत्वपूर्ण योगदान होता है। यह साझा दृष्टिकोण, मूल्य, प्रथा एवं एक निश्चित लक्ष्य को दिखाता है। उन्होंने अंतर्राष्ट्रीय जल रंग कार्यशाला के आयोजन पर सुभारती समूह के संस्थापक डॉ. अतुल कृष्ण को बधाई दी। उन्होंने कहा कि देहरादून में रास बिहारी बोस सुभारती विश्वविद्यालय ने उच्च गुणवत्ता युक्त शिक्षा के साथ भारतीय संस्कृति व इतिहास को प्रोत्साहन देने का गौरवशाली कार्य किया है। विशिष्ट अतिथि डायरेक्टर जनरल ईसीएस डीआरडीओ बैंगलोर से डॉ.बी. के दास ने कहा कि आर्थिक, सामाजिक एवं अन्य गतिविधियों में संस्कृति एवं रचनात्मकता का समावेश होता है। भारत में गीत-संगीत, नृत्य, नाटक-कला, लोक परंपराओं, कला-प्रदर्शन, धार्मिक-संस्कारों एवं अनुष्ठानों, चित्रकारी को कला ने विरासत के रूप में संरक्षित करने का कार्य किया है। उन्होंने सभी विद्यार्थियों को डीआरडीओ द्वारा भारत की रक्षा शक्ति को सशक्त करने हेतु किये जा रहे कार्यो से भी रूबरू कराया। उन्होंने शानदार कार्यक्रम हेतु सभी की सराहना की। प्रतिकुलपति डॉ.हिमांशु ऐरन ने कहा कि कला की कोई सीमा नहीं होती है। विविध संस्कृति, परंपरा को कला के माध्यम से ही प्रदर्शित किया जाता है। उन्होंने बताया कि सुभारती विश्वविद्यालय शिक्षा, सेवा, संस्कार एवं राष्ट्रीयता के मंत्र से अपने विद्यार्थियों का ज्ञान वर्धन कर रहा है। विश्वविद्यालय के डॉ. मुक्ति भटनागर सुभारती स्कूल ऑफ फाइन आट्र्स एंड फैशन डिजाइन द्वारा कला के विद्यार्थियों को निपुण बनाकर उन्हें देशहित में कार्य करने के संकल्प के साथ रोजगार के अवसर प्रदान किये जा रहे है। जिस से नई तकनीक सीखने का अवसर मिला है। कार्यक्रम में उत्कृष्टता हेतु कलाकारों को सम्मानित भी किया गया।

# किसानों की समस्याओं को लेकर भाकियू राष्ट्रवादी ने ज्ञापन दिया

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बरेली** । भारतीय किसान मजदूर यूनियन राष्ट्रवादी द्वारा संयुक्त किसान मोर्चा के आवाहन पर एम एस पी गारंटी कानून किसानों की कर्जमाफी एवं बिजली का निजीकरण रोकने आदि समस्याओं को लेकर जिलाधिकारी की गैर मौजूदगी में अपर जिलाधिकारी बरेली को एक ज्ञापन सौंपा गया साथ ही देश के पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के निधन पर दो मिनट का मौन रखा गया । जैसा कि ज्ञात है 2014 लोकसभा चुनाव में वर्तमान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी द्वारा सरकार आने पर किसानों के लिए एम एस पी गारंटी कानून लागू करने का वादा किया गया था जो कि आज तक लागू नहीं किया गया है इसे तत्काल लागू किया जाए, साथ ही किसानों की सम्पूर्ण कर्जमाफी का वादा भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी द्वारा किया गया था जो आज तक नहीं पूरा हुआ इससे देश के किसानों की आर्थिक स्थिति दयनीय बनी हुई है अतः प्रधानमंत्री जी द्वारा किसान कर्ज माफी का वादा पूरा किया जाए, देश के कोने कोने से किसान दिल्ली आकर केंद्र सरकार को उनका वादा याद दिलाने के लिए हरियाणा के शंभू एवं खनौरी बॉर्डर पर बैठे हैं लेकिन उनके पैदल आगे बड़ने पर आंसू गैस के गोले दागकर और लाठियां भांजकर रोका जा रहा है जिससे तमाम किसान घायल हो चुके हैं जिनकी हालत चिंताजनक बनी हुई है जिससे आहत होकर बुजुर्ग किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल जी 30 दिनों से आमरण अनशन पर हैं जिनकी हालत चिंताजनक बनी हुई है अगर जल्द किसान नेता डल्लेवाल की मांगे नहीं मानी जाती हैं या उनके साथ कोई अनहोनी होती है तो पूरे उत्तर प्रदेश के किसान भी अनिश्चितकालीन उपवास पर बैठने को मजबूर होंगे ।



# पति से विवाद के बाद विवाहिता ने खुद को आग लगाई

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गजरौला (बच्चन सिंह)**। पति से विवाद के बाद एक विवाहिता ने अपने ऊपर डीजल छिड़क कर आग लगा ली, जिससे वह गंभीर रूप से झुलस गई। स्थानीय सीएचसी से उसे बेहतर उपचार के लिए हायर सेंटर रेफर किया गया, वहीं घटना की सूचना मिलने पर मायके पक्ष के लोग भी पहुंच गए। पुलिस ने भी मौके पर पहुंचकर घटना की जानकारी ली। जानकारी के अनुसार नगर के मोहल्ला नाईपुरा निवासी अमन व उसकी पत्नी सोना में किसी बात को लेकर विवाद हो गया था, जिस पर बुधवार को सोना ने सुबह के वक़्त लगभग 07 बजे अपने ऊपर डीजल छिड़ककर आग लगा ली। उसकी चीख सुनकर आसपास के पड़ोसी मौके पर पहुंचे और कपड़े आदि की मदद से उसके शरीर पर लगी आग बुझाई। तत्काल ही सोना को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया, यहां से उसे दिल्ली के लिए रेफर कर दिया गया है। बता दें कि छह माह पहले ही सोना की शादी अमन से हुई थी। सोना डिडौली की निवासी है।

# डॉ.भीमराव अंबेडकर पर आपत्तिजनक टिप्पणी को लेकर किया विरोध प्रदर्शन

बुलन्द संदेश ब्यूरो





**चंदौसी**। शुक्रवार को डॉ०अंबेडकर समन्वय संघर्ष समिति के तत्वाधान में भारत सरकार के गृहमंत्री अमित शाह द्वारा राज्यसभा में संविधान पर चर्चा के दौरान संविधान निमार्ता बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के ऊपर की गई आपत्तिजनक टिप्पणी के विरोध में आज बड़ी संख्या में अंबेडकर अनुयायियों द्वारा जबरदस्त

**राष्ट्रपति के नाम उप जिलाधिकारी को तीन सूत्रीय मांग पत्र सौंपा**

नारेबाजी करते हुए मालगोदाम रोड स्थित अंबेडकर पार्क से तहसील चंदौसी तक "विरोध मार्च" निकालते हुए विरोध प्रदर्शन किया गया !साथ ही उप जिलाधिकारी नीतू रानी के माध्यम से देश के गृहमंत्री अमित शाह द्वारा माफी मांगने तथा मंत्रिमंडल से इस्तीफा देने व पूरे देश में दलित अत्याचार को रोकने की मांग को लेकर राष्ट्रपति को तीन सूत्रीय मांग पत्र सौंपा।

तथा राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग के पूर्व प्रदेश कोऑर्डिनेटर सतीश प्रेमी ने सभी को देश के संविधान तथा बाबा साहब के सम्मान के लिए अपना सर्वत्र न्योछावर करने की शपथ दिलाई।

कार्यक्रम के अंत में पूर्व प्रधानमंत्री डॉ मनमोहन सिंह के निधन पर दो मिनट का मौन धारण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डॉ अंबेडकर समन्वय संघर्ष समिति के अध्यक्ष सतीश प्रेमी ने कहा कि इस देश के संविधान निमार्ता परम पूज्य बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जो देश के करोड़ों दलितों, वंचितों ,पिछड़ों के भगवान हैं जिनकी विचारधारा ही उनके लिए उनका स्वर्ग है देश के गृहमंत्री अमित शाह ने भारतीय संसद में संविधान पर चर्चा के दौरान जो आपत्तिजनक व अपमानजनक टिप्पणी की है उसे देश के अंबेडकर अनुयाई कभी नहीं भूल सकते, वे परम पूज्य बाबा साहब के सम्मान के लिए अपना सर्वत्र न्योछावर करने के लिए तैयार है !

इस दौरान कार्यक्रम में योगेश कुमार, अजब सिंह,टी आर सिंह,ओमप्रकाश राव,कपिल कुमार मोनू , सूर्यजीत सिंह,नंदू वाल्मीकि, ज्ञान प्रकाश बाल्मीकि , विनोद कुमार एड०,शकुन प्रेमी, छाया बौद्ध, ममता अंबेडकर,रौनक सागर,शीतल बौद्ध ,अशोक कुमार एड०,बंटी सागर एड०,अरविंद अंबेडकर, कपिल देव,श्याम सुंदर, गवेंद्र कुमार एड०,नरेश भारती,राजा राम,गोपेश कुमार, हृदेश अंबेडकर, कैलाश चंद चटवाल, चौधरी महेंद्र पाल,मदन लाल दुरदर्शन, दीना नाथ, सी.पी.सिंह,बंटी बौद्ध , अनिकेत कुमार, करतार सिंह,प्रेम पाल सिंह,संजय कुमार गौतम, योगेन्द्र पाल आदि मौजूद रहे।

# अभाविप के कार्यकर्ताओं ने प्रांत अधिवेशन के लिए गाजियाबाद को किया प्रस्थान

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**संभल/बहजोई (दिनेश सक्सेना)**। अभाविप के कार्यकताओं ने प्रांत अधिवेशन के लिए संभल से



गाजियाबाद किया प्रस्थान। गत वर्षों की भांति इस वर्ष भी अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के मेरठ प्रांत का प्रांत अधिवेशन जो कि गाजियाबाद के सरस्वती शिशु मंदिर नेहरू नगर गाजियाबाद में संपन्न होने जा रहा है।

जिसके उपलक्ष्य में शुक्रवार की सुबह 10 बजे जिले से अनेकों कार्यकर्ताओ ने ज्ञान शील एकता का नारा लगाते हुए, गाजियाबाद प्रांत अधिवेशन में सम्मिलित होने हेतु प्रस्थान किया, तहसील संयोजक मनसाफ प्रजापति ने कहा की अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद राष्ट् की संप्रभुता अखंडता और एकता को एकजुट बनाएं रखने में अपना योगदान समय समय पर देता रहता है।

इस दौरान जिला संयोजक पीयूष बिडौलिया, तहसील संयोजक मनसाफ प्रजापति, जिला मीडिया संयोजक हितेश प्रजापति, ध्रुव गोयल, शेखर आर्य, कृष्णा गोयल, राजीव आर्य, अक्षय कुमार, अनुराग शर्मा, अमर प्रजापति, अमन शर्मा आदि मौजूद रहे।

# अधिवक्ताओं ने पूर्व प्रधानमंत्री के निधन पर शोक सभा का किया आयोजन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**संभल/बहजोई (दिनेश सक्सेना)**। शुक्रवार 27 दिसंबर को कलेक्ट्रेट परिषद बहजोई जनपद संभल पर नवनिर्वाचित सचिव ताज मोहम्मद एडवोकेट के चेंबर पर पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय मनमोहन सिंह का कल दिनांक 26 दिसंबर को देहांत हो गया था, जिसकी शोक सभा का आयोजन किया गया जिसमें उपस्थित पूर्व अध्यक्ष नीरज यादव एल्डर कमेटी सदस्य हरप्रसाद राणा, सहसचिव विंटु शर्मा,कौशल शर्मा, नरेश यादव ,पूनम सिंह मीडिया प्रभारी कैलाश चंद्र, उपाध्यक्ष संजीव एडवोकेट धीरपाल यादव एडवोकेट,अरविंद कुमार, नरेंद्र कुमार, कुंवरपाल सिंह, शकील सलमानी, राजकुमार, हिमांशु राणा,आदि उपस्थित रहे तथा संचालन स्वयं सचिव



ताज मोहम्मद द्वारा किया गया, जिसमें श्रद्धांजलि व 2 मिनट का मोन धारण किया गया।

# युवक ने युवती की शादी तुड़वाई, युवती ने की आत्महत्या, युवक को ठहराया जिम्मेदार

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बदायूं** । बिल्सी में युवती का शव घर में फंदे से लटका मिला। उसके पास से सुसाइड नोट मिला है, जिसमें एक युवक और उसके घरवालों पर गंभीर आरोप लगाए हैं। मृतका के पिता की तहरीर पर पुलिस ने छह लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

बदायूं के कोतवाली बिल्सी क्षेत्र में युवक ने एकतरफा प्यार के चलते युवती की शादी तुड़वा दी। वह लगातार युवती को परेशान कर रहा था। इससे तंग आकर युवती ने शुक्रवार की सुबह सुसाइड नोट लिखने के बाद फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने आरोपी युवक समेत छह लोगों के खिलाफ आत्महत्या को उकसाने की धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर ली है। शव का पोस्टमार्टम कराया है।

बिल्सी के मोहल्ला संख्या तीन निवासी दिलशाद मलिक ने अपनी बेटी नेहा (22) की शादी इसी थाना क्षेत्र के गांव धनौली निवासी युवक से तय की थी। जिसके बाद 24 दिसंबर को लड़का पक्ष के लोग अपनाने की रस्म अदायगी को उनके घर आए थे। इसी दौरान मोहल्ले के ही जुनैद कुरैशी पुत्र नूर समेत उसके



परिवार के लोगों ने लड़के के घरवालों से यह कह दिया कि नेहा का जुनैद से अफेयर है। इस पर लड़के वालों ने रिश्ता तोड़ दिया। इसके बाद से नेहा अवसाद में रहने लगी।

**युवती के पास से मिला सुसाइड नोट**

शुक्रवार को तड़के उसने अपने कमरे में पंखे में दुपट्टा से फंदा बनाकर झूल गई। परिजनों ने युवती को फंदे से लटका देखा तो उनकी चीख निकल गई। युवती को फंदे से उतारा, लेकिन जब तब उसकी मौत हो चुकी थी। परिजनों को युवती के पास से सुसाइड नोट मिला। सूचना मिलने पर कोतवाल राजेंद्र सिंह पुंडीर पुलिस बल के साथ घटना स्थल पर पहुंच गए। पुलिस ने सुसाइड नोट पुलिस को दिया। पुलिस ने सुसाइड नोट को पढ़ा। जिसमें लिखा है कि मेरी मौत का जिम्मेदार जुनैद है।

मृतका के पिता दिलशाद मलिक की तहरीर पर युवक जुनैद कुैशी, नूर, खालिद, शबाना, रुखसाना और जुनैद के खिलाफ आत्महत्या के लिए उकसाने के आरोप में रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी। नेहा ने सुसाइड नोट में जुनैद समेत उसके परिजनों को मौत का जिम्मेदार ठहराया है।

कोतवाल ने बताया कि पुलिस आरोपियों को गिरफ्तार करने के लिए जुट गई है। शीघ्र आरोपी गिरफ्तार कर जेल भेजे जाएंगे।

# कक्षा-10 की छात्रा ने ट्रेन के आगे कूदकर दी जान

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गजरौला (बच्चन सिंह )**। हाईस्कूल की छात्रा ने ट्रेन के आगे कूदकर आत्महत्या कर ली।जिससे परिवार में कोहराम मच गया। सूचना मिलने पर थाना पुलिस व आरपीएफ और जीआरपी मौके पर पहुंची गई। वहीं जीआरपी पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। नगर के मोहल्ला अवंतिका नगर निवासी महक (16) पुत्री संदीप शहर के एक स्कूल में हाईस्कूल की छात्रा थी। वह शुक्रवार की सुबह घर से स्कूल के लिए गई थी। इस दौरान छात्रा ने शहर के भानपुर रेलवे फाटक के पास ट्रेन के आगे कूदकर आत्महत्या कर ली। जिससे परिवार में कोहराम मच गया। हादसे के बाद मौके पर राहगीरों की भीड़ जमा हो गई।

सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची थाना पुलिस व आरपीएफ और जीआरपी मौके पर पहुंच गई। वहीं जीआरपी पुलिस ने मृतका के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जीआरपी पुलिस चौकी प्रभारी राजीव सिंह ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। तहरीर मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# युवती ने गंगा में कूदकर की आत्महत्या करने के कोशिश, गोताखोरों ने कोशिश करके सकुशल बाहर निकाला

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गजरौला (बच्चन सिंह )**। किसी बात को लेकर परिवार वालों की डांट से नाराज



होकर युवती ने बृजघाट गंगा पुल पर लगी लोहे की रेलिंग से आत्महत्या की कोशिश करने के लिए गंगा में छलांग लगा दी। मौके पर मौजूद गोताखोरों ने युवती को गंगा से सकुशल बाहर निकाला। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने युवती को उसके परिवार वालों को सौंप दिया। क्षेत्र के एक गांव निवासी युवती की 16 जनवरी को शादी है। जिसकी तैयारियां घर में चल रही है। इसी दौरान परिवार वालों ने किसी बात को लेकर युवती को डांट दिया। जिससे नाराज होकर युवती ने शुक्रवार की सुबह बृजघाट पुल पर लगीं लोहे की रेलिंग से गंगा में छलांग लगा दी। मौके पर मौजूद गोताखोरों ने युवती को सकुशल गंगा से बाहर निकाल लिया। शोर-शराबा होने पर आसपास मौजूद लोगों की मौके पर भीड़ जमा हो गई। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने प्रथामिक उपचार के बाद युवती को परिवार वालों को सौंप दिया। प्रभारी निरीक्षक सनोज प्रताप सिंह ने बताया कि मामले में तहरीर मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# नगर में चलाया गया विद्युत चोरी रोको अभियान

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**चंदौसी**। शुक्रवार को उच्च अधिकारियों के आदेश अनुसार मय प्रवर्तन दल के उपखंड अधिकारी प्रथम अजय कुमार चौरसिया ,वरुण कुमार अवर अभियंता हनुमानगढी, अभिषेक कुमार अवर अभियंता तहसील,अजय कुमार अवर अभियंता पॉवर हाउस, तथा लाइन स्टाफ के साथ घरेलू विद्युत चेकिंग अभियान सुबह 5 बजे से चलाया गया जहां मोहल्ला कुरेशियान, मोहल्ला जराई गेट, कसाई मोहल्ला, ग्राम मई में चेकिंग के दौरान कुल 11 विद्युत चोरी पाए गए जिनका कुल भार 14 किलोवाट पाया गया । यह कटिया डालकर तथा इनकमिंग केवल में कट लगाकर विद्युत चोरी करते पाए गए। साथ ही इस अभियान के तहत 84 घरों को चेक किया गया



जिसमें की 16 लोगों की लाइन बकाए पर कटवाए गए तथा 12 लोगों से एक मुस्त समाधान योजना के अंतर्गत बिल वसूली की गई जिनका कुल धनराशि 2.36 लाख थे। इस अभियान के अंतर्गत कुल 3 मीटर भी बकाया पर उखाड़े गए, जिनका लंबे समय से बिल जमा नहीं थे । इसके अलावा नगर में कुल 89 लोगों ने ओ टी एस योजना के अंतर्गत बिल जमा किया तथा इनसे कुल 5.25 लाख की वसूली की गई । जो विद्युत चोरी में लिप्त थे उनके खिलाफ विद्युत चोरी में प्राथमिकी दर्ज करवाई जा रही है। इस माह मे अभियान लगातार जारी रहेगा। अतः सभी से अनुरोध है कि अपने विद्युत बकाये को समय से जमा करा अप्रिय कार्रवाई से बचें।

# अधिवक्ताओं ने बैठक कर सत्यपाल सिंह राणा के हत्यारों की गिरफ्तारी की की मांग

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**चंदौसी**। शुक्रवार को तहसील बार एसोसिएशन,की एक बैठक की गई, जिसमें अधिवक्ता सत्यपाल सिंह राणा के हत्यारों की गिरफ्तारी की मांग की गई बहजोई के एक अधिवक्ता सतपाल सिंह राणा की 18 दिसंबर दिनदहाड़े हत्या कर दी गई थी। और अभी तक हत्यारों की गिरफ्तारी नहीं हुई है। जिससे अधिवक्ताओं में भारी रोष है। बैठक में उपस्थित सभी अधिवक्ताओं ने एक मत से यह कहा कि आन्दोलन को प्रभावी बनाने के लिए तहसील गेट पर क्रमिक अनशन किया जाये। उपस्थित अधिवक्ताओं के विचारों से तहसील बार एसोशिएसन द्वारा यह निर्णय लिया गया कि 28 दिसंबर से हत्यारों की गिरफ्तारी तक क्रमिक अनशन तहसील गेट पर होगा। इस अवधि में यदि समस्या का कोई निराकरण नहीं हो पाता है तो 1 जानवरी से हत्यारों की गिरफ्तारी तक तहसील एवं रजिस्ट्री बन्द की जायेगी। बैठक की अध्यक्षता एडवोकेट मुकेशपाल सिंह यादव व संचालन अरविन्द कुमार गुप्ता एडवोकेट ने किया बैठक में राजेन्द्र सिंह एड०, विनोद शर्मा एड०, अशोक शर्मा एड०, पिन्टेश 5: शर्मा एड०, राघव सिंह यादव एड०, इशरत अली एड०, गिरिराज किशोर एड०, शाकिर अली एड०, अमर सिंह यादव एड०, बलराम शर्मा एड०, छत्रपाल सिंह यादव एड०, अरविन्द सिंह चौहान एड०, कृष्णपाल गुप्ता एड०, ओमप्रकाश प्रजापति एड०, चिरंजीलाल राणा एड०, ओमप्रकाश सिंह राणा एड०, रामसेवक यादव एड०, हृदेश यादव एड०, सुबोध यादव एड० आदि अधिवक्तागण उपस्थित रहे।

# जमीन की फर्जी वसीयत करा कर दबंग कर रहे जमीन पर अवैध कब्जा

बुलन्द संदेश ब्यूरो

- परिजनों का आरोप,पीड़ित के परिवार को धमकाते हैं दबंग देते हैं जान से मारने की धमकी
- पीड़ित ने पुलिस अधीक्षक से इंसाफ की लगाई गुहार

**संभल/बहजोई (दिनेश सक्सेना)**। योगी सरकार की लगातार शक्ति के बावजूद भी दबंग मानने को तैयार ही नहीं है कि फर्जी तरीके से वसीयत कराकर जमीन पर अवैध कब्जा करना कानूनन अपराध है` दबंग को लगता है शासन प्रशासन उनकी जेब में है वह कभी भी किसी भी जमीन का फर्जी बना कर कर अवैध कब्जा कर लेंगे` लगता है दबंग को शासन प्रशासन का बिल्कुल भी भय नहीं है` ऐसा ही एक मामला ग्राम बरई का है` ग्राम बराई निवासी ममता पत्नी रामदास तथा बुध जैन पुत्र डालचंद ने पुलिस अधीक्षक को दिए शिकायती पत्र में कहा है कि सैदपुर निबासी रवि कुमार पुत्र नरेंद्र सिंह व नरेंद्र सिंह पुत्र खिलाड़ी सिंह व जगबीरी देवी पत्नी नरेंद्र सिंह का न तो उस जमीन पर कोई कब्जा है न ही कोई दखल है तथा इस संबंध में एक मुकदमा भी चल रहा है परंतु यह लोग जोर जबस्ती तथा बदमाशी के बल पर पीड़ित की जमीन पर अवैध रूप से कब्जा करना चाहते हैं पीड़ित ने बताया कि रवि कुमार और नरेंद्र सिंह धर्मेंद्र व पप्पू यह अन्य बदमाशों को लेकर खेत पर आते हैं तथा पीड़ित के परिवार की महिलाएं लड़कियों को बुरी तरह से धमकाते हैं तथा जान से मारने की धमकी भी देते हैं जिसमें पप्पू नाम का व्यक्ति अपराधिक प्रवृत्ति का है। पीड़ित को अपने तथा अपने परिवार के साथ अनहोनी होने की आशंका बनी रहती है दिए गए शिकायती पत्र में पीड़ित ने यह भी आरोप लगाया है कि श्याम पत्नी बुद्धि ने गाटा संख्या 508 को फर्जी तरीके से भू माफियाओ को विक्रय कर दिया है।

**ठगी** | टना की शुरूआत अगस्त 2023 में हुई, जब विवेक को एक व्हाट्सएप ग्रुप का लिंक मिला

# शेयर मार्केट के नाम पर बरेली में ठगी, दंपती से हड़पे 10 लाख रुपये

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बरेली**। शेयर बाजार में बड़ा मुनाफा कमाने के सपने दिखाकर ठगों ने बरेली के विवेक कुमार और उनकी पत्नी कमलेश को करीब 10.20 लाख रुपये का चूना लगा दिया। व्हाट्सएप ग्रुप के जरिए संपर्क कर ठगों ने फर्जी डीमैट खाता खुलवाया और निवेश के बहाने रकम हड़प ली।

**कैसे फंसा जाल में दंपती?**

घटना की शुरूआत अगस्त 2023 में हुई, जब विवेक को एक व्हाट्सएप ग्रुप का लिंक मिला। इस ग्रुप में शेयर मार्केट में ट्रेडिंग के टिप्स और जल्दी मुनाफा कमाने के ऑफर दिए जा रहे थे। तीन एडमिन्स ने लगातार भरोसा जीतने के लिए शेयर बाजार से जुड़े सवालों के जवाब दिए और निवेश करने का आग्रह किया।

**फर्जी खाता, असली नुकसान**

ग्रुप के झांसे में आकर विवेक और उनकी पत्नी ने अपने बैंक खातों से बड़ी रकम फर्जी डीमैट अकाउंट में ट्रांसफर कर दी। विवेक ने 8.20 लाख रुपये और उनकी पत्नी ने 2 लाख रुपये जमा किए।

**जब मांगे पैसे वापस**

26 सितंबर को जब दंपती ने अपनी रकम वापस मांगने की कोशिश की, तो ठगों ने 10% प्रोसेसिंग चार्ज देने का बहाना बनाकर पैसे लौटाने से इनकार कर दिया। ठगी का अहसास होते ही विवेक ने साइबर क्राइम थाने में शिकायत दर्ज कराई।

**पुलिस की कार्रवाई शुरू**

पुलिस ने मामले की रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। साइबर सेल यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि ठगों का नेटवर्क कहां से संचालित हो रहा है और अन्य लोग इससे प्रभावित तो नहीं हुए।

**कैसे बचें ऐसे फजीर्वाड़े से?**




1. लालच से बचेंः ज्यादा मुनाफे के ऑफर्स हमेशा धोखाधड़ी होते हैं।
2. पंजीकृत ब्रोकर से संपर्क करेंः केवल सेबी प्रमाणित ब्रोकर के माध्यम से निवेश करें।
3. अज्ञात लिंक से दूर रहेंः किसी भी व्हाट्सएप या सोशल मीडिया लिंक पर बिना जांच-परख क्लिक न करें।
4. सतर्क रहेंः बैंक और डीमैट खातों की जानकारी गोपनीय रखें। शेयर बाजार में निवेश से पहले सतर्कता और जानकारी जरूरी है। थोड़ी सी सावधानी आपको बड़े नुकसान से बचा सकती है।

# ठंड से निजात पाने के लिए लिया जा रहा है अलाव का सहारा, नगर पालिका द्वारा जगह-जगह पर की जा रही है आलाव की व्यवस्था

बुलन्द संदेश ब्यूरो



**चंदौसी**। दिसंबर का मौसम चल रहा है लेकिन उसके बाद भी ठंड सुबह और शाम को ही पड़ रही है। लेकिन सुबह के समय छोटे स्कूली बच्चे व दफ्तर जाने वालों को ठंड का सामना करना पड़ रहा है। तो उधर दिन छुपते ही ठंड अपना असर दिखाने लगती है इससे निजात पाने के लिए लोग गर्म कपड़ों के अलावा नगर पालिका द्वारा सड़क किनारे लगे अलाव का भी सहारा लेते दिखाई दे रहे हैं। ऐसा ही एक नजारा नगर के रेलवे स्टेशन के बाहर का है जहां चंद लोग नगर पालिका द्वारा लगाए गए अलाव पर हाथ तापकर ठंड से निजात पाने का प्रयास करते दिखाई दिए ।ऐसे में लोगों को दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है साथ ही नगर पालिका द्वारा जगह-जगह पर अलाव की अच्छी व्यवस्था की जा रही है रात के समय अधिक ठंड के कारण बाजारों में भी जल्दी सन्नाटा छाः जाता है।

# मेवाड़ विश्वविद्यालय में शब्द यात्रा के साहित्यकारों का हुआ सम्मान

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**नई दिल्ली।** मेवाड़ विश्वविद्यालय, चित्तौड़गढ़ , राजस्थान में गुरुग्राम की साहित्यिक संस्था, शब्द यात्रा के साहित्यकारों का साहित्यिक सम्मान से किया सम्मानित।

सम्मान समारोह का शुभारंभ विश्वविद्यालय कुलपति डॉ. आलोक मिश्रा एवं शब्द यात्रा के वरिष्ठ साहित्यिक सहचरों ने माँ शारदे की मधुर सरस्वती वंदना के साथ दीप प्रज्वलन किया। विश्वविद्यालय के प्रबुद्ध संगीत प्रवक्ताओं ने उच्च कोटि का बांसुरी वादन एवं शास्त्रीय गायन कर समां बांध दिया। विद्यार्थियों ने विभिन्न राज्यों के नृत्य प्रस्तुत कर सभागार में उपस्थित सभी दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। समारोह में कुलपति डॉ.आलोक मिश्रा, कुलसचिव प्रोफेसर प्रदीप के डे ने उत्कृष्ट साहित्य सृजन के लिए शब्द यात्रा की संस्थापक अध्यक्ष शारदा मित्तल, महासचिव प्रीति मिश्रा एवं साहित्यकार डॉ सविता चड्डा, डॉ मीनाक्षी पांडेय, राजेश्वर वशिष्ठ, शिखा गुप्ता,वीणा अग्रवाल, शकुंतला मित्तल को प्रतीक चिह्न, राजस्थान की शान केसरिया पगड़ी, सम्मान पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। शब्द यात्रा की अध्यक्ष शारदा मित्तल ने भी कुलपति डॉ. आलोक मिश्रा जी का अंगवस्त्र से सम्मानित किया।तत्पश्चात सम्मानित साहित्यकारों ने अपने उद्गार एवं विभिन्न विधाओं में साहित्यिक प्रस्तुति दी। इस मौके पर विश्वविद्यालय द्वारा अपने विविध संग्रहालयों एवं विश्वविद्यालय के प्रशस्त परिसर का साहित्यकारों को अवलोकन भी करवाया ।

# वेस्ट मैट्रियल का कैसे हो सकता है बेस्ट इस्तेमाल, इन छात्राओं से सीखिए

बुलन्द संदेश ब्यूरो





**बहसूमा।** कहने को तो हर कोई पर्यावरण संरक्षण की बात करता है लोग पर्यावरण संरक्षण के लिए उदाहरण बहुत देते हैं कि लोगों को संसाधनों का जरूरत के अनुसार प्रयोग करना चाहिए और पर्यावरण संरक्षण के लिए आगे आना चाहिए लेकिन धरातल पर कुछ ही लोग ऐसे हैं जो इसका जिम्मा उठा रहे हैं ऐसा ही एक उदाहरण है जहां श्री मनफूल सिंह कन्या इंटर कॉलेज बहसूमा में छात्राओं ने वेस्ट मैट्रियल से घर में प्रयोग होने वाली सजावट की वस्तुएं बनाई।बता दें कि शुक्रवार को श्री मनफूल सिंह कन्या इंटर कॉलेज बहसूमा में प्रधानाचार्या श्रीमती भावना चौधरी व अध्यापिका शैली लांबा के मार्गदर्शन में छात्राओं ने अनुपयोगी वस्तुओं का उपयोग कर नये रूप में परिवर्तित कर साज सज्जा की आकर्षक चीजें बनाई और उनकी प्रदर्शनी लगाई। छात्राओं ने वेस्ट प्लास्टिक,कागज ,धातु,कपड़ा, इलेक्ट्रॉनिक चीजों आदि से फूलदान,झालर,पैन स्टैंड आदि सजावट की चीजें तैयार की। प्रधानाचार्या श्रीमती भावना चौधरी ने प्रदर्शनी का निरीक्षण कर छात्राओं की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह के कार्यक्रमों का उद्देश्य कॉलेज की छात्राओं का सर्वांगीण विकास करना है। और इन कार्यक्रमों के माध्यम से छात्राओं की प्रतिभा को निखारना व आत्मनिर्भर बनाना है।वहीं प्रतियोगिता में सीनियर वर्ग में दुर्गावती हाउस से सना ने प्रथम स्थान तनु सिरोही ने द्वितीय स्थान तथा तृतीय स्थान राधिका ने प्राप्त किया। जूनियर वर्ग में मीराबाई हाउस से संध्या ने प्रथम स्थान, राशि ने द्वितीय स्थान व अहिल्याबाई हाउस से नव्या और अनुष्का ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्रथम, द्वितीय तथा तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली छात्राओं को प्रधानाचार्या ने ट्रॉफी देकर सम्मानित किया।इस अवसर पर प्रधानाचार्या श्रीमती भावना चौधरी, प्रबंधक ब्रह्मचारी सिंह, श्रीमती पूजा मित्तल, कुमारी कंचन, श्रीमती सीमा, श्रीमती रेनुका चौधरी,शैली लांबा, श्रीमती प्रीति,कुमारी निकिता, अमित कुमार, परविंदर लांबा, कुमारी स्नेहा, कुमारी नरगिस, श्रीमती कमलेश, कुमारी मानसी आदि अध्यापक व अध्यापिकाएं मौजूद रहे।

# पूर्व प्रधानमन्त्री व महान अर्थशास्त्री स्वर्गीय मनमोहन सिंह को श्रद्धांजलि दी गयी

बुलन्द संदेश ब्यूरो



**बहसूमा।** रामराज में स्थित दशमेश पब्लिक स्कूल में पूर्व प्रधानमंत्री महान अर्थशास्त्री स्वर्गीय मनमोहन सिंह को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। उन्होंने 92 वर्ष की उम्र दिल्ली में एम्स हॉस्पिटल में अन्तिम साँस ली।स्कूल डायरेक्टर डॉ श्रीमती सिम्मी सहोता ने बताया कि स्वर्गीय पूर्व प्रधानमन्त्री मनमोहन सिंह देश के दो बार प्रधानमंत्री रहे, तथा भारत के बड़े अर्थशास्त्रियों में उनकी गिनती होती है। स्कूल चेयरमैन जसवंत सिंह सहोता ने बताया कि सन् 1991 में जब पूरी दुनिया आर्थिक संकट से जूझ रही थी, उस समय उनका दूरदर्शी नेतृत्व भारत के लिए वरदान साबित हुआ । प्रधानमंत्री के रूप में उन्होंने सूचना क्रांति, मनरेगा, किसानों की कर्ज माफी आदि ऐतिहासिक कदम उठाए। प्रधानाचार्य आमिर खान ने कहा कि पूर्व प्रधानमन्त्री डॉ मनमोहन सिंह के निधन ने देश का एक सच्चा देश भक्त तथा महान अर्थशास्त्री खो दिया।स्वर्गीय डॉ मनमोहन सिंह को उनके सरल व शांत स्वभाव के लिए हमेशा याद किया जाएगा।श्रद्धांजलि सभा में चेयरमैन जसवंत सिंह सहोता, डायरेक्टर श्रीमती सिम्मी सहोता,प्रधानाचार्य आमिर खान, धनवीर सिंह, प्रवेश कुमार, विजय कुमार, सुशील कुमार, निखिल कुमार, सूरज जैन, प्रशांत कुमार, चरणजीत कौर, गुरजीत कौर, नेहा देओल, अमृतपाल कौर, हरप्रीत कौर, कविता, प्रभजोत कौर, परमजीत कौर, अवतार देशवाल, मुकेश कुमार, बलराम आदि उपस्थित रहे।

# पूर्व प्रधानमंत्री के निधन से कांग्रेस कार्यकर्ताओं सहित पूरे देश में शोक की लहर

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**लखनऊ (लेखराम मौर्य)।** देश के पूर्व प्रधानमंत्री, महान अर्थशास्त्री, वरिष्ठ कांग्रेस नेता डॉ0 मनमोहन सिंह का कल गुरुवार को लंबी बीमारी के चलते निधन हो गया। उनके निधन से कांग्रेस पार्टी के साथ पूरे देश में शोक की लहर है। उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी मीडिया विभाग के वाइस चेयरमैन मनीष श्रीवास्तव हिंदवी ने जानकारी देते हुए बताया कि डॉ0 मनमोहन सिंह के निधन पर पार्टी मुख्यालय पर कांग्रेस पार्टी के झंडे को झुका दिया गया है तथा पार्टी द्वारा अपने सभी कार्यक्रमों को अगले सात दिनों तक स्थगित कर दिया गया है। श्री हिंदवी ने बताया कि कांग्रेस का केन्द्रीय नेतृत्व के साथ उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अजय राय स्व0 मनमोहन सिंह के दिल्ली स्थित आवास पर पहुंचे और पुण्य आत्मा को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए परिजनों से संवेदना व्यक्त की।इस मौके पर उन्होंने कहा कि इतिहास में डॉ. मनमोहन सिंह को उनके गरिमामय आचरण, सार्वजनिक सेवा के प्रति प्रतिबद्धता, अथाह ज्ञान और विनम्रता के लिए हमेशा याद रखा जायेगा।



स्व0 सिंह अपने पीछे आर्थिक सुधारों, राजनीतिक स्थिरता और प्रत्येक भारतीय के जीवन के उत्थान के लिए समर्पण की विरासत छोड़ गए हैं। पहले एक टेक्नोक्रेट के रूप में और फिर भारत के प्रधानमंत्री के रूप में उनका कार्यकाल सामाजिक कल्याण पर ध्यान देने के साथ आर्थिक समृद्धि और विश्व मानचित्र पर भारत की स्थिति को मजबूत करने के लिए याद किया जाएगा।

स्व0 मनमोहन सिंह जी अपने शांत स्वभाव लेकिन असरदार नेतृत्व के लिए विख्यात थे। वह एक सिद्धांतवादी व्यक्ति थे, जिन्होंने देश के कल्याण के लिए दृढ़ प्रतिबद्धता के साथ कठोर निर्णय लिए।

श्री राय ने कहा कि एक नेता के रूप में, डॉ. मनमोहन सिंह के फैसले भारतीय समाज के हर पहलू पर गहराई से छाप छोड़ गए हैं। राजनीतिक सहयोगियों, विरोधियों और विश्व नेताओं से उन्होंने जो विश्वास और सम्मान अर्जित किया, वह उनके गहरे प्रभाव का प्रमाण है।

श्री राय ने कहा कि डॉ0 मनमोहन सिंह एक राजनेता, एक विद्वान, एक दूरदर्शी- भारत के सबसे गौरवान्वित पुत्रों में से एक थे उनका जाना बेहद दुखद है।

स्व0 डॉ मनमोहन जी को श्रद्धांजलि अर्पित करने हेतु कल दिनांक 28 दिसंबर 2024 को सायं 5:00 बजे प्रदेश के सभी जनपदों में कांग्रेसजनों द्वारा श्रद्धांजलि सभा का आयोजन कर उनकी आत्मा की शांति हेतु प्रार्थना की जायेगी। इसी क्रम में कल लखनऊ स्थित प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय पर आयोजित होने वाली शोक सभा में उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष पूर्व मंत्री अजय राय शामिल होंगे।

# पालिका अध्यक्ष विभू बंसल ने पालिका कार्य हित हित में पटल परिवर्तन किए

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**पिलखुवा (गजेन्द्र राठी)।** नगर पालिका के कार्य हित को देखते हुए नगर पालिका अध्यक्ष ने अधिकारियों व कर्मचारी के कार्य क्षेत्र में बदलाव किया है। नगर पालिका अध्यक्ष विभु बंसल ने बताया कि नगर पालिका के कार्य हित को देखते हुए सफाई एवं खाद्य निरीक्षक दीपक कुमार को समस्त सरकारी योजनाओं का नोडल प्रभारी, संपत्ति संपत्ति प्रभारी का समस्त कार्य, कर संग्रह विकास कुमार अपने कार्यों के साथ-साथ संपत्ति सहायक के रूप में सहयोग करेंगे। वही अवर अभियंता सिविल सरकारी संपत्ति की सुरक्षा हेतु सफाई एवं खाद्य निरीक्षक की देखरेख में संपत्तियों की सुरक्षा सुनिश्चित करेंगे। इसके अलावा आसिफ खान पीएफएमएस पोर्टल के संचालन के साथ-साथ राजकीय करो को समय पर जमा करते हुए लेखाकार के साथ ई फाइलिंग हेतु संबंधित फार्म का सहयोग करेंगे। उन्होंने बताया कि नगर पालिका के हित में इनके कार्य क्षेत्र में बदलाव किया गया है।




# नगर विकास मंत्री ने झांसी में फुटपाथ पर सब्जी बेचने वाले विक्रेताओं की सब्जी पर जेसीबी चलाने का लिया संज्ञान

बुलन्द संदेश ब्यूरो

- मंत्री के निर्देश पर प्रभारी अतिक्रमण रोधी दस्ता बृजेश वर्मा पर हुई सख्त कार्रवाई, आउटसोर्स कर्मचारी सुदेश सिंह की सेवाएं की गई समाप्त--ए.के. शर्मा
- झांसी नगर निगम ने पटरी विक्रेताओं को हुई क्षतिपूर्ति का किया भुगतान

**लखनऊ (लेखराम मौर्य)।** उत्तर प्रदेश के नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री ए.के. शर्मा ने झाँसी नगर निगम स्थित सीपरी बाजार के चित्रा चौराहे और पानी की टंकी के समीप फुटपाथ पर सब्जी बेच रहे सब्जी विक्रेताओं की सब्जी को प्रभारी अतिक्रमण रोधी दस्ता द्वारा जेसीबी के माध्यम से कुचलकर हटाने की खबर को अत्यंत गंभीरता से लिया है और नगर निगम के कार्मिकों द्वारा किए गए इस असंवेदनशील व अमानवीय कृत्य पर गहरा दुःख भी व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार हमेशा पटरी विक्रेताओं के हितों के प्रति संवेदनशील है।

किसी भी रूप में उनके हितों को कुचलने नहीं दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि यह कृत्य प्रभारी अतिक्रमण रोधी दस्ता द्वारा नगर निगम के किसी भी उच्चाधिकारी के संज्ञान में लाये बगैर किया गया है, जो कि घोर लापरवाही को दशार्ता है, इसके लिए प्रभारी के खिलाफ सख़्त कार्यवाही की गई है। नगर विकास मंत्री के निर्देश पर प्रभारी अतिक्रमण रोधी दस्ता बृजेश वर्मा को तत्काल प्रभाव से पद से हटाते हुए अग्रिम अनुशासनात्मक कार्यवाही शुरू की गयी है। साथ ही आउटसोर्सिंग कर्मचारी सुदेश सिंह की सेवाएं समाप्त कर दी गई है। इस कार्यवाही से प्रभावित रेहड़ी-पटरी व्यापारियों से वार्ता करके कल रात्रि में ही हुए उनके नुकसान की भरपाई के लिए क्षतिपूर्ति का भुगतान नगर निगम झाँसी द्वारा कर दिया गया है।

नगर विकास मंत्री ने सभी निकाय कार्मिकों को सख्त निर्देश देते हुए कहा है कि प्रदेश के सभी नगरीय निकायों में सड़क किनारे जीविकोपार्जन करने वाले रेहड़ी पटरी विक्रेताओं और ठेला खोमचा लगाने वाले दुकानदारों को हटाते समय पूरी संवेदनशीलता बरते ।

अतिक्रमण हटाते समय पुराने पथ विक्रेताओं व रेहड़ी पटरी एवं ठेला खोमचा लगाने वाले दुकानदारों को अन्यत्र स्थान पर स्थानांतरित करते समय मानवीय दृष्टिकोण अपनाया जाए और नियमों का सख़्ती से पालन करते हुए हटाया जाए।

किसी भी स्तर पर अतिक्रमण के नाम पर लोगों का उत्पीड़न और कार्मिकों की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

# पंकज मेहरोत्रा का जवाहर भवन इंदिरा भवन कर्मचारी वेलफेयर संगठन महासचिव पद से इस्तीफा नामंजूर

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**लखनऊ।** जवाहर भवन इंदिरा भवन के महासचिव पंकज मेहरोत्रा का इस्तीफा अध्यक्ष मीना सिंह द्वारा स्वीकार नहीं किया गया और कमेटी के सभी पदाधिकारी ने एक बैठक में कहा कि पंकज भाई कर्मचारी हित में कार्य करते हैं इनका इस्तीफा हम सभी को मंजूर नहीं है। सभी ने एकजुट होकर पंकज मेहरोत्रा से जवाहर भवन इंदिरा भवन कर्मचारी वेलफेयर संगठन में महासचिव के पद पर बने रहने का अनुरोध किया जिसे पंकज मेहरोत्रा ने मान लिया।



श्री मेहरोत्रा ने कहा की मैं अपने कर्मचारी साथियों की भावनाओं को आहत नहीं कर सकता,कर्मचारियों के हित में मैं महासचिव का पद पुनः ग्रहण कर रहा हूँ।

# चोर से बरामद 25 लाख का सोना बेंचने में कानपुर के पूर्व थानाध्यक्ष समेत चार दोषी

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कानपुर (सुनील बाजपेई )।** यहां एक साथी कर से बरामद किए गए 25 लाख के सोने को बेचने के मामले में पूरी की गई जांच में रेल बाजार के पूर्व थानाध्यक्ष विजय दर्शन शर्मा समेत चार लोग दोषी पाए गए हैं ,जिनके खिलाफ अब पुलिस कमिश्नर अखिल कुमार की ओर से कार्रवाई किए जाने की तैयारी है।

जानकारी के मुताबिक इस मामले में जांच कमेटी ने पूर्व एसओ विजय दर्शन शर्मा, अंडर ट्रेनिंग दरोगा रविंद्र श्रीवास्तव, एचसीपी आमिल हाफिज और कार चालक आकाश को दोषी माना है। जबकि हेड कांस्टेबल सुभाष तिवारी को क्लीन चिट दे दी है।

आरोप है कि चारों दोषी पुलिस कर्मी सर्राफ की दुकान पर गए थे। जहां से सोना गलाकर चोर को छोड़ा गया। इसके बाद पुलिस कमिश्नर ने रेलबाजार एसओ रहे विजय दर्शन शर्मा समेत पांच पुलिस कर्मियों को निलंबित करके जांच के आदेश दिए गए थे। जिसके खिलाफ हाई कोर्ट जाने पर दरोगा विजय दर्शन बहाल हो गए थे, जबकि अन्य पुलिस कर्मी अभी भी निलंबित चल रहे है। इस बहुचर्चित मामले की जांच एडीसीपी ईस्ट राजेश श्रीवास्तव ने की थी। जिसमें उन्होंने थाना अध्यक्ष विजय दर्शन शर्मा सहित और अंडर ट्रेनिंग दरोगा सहित चार लोगों को दोषी पाया है।

अवगत कराते चलें कि बर्रा-6 में रहने वाली शिक्षिका शालिनी दुबे के घर से 10 अक्टूबर को 30 लाख से ज्यादा की चोरी हुई थी। तत्कालीन रेलबाजार एसओ विजय दर्शन ने चोरों को अरेस्ट करके 25 लाख का सोना बरामद किया और हड़प लिया था। इसके बाद चोरों को भी छोड़ दिया था, लेकिन बर्रा पुलिस ने चोरों को अरेस्ट किया तब दरोगा विजय दर्शन शर्मा द्वारा किए गए सोना बेचने के खेल का खुलासा हो गया था।

# सुंदर दीप वर्ल्ड स्कूल द्वारा किल्लामस के उपलक्ष्य में अनाधाश्रम में भोजन वितरण

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**पिलखुवा (गजेन्द्र राठी)।** क्रिसमस के पावन अवसर पर सुंदर दीप स्कूल ने समाज सेना के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को दर्शाते हुए ओम स्वामी विद्या मंदिर अनाथाश्रम में भोजन वितरण कार्यक्रम का आयोगान किया। स्कूल के वाइस चेयरमैन श्री अखिल जपाल श्रीमती शैली अग्रवाल, और प्रधानाचार्या श्रीमती सपना अहलावत के नेतृत्व में शिक्षकों और विद्यार्थियों ने अनाथाश्रम का दौरा किया और वहां के निवासियों को प्रेमपूर्वक भोजन परोसा। साथ ही, फल, मिठाई और अन्य आवश्यक वस्तुएं भी वितरित की गई। इस अवसर पर वाइस चेयरमैन अखिल अग्रवाल ने कहा, 'क्रिसमस कर असली अर्थ खुशियां बांटना है। हमारा उद्देश्य न केवल शिक्षा देना है, बल्कि सात्रों में सेवाभाव और संवेदनशीलता का विकास करना भी है। इस कार्यक्रम में भाग लेने वाले छात्रों ने इसे एक भावनामक अनुभव बताते हुए कहा कि इसने उन्हें समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी का एहसास कराया और दूसरों की मदद करने की प्रेरणा दी। सुंदर दीप वार्ड स्कूल भविष्य में भी इस तरह के समाजसेवी कार्यों में सक्रिय होगा।






# टिकौला शुगर मिल ने किया गन्ना भुगतान

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बहसूमा।** टिकौला शुगर मिल ने किसानों का गन्ना भुगतान 31 करोड़ 42 लाख रुपये का संबंधित समितियां को भेज दिया है। जिसकी पुष्टि गन्ना समिति सचिव ने की है। उनका कहना है कि गन्ना भुगतान किसानों के खाते में भुगतान पहुंच जायेगा। टिकौला शुगर मिल के अधिशासी अध्यक्ष एम0सी0 शर्मा ने बताया कि शुगर मिल ने सत्र 2024- 25 का 14 दिसंबर से 20 दिसंबर तक खरीदे गये गन्ने का सम्पूर्ण भुगतान 31.42 करोड़ रुपये इक्कतीस करोड़ बयालीस लाख रुपए का संबंधित समितियों के माध्यम से किसानों को कर दिया गया है। उनका कहना है कि किसान अपना गन्ना आपूर्ति करने पर साफ स्वच्छ ताजा गन्ना डालें। ताकि मिल की रिकवरी अच्छी हो और किसानों को भुगतान करने में कोई कमी न आये। गन्ना समिति सचिव सुभाषचंद यादव ने भुगतान की पुष्टि करते हुए बताया कि उन्हें मिल की एडवाइस मिल चुकी है जल्द ही किसानों के खाते में भुगतान पहुंच जायेगा।

# डीएम अंकल बहुत है ठंड, अब तो कर दीजिए स्कूलों की छुट्टी, नन्हे मुन्ने बच्चों ने डीएम अंकल से की छुट्टी की विनती

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बहसूमा।** डीएम अंकल बहुत ठंड है। स्कूल आने जाने में परेशानी होती है। स्कूल जाने के लिए सुबह स्नान करना किसी मुसीबत से कम नहीं है। प्लीज अब छुट्टी कर दीजिए जिससे राहत मिल सके यह दर्द है। स्कूल में पढ़ने जाने वाले नोनीहालों का हालांकि अभी स्कूलों की छुट्टी के आदेश नहीं दिए गए हैं। क्षेत्र में पड़ रही भीषण ठंड से आम आदमी परेशान है। घने कोहरे ने वाहन चालकों की मुसीबतें खड़ी कर दी हैं तो वहीं स्कूली बच्चों को ठिठुरते हुए स्कूल पहुंचना पड़ रहा है बुजुर्गों को भी खासी परेशानी उठानी पड़ रही है लोग खुद ही अलाव जलाकर ठंड से राहत पाते दिखते नजर आते हैं ठंड के सितम में ठिठुरकर स्कूल पहुंच रहे बच्चे भी डीएम अंकल से छुट्टी की विनती कर रहे हैं शुक्रवार तक भी स्कूलों की छुट्टी नहीं की गई है जिससे स्कूली बच्चे परेशान है अभिभावकों का कहना है कि प्रशासन को छुट्टी कर देनी चाहिए शुक्रवार की रात भी घना कोहरे की वजह से सड़कों पर गुजरने वाले वाहन रेंग-रेंग कर चलते नजर आए।

# दिनभर छाए रहे बादल, दिनभर होती रही बूंदाबांदी से बढ़ी ठंड

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बहसूमा।** बहसूमा क्षेत्र में शुक्रवार सुबह से मौसम का मिजाज बदल गया था। सोमवार सुबह से ही बादल छाए रहे सूरज दिन भर बादलों के बीच छिपा रहा।पूरे दिन बूंदाबांदी का सिलसिला जारी रहा। बृहस्पतिवार को दोपहर करीब 12 बजे हल्की धूप निकली थी।लेकिन कुछ समय बाद फिर बादल छा गए थे। बूंदाबांदी और हवा चलने से ठंडक बढ़ गई है लोग स्वेटर व जैकेट पहने नजर आए। बता दें कि रोजाना मामूली कोहरा होने के बाद अच्छी धूप निकाल रही थी, लेकिन बृहस्पतिवार सुबह से ही मौसम का रूख बदलने लगा था। सुबह लोग उठे तो बादल छाए हुए थे घना कोहरा छाया हुआ था। शुक्रवार सुबह भी यही नजारा रहा सूरज बादलों में छिपा रहा दिनभर बूंदाबांदी होती रही। दिनभर धूप न निकलने और हवा चलने से मौसम ठंडा हो गया। महिलाएं छोटे बच्चों को ऊनी कपड़े में गर्म टोपी पहनाकर पूरी तरह ढककर ही बाहर निकली। क्षेत्र में दिन भर बादल छाए रहने और बूंदाबांदी से मौसम का मिजाज बदल गया है।शुक्रवार सुबह से रुक-रुक कर हुई बूंदाबांदी से ठंड बढ़ गई है। इससे पहले मौसम बृहस्पतिवार से ही बदला नजर आया।

**अभियान चलाएगा** | यूपी एनसीसी निदेशालय प्रथम स्वतंत्रता संग्राम 1857 की याद में तथा उसमें...

# शहीद सैनिकों और नागरिकों के बलिदान को श्रद्धांजलि देने के लिए साइकिल अभियान चलाएगा

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**लखनऊ।** भारतीय गणतंत्र के 75वें वर्ष में, यूपी एनसीसी निदेशालय प्रथम स्वतंत्रता संग्राम 1857 की याद में तथा उसमें शहीद सैनिकों और नागरिकों के बलिदान को श्रद्धांजलि देने के लिए साइकिल अभियान चलाएगा। अभियान का शीर्षक 'संग्राम 1857' है, जिसका उद्देश्य अमृत काल में राष्ट्र निर्माण में अपना बहुमूल्य योगदान देने के लिए लोगों को प्रेरित करना है, जिसका संदेश है "समर से समृद्धि की ओर"। आगरा एनसीसी समूह के ग्रुप कमांडर ब्रिगेडियर एनएस चरग के नेतृत्व में अभियान दल में यूपी एनसीसी निदेशालय की पांच बालिका कैडेटों सहित 15 एनसीसी कैडेट शामिल हैं। अभियान 01 जनवरी 2025 को मेरठ से शुरू होगा, जो बरेली, लखनऊ, प्रयागराज, वाराणसी, कानपुर, झांसी, ग्वालियर, आगरा और मथुरा सहित 1857 संग्राम के सभी प्रमुख युद्धक्षेत्रों और महत्वपूर्ण स्थानों से होते हुए अंततः 27 जनवरी 2025 को नई दिल्ली में समाप्त होगा - 17 साइकिलिंग दिनों में कुल 2000 किमी की दूरी तय करेगा। अभियान दल को 04 जनवरी 2025 को मध्य कमान के जीओसी-इन-सी द्वारा लखनऊ में दल को हरी झंडी दिखाई जाएगी और 05 जनवरी 2025 को राजभवन से यूपी के माननीया राज्यपाल द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया जाएगा। अभियान अंततः नई दिल्ली में एनसीसी गणतंत्र दिवस शिविर 2025 की पीएम रैली में समाप्त होगा।






1857 में भारत का पहला स्वतंत्रता संग्राम ब्रिटिश शासन के खिलाफ पहला व्यापक प्रतिरोध था। यह विद्रोह, जो 29 मार्च 1857 को बैरकपुर में ब्रिटिश ईस्ट इंडिया कंपनी के स्थानीय सैनिकों द्वारा पी-1857 ली एनफील्ड राइफल की शुरूआत के विरोध के रूप में शुरू हुआ था, और 10 मई 1857 को एक विद्रोह में बदल गया। यह संग्राम कोलोनियल शासन के खिलाफ कई सामाजिक-राजनीतिक, धार्मिक, आर्थिक और सैन्य शिकायतों से प्रेरित था। विद्रोह मेरठ में शुरू हुआ, और जल्दी ही पूरे उत्तरी और मध्य भारत में फैल गया, खासकर दिल्ली, कानपुर, लखनऊ, प्रयागराज, वाराणसी और झांसी में - विद्रोह के अधिकांश केंद्र उत्तर प्रदेश राज्य में थे। स्वतंत्रता आंदोलन ने 1857 में लड़ने वालों की बहादुरी और बलिदान से प्रेरणा ली, जिसके परिणामस्वरूप 90 साल लंबा संघर्ष हुआ और अंततः 15 अगस्त 1947 को भारत को स्वतंत्रता मिली। विद्रोह में मंगल पांडे, कुंवर सिंह, तात्या टोपे, नाना साहब, खान बख्त और रानी लक्ष्मीबाई की वीरता की कहानियां आज भी हमें प्रेरित करती हैं।

राष्ट्रीय कैडेट कोर (एनसीसी), दुनिया का सबसे बड़ा वदीर्धारी युवा संगठन है, जो हमारे देश के युवाओं को देश के जिम्मेदार और देशभक्त नागरिक बनने के लिए प्रेरित और प्रशिक्षित करता है, और कई तरीकों से नागरिक आबादी की धारणाओं को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है, सामुदायिक विकास में योगदान देता है और राष्ट्रीय मूल्यों को बढ़ावा देता है। देश के 17 एनसीसी निदेशालयों में से, यूपी एनसीसी निदेशालय सबसे बड़ा है, और उत्तर प्रदेश राज्य के सभी 76 जिलों में इसकी उपस्थिति है, जिसमें लगभग 1.7 लाख कैडेट हैं।

## हाजी शफीक ने रतेंद्र कुमार को किया रक्तदान, हिंदू मुस्लिम एकता की पेश की नजीर

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कुन्दरकी** । हाजी शफीक ने रतेंद्र कुमार को ब्लड डोनेट कर इंसानियत की मिसाल कायम की है । शान ए कुन्दरकी ग्रुप ब्लड डोनेशन ने की हिंदू मुस्लिम एकता की मिसाल को कायम। संभल नगर गन्नौर के रहने वाले रतेंद्र कुमार जो पिछले काफी टाइम से बीमार चल रहे थे मुरादाबाद टीएमयू पाकबड़ा अस्पताल में एडमिट थे ऑपरेशन के दौरान डॉक्टर ने बताया रात मे ए पॉजिटिव ब्लड की आवश्यकता है ऑपरेशन इमरजेंसी में होना है ए पॉजिटिव ब्लड ना मिलने की वजह से पेशेंट के परिजन बहुत परेशान थे वही उनको किसी ने बताया कि शान ए कुंदरकी ग्रुप ब्लड डोनेशन निशुल्क करता है । मरीज के परिजनों ने निशुल्क ब्लड दान करने वाले ग्रुप से संपर्क किया। ग्रुप के संस्थापक ने ने रात में कुंदरकी नगर से हाजी शफीक अहमद को मुरादाबाद के पाकबाड़ा के टीएमयू हॉस्पिटल में भेजा वहां पर हाजी शफीक ने ब्लड देकर कि हिंदू मुस्लिम एकता की मिसाल कायम वही पेशेंट के परिजनों ने ग्रुप संस्थापक मोहम्मद रिजवान अल्वी अशरफी का और ग्रुप के वरिष्ठ सदस्य हाजी शफीक का किया शुक्रिया अदा किया ।



# नवदीप-जतिन की जोड़ी ने जीता एकदिवसीय बैडमिंटन टूर्नामेंट का खिताब: खेलों से होता है मानसिक और शारीरिक विकास: विजेंद्र सिंह

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** नगर के तहसील रोड स्थित कृष्णावती बैडमिंटन हॉल में आयोजित तहसील स्तरीय इमर्जिंग स्टार श्री बैडमिंटन टूनार्मेंट का आयोजन किया गया। बैडमिंटन टूनार्मेंट में क्षेत्र की 14 टीमों ने प्रतिभाग किया। टूनार्मेंट में विजयी खिलाड़ियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।तहसील रोड स्थित कृष्णावती बैडमिंटन हॉल में इमर्जिंग स्टार 3 बैडमिंटन टूनार्मेंट का शुभारंभ कांठ थाना प्रभारी निरीक्षक विजेंद्र सिंह एवं क्राइम इंस्पेक्टर जयदेव सिंह ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। टूनार्मेंट में तहसील क्षेत्र की 14 टीमों ने प्रतिभाग किया। टूनार्मेंट में क्षेत्र के उदयीमान व उत्साहित खिलाड़ियों ने अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन से भारी संख्या में उपस्थित दर्शकों का मन मोह लिया। टूनार्मेंट के फाइनल मैच में नवदीप शर्मा-जतिन बिश्नोई की जोड़ी ने दीक्षित और अंकित को 25-20 से हराकर ट्राफी पर कब्जा कर लिया। समापन में विजयी खिलाड़ियों को मुख्य अतिथि द्वारा ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। थाना प्रभारी निरीक्षक विजेंद्र सिंह ने कहा कि खेल को खेल की भावना से खेलना चाहिए खेल से शारीरिक और मानसिक विकास होता है। उन्होंने कहा कि खेल एक अनुशासित जीवन जीने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता और खेलों को हमें अपनी दिनचर्या में शामिल करना चाहिए। उन्होंने कृष्णावती बैडमिंटन क्लब समिति की भूरी-भूरी प्रशंसा की। इस अवसर पर कृष्णावती बैडमिंटन क्लब के प्रबंधक अचल कुमार बिश्नोई, डॉ विकास शर्मा, रोमी माहेश्वरी, एडवोकेट दीपक बिश्नोई , राजीव बिश्नोई, अनिल बिश्नोई, शेखर वर्मा, दीपक माहेश्वरी, धर्मेंद्र बिश्नोई, गौरव बिश्नोई,सोहन विश्नोई, आशीष बिश्नोई, अमित बिश्नोई, सुमित बिश्नोई, अभय माहेश्वरी, खुर्शीद अहमद,शहनवाज, मोहम्मद रफी, शुभम, मानव, आरुष, हरिओम वर्मा, अरुण मित्तल, दीपक लोहिया, मकसूद अहमद, डॉक्टर जावेद, राजन माइटी, सोनू आदि उपस्थित रहे।



## प्राथमिक स्कूलों के लिए 2025 का कैलेंडर जारी: बसंत पंचमी पर स्कूल जाएंगे बच्चे,नए कैलेंडर में छुट्टी समाप्त

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई )।** प्रदेश के प्राइमरी स्कूलों के लिए 2025 का कैलेंडर जारी हो गया है। बेसिक शिक्षा परिषद ने नई अवकाश तालिका जारी कर दी है । नए कैलेंडर में बसंत पंचमी का अवकाश समाप्त कर दिया गया है, जबकि अनंत चतुर्दशी पर छुट्टी घोषित की गई है। नए साल में शिक्षकों को 31 अवकाश मिलेंगे। इस बार तीन रविवार को तीन छुट्टियां पड़ रही हैं। बसंत पंचमी तीन फरवरी सोमवार को पड़ रही है। जबकि, अनंत चतुर्दशी छह सितंबर शनिवार को है। अनंत चतुर्दशी पर पहली बार छुट्टी घोषित हुई है। यह सूची सभी बेसिक शिक्षा अधिकारियों को भेजी गई है। नए साल में शिक्षकों को मिलेंगी 31 छुट्टियां’वहीं, हरतालिका तीज, करवाचौथ, संकठा चतुर्थी और ललई छठ, जीउतिया, अहोई अष्टमी का अवकाश शिक्षिकाओं, जबकि पितृ विसर्जन का अवकाश शिक्षक/शिक्षिकाओं को देय होगा। 2025 में मिलने वाले 31 अवकाश में से तीन रविवार को पड़ रहे हैं। गणतंत्र दिवस 26 जनवरी, रामनवमी 31 मार्च और मोहर्रम छह जुलाई रविवार को है। वहीं, दस अवकाश ऐसे हैं जो शनिवार या सोमवार को पड़ रहे हैं।




## वातावरण को प्रदूषण से बचाने के लिए लाखों की लागत से गांव-गांव बने "रिसोर्स रिकवरी सेंटर बने शोपीस "

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** योगी सरकार ने स्वच्छता अभियान के अंतर्गत कचरा प्रबंधन करने और वातावरण को प्रदूषण से बचाने के लिए गांव-गांव रिसोर्स रिकवरी सैंटरो की स्थापना की थी। जिसका मकसद कचरे का संग्रह और वर्गीकरण. कचरे से मूल्यवान संसाधनों की पुनः प्राप्ति (जैसे कि प्लास्टिक, कागज, धातु आदि). पुनः प्राप्त संसाधनों का प्रसंस्करण और पैकेजिंग. पुनः प्राप्त संसाधनों का बिक्री और वितरण. कचरे को कम करना और उसका प्रबंधन करना मूल्यवान संसाधनों को पुनः प्राप्त करना स्थानीय अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देना पर्यावरण की सुरक्षा करना था। इसके लिए सरकार ने करोड़ों रुपए खर्च किए। लेकिन यह योजना सफल नहीं हो सकी है गांव के बाहर सड़क पर लोग कूड़ा डालकर वातावरण को दूषित कर रहे हैं’गांव में आरआरसी स्थापित करने से स्थानीय लोगों को रोजगार के अवसर मिल सकते और गांव की स्वच्छता और पर्यावरण की रक्षा भी की जानी थी। मगर इन सेंट्रो के निर्माण के बाद इनमें ताले लटक गए और खुशहालपुर आदि काफी जगह पर इसका संचालन तक नहीं हो सका एक तरफ रिसोर्स रिकवरी सेंट्रो पर ताले लटके हैं और दूसरी और गांव के बाहर सड़कों के किनारे कचरो के ढेर वातावरण को दूषित कर रहे हैं।






## कांग्रेसियों ने पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह को दी श्रद्धांजलि, मनमोहन सिंह की आर्थिक नीतियों को देश ने सराहा : डॉ सिराजुद्दीन अंसारी

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** पूर्व प्रधानमन्त्री मनमोहन सिंह के निधन पर ब्लाक कांग्रेस कमेटी कार्यालय पर शुक्रवार को शोक सभा आयोजित की गयी, जिसमे पूर्व प्रधानमंत्री को भावभीनी श्रद्धांजलि दी गयी’बताया गया कि वह 2004 से 2014 तक प्रधान मन्त्री रहे आपके प्रधान मन्त्री काल में देश ने आर्थिक व शिक्षा जगत में जो प्रगति की उसको सारी दुनिया ने सराहा। आपने दुनिया के सबसे बड़े लोकतांत्रिक देश का सफलता के साथ नेतृत्व लिया। आर्थिक नीति को लेकर दुनिया तक याद किया जाता रहेगा’ 2 मिनट का मौन धारण कर उनकी आत्मा के लिए शांति की प्रार्थना की गई। इस अवसर पर रामस्वरूप सिंह जाटव, सरदार गुरविंदर सिंह गांधी, शरीफ आजाद,जफर अली, तारिक रियाज, सुरेंद्र सिंह, सीपी सिंह, विजय भटनागर, डॉक्टर सिराजुद्दीन अंसारी, विजयपाल सिंह,ठाकुर जयप्रकाश सिंह आदि मौजूद रहे।



## भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा आज मुरादाबाद में पहुंचेंगे, स्वागत के लिए भाजपा ने की तैयारी

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई )।** भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा 28 दिसंबर की सुबह 11:30 बजे बागड़पुर के एक फार्म हाउस आएंगे। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष सहित वरिष्ठ नेता और कार्यकर्ता राष्ट्रीय अध्यक्ष का स्वागत करेंगे।पार्टी के क्षेत्रीय महामंत्री हरिओम शर्मा ने इस मामले में पार्टी पदाधिकारियों के साथ बैठक कर जानकारी दी। बताया कि टीएमयू से पहले राष्ट्रीय अध्यक्ष का एनएच 9 पर स्वागत किया जाएगा। पार्टी पदाधिकारियों ने फार्म हाउस पर स्वागत स्थल का जायजा लिया।बैठक में जिला अध्यक्ष आकाश कुमार पाल, महानगर अध्यक्ष संजय शर्मा, जिला पंचायत अध्यक्ष डॉक्टर शेफाली, पूर्व विधायक राजेश कुमार चुन्नू, जिला महामंत्री राजन बिश्नोई, कमल प्रजापति, चंद्रपाल सैनी, जिला मीडिया प्रभारी संजय ढाका, मंगल सिंह सैनी, मूंढापांडे ब्लॉक प्रमुख डॉक्टर नवदीप यादव, जिला मंत्री चकित चौधरी, पंकज कुमार, अरुण पंडित आदि मौजूद रहे।



# नौ लाख तक की आय वालों को भी अब पीएम आवास मिलेगा

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** प्रदेश में जल्द ही प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी-2) लागू करने की तैयारी है। इसके लिए वे लोग पात्र माने जाएंगे, जिन्हें शहरों में 20 सालों में केंद्र, राज्य की किसी भी आवासीय योजना में लाभ नहीं मिला है। इस बार योजना में ईडब्ल्यूएस, एलआईजी के साथ मध्य आय वर्ग के लोग भी पात्र माने जाएंगे। इसके दायरे में सालाना छह से नौ लाख रुपये कमाने वाले पात्र माने जाएंगे। इस योजना में मध्य वर्ग के लोगों को शामिल करते हुए मकान दिया जाएगा।केंद्र सरकार ने 2015-16 से प्रधानमंत्री आवास योजना एक की शुरूआत की थी। यह योजना समाप्त हो गई है। अब नई योजना पीएम आवास-दो की शुरूआत केंद्र सरकार द्वारा की गई है। उत्तर प्रदेश में इसकी तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। योजना में दो की जगह तीन श्रेणियों में लोगों को पात्र माना जाएगा। दुर्बल आय वर्ग (ईडब्ल्यूएस) तीन लाख, निम्न आय वर्ग (एलआईजी) तीन से छह लाख और मध्य आय वर्ग (एमआईजी) में छह से नौ लाख रुपये सालाना आय वाले। उच्चस्तर पर सहमति बनने के बाद कैबिनेट से प्रस्ताव पास कराने की तैयारी है। इन्हें नहीं माना जाएगा पात्रः योजना शहरी एक के तहत 31 दिसंबर 2023 के बाद केंद्रीय स्वीकृति निगरानी समिति द्वारा आवंटन खारिज होता है, तो वे इसमें पात्र नहीं होंगे। हर जिले में तीन सदस्यीय समिति की देखरेख में पात्र चुने जाएंगे।

प्रधानमंत्री आवास योजना

## यूनिवर्सिटी में भ्रमण कर स्कूली बच्चों ने उच्च शिक्षा की जानकारी प्राप्त की

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कुन्दरकी।** क्षेत्र के ग्राम जैतपुर पट्टी मे स्थित ज्वाली राम इंटर कॉलेज के हाईस्कूल तथा इंटर के बच्चे मुरादाबाद आई एफ टी एम यूनिवर्सिटी बिजिट के लिए पहुंचे बहा उन्होने उच्च शिक्षा के बिषय के वारे मे जानकारी प्राप्त की तथा संस्थान मे भ्रमण कर विभिन्न कोर्स की जानकारी प्राप्त की तथा प्रधानाचार्य अमर सिंह सैनी ने बताया कि शिक्षित होकर बच्चे विभिन्न क्षेत्रों मे देश की सेवा करते है । मडंल महामंत्री ठाकुर अरविन्द कुमार पुडीर ने बताया कि शिक्षा मनुष्य को अलग पहचान दिलाती है शिक्षित व्यक्ती ही समाज को अलग दिशा देता है हम सभी को शिक्षित होकर अपने लक्ष्य को प्राप्त करे । कार्यक्रम मे प्रधानाचार्य अमर सिंह सैनी,शिक्षक अकुर जैन, देशराज सिंह, अजव सिंह,अजहर पठान , गजेंद्र सिंह , उदय सैनी, सुनीता देवी,भावना देवी,ज्योति देवी, अरशु, हिना, सुमाएला, गुलफिजा, सोभा मुख्य रूप से उपस्थित रहे।





## बाल विकास विभाग के सर्वे में 1527 बच्चे अति कुपोषण श्रेणी में पाए गए, कुपोषण से बचाने के लिए अभिभावकों को किया जाएगा जागरूक

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** अति कुपोषण की मार नौनिहालों पर भारी पड़ रही है। बाल विकास विभाग के सर्वे के अनुसार जिले में 1527 बच्चे अति कुपोषित की श्रेणी में हैं। अब इन बच्चों को पोषण पुनर्वास केंद्र में रखकर चिकित्सकों की देखरेख में पोषण आहार और बेहतर उपचार दिया जाएगा। इन बच्चों के अभिभावकों को शिविर लगाकर इन्हें कुपोषण की चपेट से बचाने के लिए भी जागरूक किया जाएगा।बाल विकास विभाग ने यह सर्वे नवंबर के महीने में आंगनबाड़ी केंद्रों में किए हैं। इस सर्वे में जनपद में कुल 1527 बच्चे अतिकुपोषित वर्ग में चिह्नित किए गए हैं, जबकि इससे पहले अक्तूबर के महीने में जनपद में कुल 1581 बच्चे अतिकुपोषित वर्ग में चिह्नित किए गए थे। नवंबर महीने की रिपोर्ट के मुताबिक सबसे अधिक अतिकुपोषित बच्चे नगर निगम की सीमा क्षेत्र में मिले हैं। यहां सर्वे के दौरान 446 बच्चे अतिकुपोषित पाए गए हैं। जबकि, कुंदरकी ब्लॉक में 190 और ठाकुरद्वारा ब्लॉक मे 178,डिलारी 162,मुरादाबाद देहात116,छजलैट 108, मुंढापांडे 103,भगतपुर टांडा 100,बिलारी ब्लॉक में 178 बच्चे अतिकुपोषण की चपेट में पाए गए हैं। बाल विकास विभाग की ओर से अब इन सभी बच्चों के स्वास्थ्य में सुधार लाने की कवायद शुरू की गई है। जनपद में हर महीने 1500-1800 बच्चे अतिकुपोषण की जद में चिह्नित किए जा रहे हैं। चिह्नित बच्चों को जिला अस्पताल में बनाए गए पोषण पुनर्वास केंद्र में चिकित्सकों की निगरानी में रखा जा रहा है और उन्हें पोषण व उपचार मुहैया कराया जा रहा है। बाल विकास विभाग की ओर से आंगनबाड़ी के साथ-साथ शहरी क्षेत्रों में भी शिविर लगाकर लोगों को जागरूक किया जा रहा है। बच्चों की जांच उनकी लंबाई, ऊंचाई और वजन के हिसाब से की जा रही है।

## शिक्षक संघ की मासिक बैठक अब न्याय पंचायत स्तर पर हुआ करेगी

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ ब्लॉक कार्य समिति व संघर्ष समिति की संयुक्त बैठक शुक्रवार को जूनियर हाई स्कूल भीकनपुर में आयोजित की गई’ बैठक की अध्यक्षता

**शिक्षक संघ की ब्लॉक कार्य समिति एवं संघर्ष समिति की संयुक्त बैठक का हुआ आयोजन, शिक्षकों की समस्याओं के लिए उनका दरवाजा 24 घंटे खुला हुआ है: डॉ कपिल सिरोही**

डॉ कपिल सिरोही (अध्यक्ष उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ छजलैट) द्वारा की गयी।बैठक को संबोधित करते हुए डॉक्टर कपिल सिरोही ने कहा कि संगठन शिक्षक हितों के लिए पूरी तत्परता से कार्य कर रहा है, शिक्षकों द्वारा जो समस्याएं बताई जाती हैं उनका संगठन द्वारा समय से निस्तारण कर रहा है । तहसील प्रभारी दुष्यंत यादव ने कहा की संगठन शिक्षकों की समस्याओं के लिए तत्पर है।वरिष्ठ उपाध्यक्ष हेतराम सिंह ने कहा कि वर्षों से प्राथमिक शिक्षक संघ शिक्षक हितों की लड़ाई लड़ता आ रहा है,आगे भी पूरी तत्परता के साथ हम शिक्षक हितों कि लड़ाई लड़ते रहेंगे। कोषाध्यक्ष मोहम्मद रिजवान ने कहा कि संगठन ब्लॉक की सभी न्याय पंचायतों पर बैठक कर शिक्षकों की समस्याओं का निस्तारण का प्रयास करेगा।बैठक में एरियर,चयन वेतनमान, डीए एरियर,एनपीएस आदि के संबंध में विचार विमर्श किया गया।उपाध्यक्ष दिनेश सैनी ने कहा की संगठन निस्वार्थ भाव से कार्य कर रहा है। ब्लॉक मंत्री मेघराज सिंह ने कहा की उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ शिक्षक हितों की लड़ाई के लिए हमेशा तैयार है।बैठक में दुष्यंत यादव,हेतराम सिंह,मो रिजवान,शमीम अहमद,दिनेश सैनी, मधुबाला,कृष्ण गोपाल सिंह,लोकिन्दर सिंह, मेघराज सिंह, धर्मेन्द्र सिंह,गौरव चौधरी, नरेन्द्र सिंह आदि पदाधिकारी उपस्थित रहे। संचालन मेघराज सिंह ने किया’ बैठक के बाद संघ के ब्लॉक अध्यक्ष डॉक्टर कपिल सिरोही ने "बुलंद सन्देश " को बताया कि शिक्षक संघ की मासिक बैठक अब न्याय पंचायत स्तर पर हुआ करेगी ताकि शिक्षकों की समस्याओं का तुरंत निस्तारण हो सके ’ शिक्षकों की समस्याओं को सुनने के लिए उनके दरबार 24 घंटे खुला हुआ है । शिक्षकों का उत्पीड़न किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।




## भूल भुलैया का 50 रुपये में उठाएं लुत्फ, भूलभुलैया आम पब्लिक के लिए खुली

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** भूल भुलैया आम नागरिकों के लिए खोल दी गई है । तीन साल से कम उम्र के बच्चों के लिए निशुल्क व्यवस्था रहेगी। नगर आयुक्त दिव्यांशु पटेल ने बताया कि आम लोगों के लिए भूलभुलैया का टिकट 50 रुपये निर्धारित किया है। पांच साल से कम उम्र के बच्चों के लिए 25 रुपये टिकट रखी गई है। करीब तीन करोड़ रुपये की लागत से तैयार भूलभुलैया का लुत्फ लेने के लिए महानगर के लोग खासे उत्सुक हैं।शहरी के अलावा बाहरी लोगों के लिए आकर्षण होगी तीन करोड़ से बनी भूलभुलैया मेयर विनोद अग्रवाल ने बताया कि यह भूलभुलैया न केवल स्थानीय नागरिकों बल्कि बाहर से आने वाले लोगों के लिए भी विशेष आकर्षण होगी। इसके शीशों में घूमने का अनुभव ऐसा होगा जैसे वह किसी अद्भुत संसार में प्रवेश कर गए हों।

योगी आदित्यनाथ सरकार का यह कदम मुरादाबाद को स्मार्ट सिटी बनाने की दिशा में एक और मील का पत्थर साबित होगा।

## शासन के निर्देश पर नगर पंचायत उमरी कला में चलाया गया प्लास्टिक उन्मूलन अभियान, जप्त की गई पॉलिथीन अर्थ दंड वसूला

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई )।** शासन के निर्देश पर आज नगर पंचायत उमरी कलां के अधिशासी अधिकारी स्वेतांक सारस्वत द्वारा पॉलिथीन के विरुद्ध प्लास्टिक उन्मूलन अभियान चलाया गया। जिसमें छापेमारी कर पालीथीन जब्त की गई अर्थदंड वसूल किया गया एवम् प्लास्टिक इस्तेमाल ना करने हेतु लोगों को जागरूक किया गया। उन्होंने दुकानदारों से कहा कि सरकार ने पॉलिथीन पर प्रतिबंध लगाया है इसलिए सरकार को सहयोग करना हम सभी की जिम्मेदारी है उन्होंने कहा कि अगली बार पॉलिथीन जब्त करने पर और अधिक जुमार्ना वसूला जाएगा। इस अभियान मे पुलिस बल भी उपस्थित रहा। उल्लेखनीय है कि पॉलिथीन के बैग पर प्रतिबंध लगाने के बावजूद खुलेआम इसकी बिक्री हो रही है।



**याद किया** — बालक बालिकाओं को शिक्षा के लिए प्रेरित किया

# दूसरी बरसी पर रेहाना रहमान को याद किया गया

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कुन्दरकी।** ब्लॉक क्षेत्र के गांव मिलक वहांपुर में स्थित नवभारत समाज स्कूल परिसर में अंतराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त समाज सेविका के दूसरे सालाना फातेहा के मौके पर नवभारत समाज कल्याण समिति शिक्षाविद समाज सेवी गण एवं क्षेत्र की महान विभूतियों ने रेहाना रहमान को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनकी सेवाओं को याद किया। समाज सेवी एच आर सनी ने बताया कि नब्बे के दशक में जब कुंदरकी इलाके में स्कूल कॉलेज नहीं थे उस समय घर घर पदयात्रा कर के ग्रामीणों को जागरूक किया बालक बालिकाओं को शिक्षा के लिए प्रेरित किया। एक पेड़ के नीचे कुछ बच्चों को खुद पढ़ाना शुरू किया और शिक्षा के क्षेत्र उनका दायरा बढ़ता गया। वो जिला साक्षरता समिति की सदस्य रहीं। कुंदरकी की महिला साक्षरता प्रभारी एवं युवा कल्याण विभाग की ब्लॉक महिला संगठिका के रूप में महिलाओं एवं किशोरियों को शिक्षित और संगठित किया। उन्होंने साउथ एशिया पार्टनरशिप एवं राष्ट्रीय स्तर की संस्थाओं के साथ नेटवर्क बना कर न केवल उत्तर प्रदेश के अनेक स्थानों पर अपने मिशन को आगे बढ़ाया। वर्ष 2002 मे उन्हे प्रदेश स्तर का प्रेम भाई सम्मान प्राप्त हुआ ये प्रदेश से केवल एक महिला को दिया जाता था। वो नेहरू युवा केंद्र मुरादाबाद की सलाहकार समिति की सदस्य रहीं। आकाश वाणी रामपुर की सलाहकार समिति की सदस्य रहीं और तीन दशकों तक उनकी वार्ता प्रसारित होती रही रेडियो

कार्यक्रम के माध्यम से लोगो को जागरूक किया। वो उत्तर प्रदेश वॉलंट्री एक्शन नेटवर्क की उपाध्यक्ष रही और मुरादाबाद एडवाइजरी कमेटी की सदस्य रही।उन्हे अनेक बार राष्ट्रीय स्तर के पुरस्कार से सम्मानित किया गया। पूर्व राष्ट्रपति डॉ ए पी जे अब्दुल कलाम ने भोज पर आमंत्रित किया। पूर्व गृहमंत्री शिवराज पाटिल द्वारा सर्वेंट ऑफ थे पूअर राष्ट्रीय स्तर का अवार्ड प्राप्त हुआ। वर्ष 2013मे गॉडफ्रे फिलिप्स जैसा प्रतिष्ठित राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया। 2014मे केंद्रीय महिला कल्याण विभाग द्वारा अब के बरस मुझे बिटिया ही दीजियो कार्य कर्म के अन्तर्गत देश की सर्वश्रेष्ठ सौ महिलाओं में चुना गया और फोकस चैनल ने उनके जीवन पर आधारित फिल्म बनाई को दूरदर्शन केन्द्र से प्रसारित की गई। एन डी टी वी चैनल ने भी उन पर डॉक्यूमेंट्री फिल्म बनाई। मरहूमा रेहाना रहमान ने मलाला यूसुफजई के साथ मिलकर मुरादाबाद में बालिका शिक्षा पर उत्कृष्ट कार्य किया और उन्हें दो बार दुबई और एक बार दोहा मे अंतर्राष्ट्रीय शिक्षा सेमिनार में भारत का प्रतिनिधित्व करने का अवसर मिला।मुरादाबाद पुलिस लाइन के नारी उत्थान केंद्र मे हिंसा से पीड़ित महिलाओं की सलाहकार के रूप मे सेवा का अवसर मिला और उन्होंने समझौते के माध्यम से सैकड़ों घर आबाद कराए। इस मरहुमा रेहाना रहमान की सेवाओं को मुरादाबाद की जनता कभी भूल नहीं पायेगी।







## देहात के पते पर पंजीकृत ई रिक्शा अब मुरादाबाद शहर में प्रवेश नहीं कर सकेंगे

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** मुरादाबाद नगर को जाम से मुक्त करने के लिए ट्रैफिक पुलिस ने फिर नया प्रयोग किया है। ई-रिक्शा मालिकों के पते के अनुसार उन्हें जोन दिया है। इसके लिए जिले को पांच जोन में बांटा गया है। ऐसे में अब देहात के पते पर जो ई-रिक्शा मालिक पंजीयन कराया है वह शहर में ई-रिक्शा लेकर प्रवेश नहीं कर सकेंगे। इससे उम्मीद है कि इस बार शहर में कुछ जाम से निजात मिल सकती है। यह नियम बरेली में पहले ही लागू किया जा चुका है। इसका कोई बड़ा लाभ नहीं मिला है।एसपी ट्रैफिक सुभाष चंद्र गंगवार ने बताया कि यातायात व्यवस्था के सही करने व जाम से निजात दिलाने के लिए जनपद के नगर निगम मुरादाबाद सीमा के अन्तर्गत जनहित में वाहन स्वामी (ई-रिक्शा) के पंजीकृत मूल पते के अनुरूप पांच जोन में बांटकर जोन व्यवस्था को लागू किया गया है। ई-रिक्शा स्वामी अपना जोन नंबर प्रभारी निरीक्षक यातायात कार्यालय से प्राप्त कर सकते हैं। ई-रिक्शा के वाहन स्वामी का मूल पता नगर निगम क्षेत्र के बाहर व देहात का होने की स्थिति में उन वाहन स्वामियों को नगर निगम सीमा में ई-रिक्शा चलाने की अनुमति नहीं होगी।





# अद्रिजा रॉय ने अनुपमा में ली एंट्री, अलीशा परवीन को किया रिप्लेस, निभाएंगी राही का रोल

अनुपमा में इन दिनों काफी फेरबदल दिख रहा है. शो में राही का रोल निभाने वाली एक्ट्रेस अलीशा परवीन को मेकर्स ने निकाल दिया. उनकी जगह मेकर्स ने एक्ट्रेस अद्रिजा रॉय को कास्ट किया है। अद्रिजा रॉय के साथ शूटिंग शुरू हो गई है. अद्रिजा को शिवम खजूरिया के अपोजिट रोल में देखा जाएगा. मेकर्स ने ऑफिशिय अनाउंसमेंट कर दी है। अद्रिजा रॉय का जन्म कोलकाता में हुआ था और उन्होंने बंगाली सीरीज से ही टीवी डेब्यू किया था. वो 2016 में शो बेदिनी मोलुआर कोठा में नजर आई थी। इस शो से उन्हें बहुत तारीफ मिली थी. उनकी एक्टिंग को पसंद किया गया था. इसके बाद उन्होंने और भी बंगाली शो में काम किया। वो दुर्गा दुर्गेश्वरी, पोटोल कुमार गाणवाला, जय काली कलकत्तेवाली, बिक्रम बेताल और मौउ एर बारी जैसे शो में नजर आई थीं। 2023 में अद्रिजा ने हिंदी टीवी इंडस्ट्री में एंट्री ली और खुद को प्रॉमिनेंट फिगर के तौर पर स्टैब्लिश किया. उन्होंने इमली में काम किया.

उन्होंने पॉपुलर शो कुंडली भाग्य में भी काम किया. इस शो में डॉक्टर पालकी खुराना का रोल प्ले किया था। उन्होंने बंगाली फिल्म परिणीता और गोल्पेर मायाजाल में भी काम किया है. अब उन्हें अनुपमा में देखा जाएगा. अद्रिजा सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव हैं।

# अगले साल मार्च में शुरू होगी जेलर 2 की शूटिंग, रजनीकांत के साथ शेड्यूल में शामिल होंगे कई सितारे



सुपरस्टार रजनीकांत ने 2023 में ब्लॉकबस्टर फिल्म जेलर के लिए फिल्म निमार्ता नेल्सन दिलीपकुमार के साथ मिलकर काम किया था। इस फिल्म में दिग्गज अभिनेता ने मुख्य भूमिका निभाई थी, जो तमिल सिनेमा की अब तक की सबसे बड़ी ब्लॉकबस्टर फिल्मों में से एक बन गई। सुपरस्टार रजनीकांत वर्तमान में लोकेश कनगराज द्वारा निर्देशित अपनी अगली फिल्म कुली पर काम कर रहे हैं, जिसे 2025 में रिलीज किया जाना है। वहीं, अब फिल्म की शूटिंग को लेकर बड़ी जानकारी सामने आई है।

फिल्म को लेकर ताजा जानकारी सामने आई है कि रजनीकांत अगले साल मार्च में जेलर 2 की शूटिंग शुरू करेंगे। रिपोर्ट्स के अनुसार, रजनीकांत- नेल्सन दिलीपकुमार की फिल्म अगले साल की शुरूआत में फ्लोर पर आएगी। 2023 की ब्लॉकबस्टर जेलर का सीक्वल सुपरस्टार और निर्देशक के बीच दूसरा सहयोग है।

सीक्वल को लेकर चर्चा काफी समय से चल रही है। जल्द ही आधिकारिक अपडेट मिलने की उम्मीद है। जेलर नाम की पहली फिल्म में रजनीकांत को एक रिटायर्ड पुलिस अधिकारी के रूप में दिखाया गया था, जो शांत जीवन जी रहा था। हालांकि, जब उसके पुलिस अधिकारी बेटे का अपहरण कर लिया जाता है और उसे मृत मान लिया जाता है तो उसकी दुनिया उलट जाती है, जिससे वह उन लोगों के खिलाफ बदला लेने की होड़ में लग जाता है, जिन पर उसे संदेह है।

फिल्म बदले की कहानी पर आधारित होने के बावजूद धीरे-धीरे डकैती की कहानी में बदल जाती है, जिसमें सेवानिवृत्त पुलिसकर्मी के शुरूआती दिनों की भी झलक मिलती है। रजनीकांत के अलावा जेलर में विनायकन, राम्या कृष्णन, तमन्ना भाटिया, वसंत रवि, मिर्ना मेनन, योगी बाबू और अन्य कलाकार प्रमुख भूमिकाओं में थे। फिल्म में मोहनलाल, शिव राजकुमार और जैकी श्रॉफ जैसे सितारों की कैमियो भूमिकाएं भी शामिल थीं।

वहीं, रजनीकांत रजनीकांत को आखिरी बार टीजे ज्ञानवेल द्वारा निर्देशित वेट्टैयन में देखा गया था। फिलहाल रजनीकांत निर्देशक लोकेश कनगराज के साथ कुली फिल्म कर रहे हैं। एक्शन थ्रिलर में प्रभावशाली कलाकारों की टोली है, जिसमें नागार्जुन अक्किनेनी, उपेंद्र, सौबिन शाहिर, श्रुति हासन और अन्य शामिल हैं।

# दे दे प्यार दे 2 को मिली नई रिलीज तारीख, अगले साल 14 नवंबर को रिलीज होगी फिल्म

साल 2019 में आई फिल्म दे दे प्यार दे का सीक्वल आ रहा है। यह फिल्म अगले साल मई में रिलीज होनी थी। मगर, इसकी रिलीज डेट अचानक टल गई। फिर कहा गया कि यह फिल्म सितंबर में आएगी। मगर, आज मेकर्स की तरफ से दी गई आधिकारिक जानकारी में पता चला है कि दर्शकों को अभी इस फिल्म के लिए लंबा इंतजार करना पड़ेगा। अजय देवगन, आर माधवन और रकुल प्रीत सिंह जैसे सितारों से सजी यह फिल्म कब रिलीज होगी? चलिए जानते हैं.



फिल्म दे दे प्यार दे 2 अब साल 2025 में नवंबर के महीने में रिलीज होगी। लव फिल्म्स की तरफ से इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट साझा किया गया है। इसमें लिखा है, फिल्म दे दे प्यार दे 2 14 नवंबर 2025 को रिलीज होगी। इस फिल्म का निर्देशन अंशुल शर्मा कर रहे हैं। भूषण कुमार, कृष्ण कुमार, लव रंजन और अंकुर गर्ग फिल्म को प्रोड्यूस कर रहे हैं। फिल्म को तरुण जैन और लव रंजन ने लिखा है दे दे प्यार दे 2 पहले 1 मई 2025 को रिलीज हो रही थी। लेकिन, अब नवंबर में बाल दिवस के अवसर पर फिल्म आएगी। हंसी-तफरी से लेकर रोमांस और फैमिली ड्रामा तक, इस फिल्म में सभी चीजें मौजूद हैं। फिल्म शैतान के बाद आर माधवन और अजय देवगन को एक बार फिर दर्शक साथ देख सकेंगे। फिल्म की रिलीज डेट सामने आने के बाद यूजर्स प्रतिक्रिया दे रहे हैं और मेकर्स से सवाल कर रहे हैं। एक यूजर ने लिखा, बाल दिवस पर रोमांटिक फिल्म रिलीज करने का क्या तुक है? वहीं एक अन्य यूजर ने लिखा, इतना लंबा इंतजार, बेकार रिलीज डेट है। फिल्म दे दे प्यार दे 2 की रिलीज डेट को अजय देवगन की ही फिल्म रेड 2 की वजह से आगे खिसकाया गया है। हाल ही में एलान किया गया कि फिल्म रेड 2 1 मई, 2025 को रिलीज होगी। ऐसे में दोनों फिल्मों के टकराव से बचने के लिए मेकर्स ने दे दे प्यार दे 2 की रिलीज डेट बदल दी।

# थाई स्लिट ड्रेस पहने श्रद्धा दास ने बिखेरा हुस्न का जलाव

साउथ एक्ट्रेस श्रद्धा दास हमेशा अपने लेटेस्ट लुक्स की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट कर अक्सर फैंस के होश उड़ाती रहती हैं। उनका कातिलाना अवतार इंटरनेट पर आते ही तेजी से वायरल होने लगता है। अब हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें फैंस के बीच साझा की हैं। इन तस्वीरों में उनका सेक्सी और हॉट अवतार देखकर लोग दीवाने हो गए हैं। अपनी एक्टिंग से ज्यादा फैशन स्टेटमेंट्स के कारण लाइमलाइट में रहने वाली एक्ट्रेस श्रद्धा दास लोगों के बीच काफी पॉपुलर हैं। वो जब भी अपनी तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती हैं तो फैंस उनके हर एक लुक पर अपनी



प्रतिक्रियाएं देते हैं। अब हाल ही में एक्ट्रेस श्रद्धा दास ने अपने लेटेस्ट बोल्ड फोटोशूट की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर शेयर की हैं। इन तस्वीरों में उनका हॉट एंड सेक्सी अंदाज देखकर फैंस बेकाबू हो गए हैं।

फोटोज में आप देख सकते हैं एक्ट्रेस श्रद्धा दास ने ब्लू कलर की थाई स्लिट ड्रेस पहनी हुई है, जिसमें वो बेहद ही स्टनिंग और किलर पोज देती हुई नजर आ रही हैं। बालों का हाई बन बनाकर और कानों में इयररिंग्स पहनकर एक्ट्रेस श्रद्धा दास ने अपने आउटलुक को बेहद ही शानदार तरीके से निखारा है। श्रद्धा दास सोशल मीडिया लवर हैं और आए दिन अपनी पर्सनल और प्रोफेशनल लाइफ से जुड़े अपडेट्स फैंस के बीच शेयर करती रहती हैं। श्रद्धा दास सोशल मीडिय पर काफी एक्टिव रहती हैं। उनकी इंस्टाग्राम पर फैन फॉलोइंग लिस्ट भी काफी जबरदस्त है। ये ही नहीं एक्ट्रेस का हर एक लुक इंटरनेट पर पोस्ट होते ही बवाल मचाने लगता है।

# बिना धोए या ड्राई क्लीन कराए रजाई-कंबल को कैसे बनाएं नए जैसा ? यहां जानिए निंजा टेक्निक, नहीं खर्च होंगे एक भी रुपये

कड़ाके की सर्दी ने दस्तक देना शुरू कर दिया है। सुबह कोहरे की चादर में लिपट कर आ रही है। वहीं शाम के ठिठुरन बढ़ने लगी है। ऐसे में हर घर में रजाई-कंबल का इस्तेमाल हो रहा है। लेकिन इनको साफ करना बेहद मुश्किल भरा होता है। कई लोगों के मन में सवाल होता है कि बिना ड्राई क्लीन कराए या बिना धोए क्या रजाई-कंबल को साफ किया जा सकता है? आज हम यहां आपके लिए एक ऐसी निंजा



टेक्निक लेकर आएं हैं जिससे आपको सर्दियों में बहुत हेल्प मिलने वाली है। यहां हम आपको कुछ ऐसी ट्रिक बताने वाले हैं जिससे आपके रजाई-कंबल बिना धोए ही चमकदार और साफ बने रहेंगे। हर किसी को ये ट्रिक जानने की जरूरत है।

रजाई और कंबल को बिना धोए या ड्राई क्लीन कराए कैसे रखें साफ?

1.सर्दियों में लगातार इस्तेमाल होने की वजह से रजाई गंदी हो जाती है या उसमें से महक आने लगती है। अगर आप भी इससे परेशान हैं और सर्दी में इसे धोना या ड्राई क्लीन कराना नहीं चाहते हैं तो आपको यहां बताई कुछ बातों का खास ख्याल रखना होगा। आइए जानते हैं इसके बारे में।

2.कभी भी रजाई को धोने गलती न करें। क्योंकि रजाई को धोने से इसकी ऊन खराब हो जाती है। इससे न केवल उसका रंग जा सकता है बल्कि ये पहले जितना गर्म भी नहीं करेगी।

3.अगर आप रजाई को धोएंगे तो वह दोबारा इस्तेमाल करने के लायक नहीं रह जाएगी। इसलिए हमेशा आप रजाई को पानी से धोने की बजाए धूप दिखाएं। अगर वो बहुत ज्यादा गंदी हो गई है तो आप उसकी धुनाई करवा सकते हैं। इससे रजाई बिल्कुल नए जैसा हो जाएगा। साथ ही कड़ाके की सर्दी में बहुत गर्म भी करेगा।

4.रजाई का इस्तेमाल करते समय अपनी पंसद का कोई अच्छा सा खोल इस्तेमाल करें। क्योंकि अगर ये फट जाता है या फिर गंदा हो जाता है तो उसे आसानी से बदला जा सकता है। ऐसा करने से आपकी ऊन को दोबारा रियूज कर पाएंगे। आपको नई रजाई दोबारा खरीदने की जरूरत नहीं पड़ेगी। आपके पैसे बचेंगे।

5.अगर आप चाहते हैं कि आपकी रजाई-कंबल की चमक बरकार रहे तो कोशिश करें की नियमित अंतराल पर इन्हें धूप दिखाई जाए। ऐसा करने से न केवल उसमें मौजूद कीटाणु और नमी हट जाएगी। बल्कि इसमें आने वाली बदबू भी हट जाएगी।

6.रजाई-कंबल को नया जैसा रखना चाहते हैं तो इन्हें गंदा होने से बचाना होगा। इसके लिए आप इनके ऊपर कवर जरूर चढ़ाएं। इससे आपके रजाई-कंबल की चमक बरकरार रहेगी।


7.सर्दियों कम होने या कम इस्तेमाल होने के दौरान हमेशा कंबल और रजाई को सूखे और हवादार स्थान पर ही रखें। ऐसा करने से इनमें कभी भी गंदी बदबू नहीं आएगी।

# चाय पीने के शौकीन हो जाएं सावधान, ज्यादा पीने से शरीर में होते ये नुकसान

सर्दियों में चाय की चुस्की लेना भला किसे पसंद नहीं होता है. गर्मियों में जो लोग चाय अवॉइड करते हैं, वे लोग भी सर्दियों में चाय पीना खूब पसंद करते हैं.भारत में अधिकांश लोगों को दूध वाली मीठी चाय पीना पसंद होता है. कई लोग तो पूरे दिन भर में 5-10 चाय तक पी जाते हैं. अगर आप भी इतनी चाय पीने के शौकीन हैं तो जरा सावधान हो जाइए. क्योंकि ज्यादा चाय पीने से कई तरह की स्वास्थ्य परेशानियां हो सकती हैं. खासतौर से गर्भवती महिलाओं को चाय पीने से बचना चाहिए, क्योंकि इसमें कैफीन होता है.आइए जानते हैं इसके बारे में।

**बढ़ सकती है दिल की धड़कन**

जो लोग ज्यादा चाय पीते हैं उनकी दिल की धड़कन बढ़ सकती है. चाय में कैफीन मौजूद होता है, जो सीमित मात्रा में एनर्जी और मेडिटेशन करने में मदद करता है. लेकिन अधिक मात्रा में कैफीन का सेवन अनिद्रा, बेचैनी और दिल की धड़कन बढ़ने का कारण बन सकता है।



**पेट दर्द या एसिडिटी की समस्या**

कभी भी खाली पेट चाय नहीं पीनी चाहिए. जो लोग खाली पेट चाय पीते हैं या बार-बार चाय पीने से पेट में एसिड बढ़ सकता है. जिससे पेट दर्द, एसिडिटी और गैस की समस्या हो सकती है. कुछ मामलों में, यह अल्सर का कारण भी बन सकता है।

**हो सकती है खून की कमी**

जो लोग ज्यादा चाय पीते हैं उनमें खून की कमी हो सकती है. चाय में टैनिक एसिड पाया जाता है, जो शरीर में आयरन के अवशोषण को कम कर देता है. खासकर जो लोग पहले से एनीमिया यानी खून की कमी से जूझ रहे हैं, उनके लिए ज्यादा चाय पीना खतरनाक साबित हो सकता है।

**चाय पीने का सही तरीका**

विशेषज्ञों का मानना है कि दिन में 2-3 कप चाय पीना उचित है. इसके अलावा, चाय पीने का समय भी मायने रखता है. खाली पेट चाय पीने से बचें और खाने के तुरंत बाद चाय न पिएं।

# केए10 के शीर्षक से उठा पर्दा, किरण अब्बावरम की प्रेम और रोमांटिक एक्शन फिल्म दिलरुबा का पहला पोस्टर भी जारी

युवा और प्रतिभाशाली नायक किरण अब्बावरम ने सस्पेंस थ्रिलर केए से सभी को प्रभावित किया है। अभिनेता अपनी अगली फिल्म के साथ सभी को आश्चर्यचकित करने के लिए तैयार हैं। अभिनेता की नई फिल्म का शीर्षक फाइनल हो गया है, दिलरुबा। शीर्षक पोस्टर ने पहले ही काफी दिलचस्पी पैदा कर दी है। रुखसार ढिल्लन फिल्म में मुख्य भूमिका निभाएंगी।

दिलरुबा का निर्माण शिवम सेल्युलॉइड्स और यूडली फिल्म्स द्वारा किया जा रहा है, जो सारेगामा इंडिया लिमिटेड का फिल्म स्टूडियो है। रवि, जोजो जोस, राकेश रेड्डी और सारेगामा इसके निमार्ता हैं, जबकि विश्व करुण इस दिलचस्प मनोरंजक फिल्म का निर्देशन कर रहे हैं। शीर्षक की घोषणा के साथ जारी किए गए पोस्टर ने उत्सुकता जगा दी है, क्योंकि किरण अब्बावरम एक अनोखे अंदाज और रवैये में दिखाई दे रहे हैं। टैगलाइन, हिज लव, हिज एंगर, किरण अब्बावरम द्वारा निभाए जाने वाले किरदार को दर्शाती है। दिलरुबा एक प्रेम और रोमांटिक एक्शन मनोरंजक फिल्म है, जो दर्शकों को लुभाने वाली है।



मशहूर संगीतकार सैम सीएस संगीत तैयार कर रहे हैं, जबकि डेनियल विस्वास सिनेमैटोग्राफी संभाल रहे हैं और प्रवीण केएल संपादक के रूप में काम कर रहे हैं। उनकी पिछली हिट, केए की सफलता के बाद, दिलरुबा से काफी उम्मीदें हैं। फिल्म फरवरी 2025 में रिलीज होगी।

# पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के निधन पर कांग्रेस नेता प्रमोद तिवारी और आराधना मिश्रा ने श्रद्धांजलि अर्पित की

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**लखनऊ।** प्रमोद तिवारी, सांसद, उप नेता, राज्य सभा एवं आराधना मिश्रा मोना, नेता, कांग्रेस विधान मण्डल दल, उत्तर प्रदेश ने पद्म विभूषण से सम्मानित रहे पूर्व प्रधानमंत्री डा. मनमोहन सिंह के निधन पर गहरा दुःख व्यक्त करते हुये उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की है ।

नेता द्वय ने कहा है कि स्व. डा. मनमेहन सिंह देश के ह्यह्यप्रथम अल्पसंख्यकह्लह्ल प्रधानमंत्री बने । जब वर्ष 1991 में एशिया के साथ भारत भी वैश्विक पटल पर आर्थिक रुप से अंधेरे में जूझ रहा था, उस समय आर्थिक क्रांति के सेनापति के रुप में भारत को आर्थिक अंधकार से निकाल कर दुनिया की पॉच महाशक्तियों में एक किया, इसका श्रेय स्व. नरसिंह राव के वित्त मंत्री के रुप में डा. मनमोहन सिंह को जाता है, उन्होंने कई साहस भरे जोखिम वाले कदम उठाये, जिससे उस समय भारत संभल सका। राइट टू फूड, मनरेगा उनके प्रधानमंत्री के कार्यकाल के रुप में देश की देन है, जो आज करोड़ों घरों में भोजन मिल रहा है, उन्हीं की नीति की बदौलत है। सूचना का अधिकार, किसानों की कर्जमाफी, एटामिक पैक्ट-यू.एस.ए. आदि के लिये भी साहस भरे कदम उठाये ।नेता द्वय ने कहा है कि स्व. डा. मनमोहन सिंह दुनिया के महान चुनिंदा अर्थशास्त्रियों में से ह्यह्यएकह्लह्ल थे। उन्होंने देश के वित्त मन्त्री के रूप में तथा भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर के रूप में भी देश की सेवा की, और अपनी अमिट छाप छोंड़ी । आर्थिक संकट से जूझ रहे देश के केन्द्रीय वित्त मन्त्री के रूप में उन्होने उस दौर में देश की सेवा की जब देश का सोना तक गिरवी रखने की नौबत आ गयी थी, उन्होंने आर्थिक सुधारों में देश को एक नयी दिशा दी और आर्थिक रूप से देश को आत्म निर्भर बनाया । स्व. डा. सिंह ने बड़ी ही बुद्धिमत्ता और निष्ठा तथा दूरदर्षिता के साथ देश की सेवा की ।नेता द्वय ने कहा है कि देश के लिये की गयी उनकी सेवायें हमेशा अनुकरणीय रहेंगी । सरल व्यक्तित्व, सौम्य स्वभाव और सहृदयता तथा ईमानदारी उनके जीवन की सबसे बड़ी पूंजी थी । देश ने एक चमकते हुये नक्षत्र को सदा सर्वदा के लिये खो दिया है जिसकी भरपाई कभी संभव नहीं होगी । हम ईश्वर से प्रार्थना करते हैं कि पूर्व प्रधानमंत्री स्व. डा. मनमोहन सिंह की आत्मा को शांति प्रदान करें, तथा उन्हें अपने श्रीचरणों में स्थान दें, और उनके परिजनों, सहयोगयों एवं प्रशंषकों को इस महान दुःख को सहन करने की शक्ति दें ।

# कांग्रेसी कार्यकर्ताओ ने पूर्व प्रधानमंत्री को कैंडल जलाकर नम आंखों से दी श्रद्धांजलि

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**अलीगढ।** पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह जी के निधन पर कांग्रेसी कार्यकताओं ने कैंडल जलाकर नमन आंखों से दी श्रद्धांजलि।

अनुसूचित जाति विभाग के प्रदेश महासचिव एवं कार्यवाहक जिला उपाध्यक्ष सागर सिंह तोमर जिला महामंत्री कैलाश वरिष्ठ कांग्रेसी नन्नू मलिक उर्फ अब्दुल सबूर कासगंज के पूर्व जिला अध्यक्ष इवरत खान महानगर सचिव दीपेश सिंह महानगर सचिव विक्की चैहान रविंद्र कुमार रवि बघेल मुकेश गौतम वीरेंद्र वर्मा परवेज कुमार गुड्डू डागा उर्फ राजकुमार शर्मा शौकत अली आशीष मनीष वर्मा आदि लोगों ने दी श्रद्धांजलि।अनुसूचित जाति विभाग के प्रदेश महासचिव सागर सिंह तोमर ने कहा पूर्व प्रधानमंत्री एवं महान अर्थशास्त्री डॉ. मनमोहन सिंह जी के निधन की खबर से मन अत्यंत व्यथित है।पूरे देश और कांग्रेस परिवार के लिए यह अपूरणीय क्षति है। आज भारतीय राजनीति में एक युग का अंत हो गया है।

उनकी दूरदर्शिता, सरलता और नीतिगत कुशलता ने भारत की अर्थव्यवस्था को नई दिशा दी और वैश्विक स्तर पर भारत का मान बढ़ाया। डॉक्टर मनमोहन सिंह जी को पांच फैसले जिनके लिए उनको याद हमेशा किया जाएगा शिक्षा का अधिकार 2009 सूचना का अधिकार 2005 मनरेगा 2005 राष्ट्रीय खाद सुरक्षा कानून 2013 भूमि अधिग्रहण कानून 2013 महामंत्री कैलाश गौतम ने कहा भारतीय राजनीति में उनके योगदानों को युगों-युगों तक याद रखा जाएगा।

उनके कार्य सदैव प्रेरणा स्त्रोत बने रहेंगे। ईश्वर से प्रार्थना है कि वह पुण्य आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान दें और शोक-संतप्त परिवार को इस अपार दुःख की घड़ी में धैर्य एवं संबल प्रदान करें।

# विनम्र्रता के प्रतीक थे मनमोहन सिंह, कभी सत्ता का मोह नहीं किया: हिमंता बिस्वा सरमा



**नई दिल्ली (आरएनएस)।** देश के पूर्व प्रधानमंत्री और दिग्गज अर्थशास्त्री मनमोहन सिंह को असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा ने असाधाराण विद्वान बताया है। उन्होंने पूर्व पीएम के निधन पर संवेदना जाहिर करते हुए कहा कि उन्होंने बेहतरीन राजनेता खो दिया है।

असम के मुख्यमंत्री ने अपने एक्स हैंडल पर लिखा, मुझे डॉ. मनमोहन सिंह जी को 1991 से जानने का सौभाग्य मिला है, जब वे असम से पहली बार राज्यसभा के लिए चुने गए थे- एक ऐसा राज्य जिसका उन्होंने 28 वर्षों तक प्रतिनिधित्व किया। डॉ. साहब विनम्रता के प्रतीक थे और उन्होंने कभी सत्ता के मोह में नहीं झुके। उनके साथ मेरी सभी बातचीत में, उनकी सादगी और शालीनता उनके बौद्धिक कौशल के साथ हमेशा सामने आई। प्रधानमंत्री के रूप में उनके कार्यकाल के दौरान, मुझे असम से संबंधित मुद्दों पर कई मौकों पर उनसे बातचीत करने का अवसर मिला और उन्होंने हमेशा हमें धैर्यपूर्वक सुना और सामाजिक मुद्दों के प्रति दृढ़ विश्वास दिखाया। विभाजन के बाद के भारत में साधारण पृष्ठभूमि से आने वाले, उन्होंने कई प्रतिष्ठित पदों पर राष्ट्र की सेवा की। उन्होंने आगे कहा, भारतीयों की एक पीढ़ी हमेशा मुक्त बाजार अर्थव्यवस्था की शुरूआत करने और दशकों से चली आ रही प्रतिगामी समाजवादी नीतियों को समाप्त करने में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका को याद रखेगी। उनके निधन से राष्ट्र ने एक महान देशभक्त, एक असाधारण विद्वान, एक अपरंपरागत राजनीतिज्ञ और एक बेहतरीन राजनेता खो दिया है। गुरशरण मैडम, उनके परिवार और शुभचिंतकों के प्रति मेरी गहरी संवेदनाएं। ओम शांति!

बता दें कि पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह ने 92 साल की उम्र में गुरुवार रात 9:51 बजे अंतिम सांस ली। उन्हें गुरुवार की रात स्वास्थ्य संबंधी परेशानियों की वजह से शाम 8.06 पर एम्स में भर्ती कराया गया था। वो घर पर अचानक बेहोश हो गए थे।

# पंचायती राज विभाग द्वारा महिलाओं के लिए संचालित योजनाओं पर राज्य महिला आयोग में कार्यशाला का आयोजन

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**लखनऊ (लेखराम मौर्य)।** उ.प्र. राज्य महिला आयोग में पंचायती राज विभाग द्वारा प्रदेश की महिलाओं के लिये संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी विषय पर आज एक कार्यशाला का आयोजन उ.प्र. राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष, डॉ. बबीता सिंह चौहान की अध्यक्षता में किया गया। उक्त कार्यशाला का शुभारम्भ आयोग की अध्यक्ष डॉ. बबीता सिंह चौहान, उपाध्यक्ष चारू चौधरी, राघवेन्द्र द्विवेदी, उप निदेशक, पंचायती राज विभाग उ.प्र. स्वाती गुप्ता कार्य अधिकारी (निदेशालय) पंचायती राज विभाग, सुश्री सुनीता सिंह राज्य सलाहकार (पी.आर.डी.) पंचायती राज विभाग द्वारा दीप प्रज्जवलित कर किया गया एवं पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय डॉ. मनमोहन सिंह को समस्त पदाधिकारियों द्वारा श्रंद्धाजलि अर्पित की गयी। जागरूकता कार्यक्रम में पंचायती राज के अधिकारीगण द्वारा प्रदेश में महिलाओं के लिये संचालित पंचायत सामान्य निर्वाचन एवं





प्रशिक्षण के माध्यम से प्रधानों की क्षमता संवर्द्धन, स्वच्छ भारत मिशन ग्रा., उपहार स्वरूप इज्जतघर, लो कास्ट सैनिटरी नैपकीन उत्पादन कार्यक्रम, महिलाओं द्वारा मानवमल ढोने की प्रथा का अंत, महिला रोजगार/स्वावलम्बन एवं सामुदायिक शौचालय संचालन, मासिक धर्म स्वच्छता अपशिष्ट प्रबन्धन इन्सनीरेटर निर्माण, केन्द्रीय एवं राज्य वित्त आयोग, मिशन शक्ति अन्तर्गत विभिन्न फेजों में महिला केन्द्रित गतिविधियों का संचालन, पंचायतों को पुरस्कार के माध्यम से प्रोत्साहन एवं सतत विकास लक्ष्यों की स्थानीय स्तर पर प्राप्ति आदि योजनाओं के सम्बन्ध में सम्पूर्ण राघवेन्द्र द्विवेदी, उप निदेशक, पंचायती राज विभाग उ.प्र., स्वाती गुप्ता कार्य अधिकारी (निदेशालय) पंचायती राज विभाग, सुनीता सिंह राज्य सलाहकार (पी.आर.डी.) पंचायती राज विभाग ।

## भोलू उर्फ आनन्द की हत्या में संलिप्त 03 हत्यारोपी गिरफ्तार

# निशादेही से आलाकत्ल अधजला डंडा व घटना में प्रयुक्त स्कूटी आदि बरामद

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**स्याना (वसीम खाँन)।** कोतवाली के सराय चौकी क्षेत्र के गांव हाजीपुर के जंगल में दिन से लापता युवक का शव ईंख के खेत में पड़ा मिला 18 दिसंबर को आनंद को घर से बुलाकर ले गई थे दोस्त घर वापस नहीं लौटा था आनंद परिजन कर रहे थे आनंद की तलाश 23 दिसम्बर को नरेन्द्र सिंह पुत्र हरिशचन्द्र निवासी ग्राम धनियावली थाना स्याना जनपद बुलन्दशहर द्वारा थाना स्याना पर सूचना दी गयी कि दिनांक 18 दिसम्बर को उसके भतीजे भोलू उर्फ आनन्द पुत्र रोहताश सिंह निवासी ग्राम धनियावली थाना स्याना जनपद बुलन्दशहर को नीरज पुत्र महिपाल, सुल्तान पुत्र हसमत निवासीगण ग्राम हाजीपुर थाना स्याना जनपद बुलन्दशहर अपने साथ स्कूटी पर बैठाकर ले गये थे जिसका दिनांक 23 दिसम्बर को जंगल ग्राम हाजीपुर में शव मिला हैं तथा हत्या में नीरज पुत्र महिपाल, सुल्तान पुत्र हसमत, हिमांशु चौहान पुत्र सुरेश उर्फ बब्लू निवासीगण ग्राम हाजीपुर थाना स्याना जनपद बुलन्दशहर व मन्टू चौहान पुत्र जय प्रकाश के संलिप्त होने के आरोप लगाये गये थे। प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना स्याना पर मुअसं-572/24 धारा 103(1)/238(ं) बीएनएस बनाम 04 नामजद पंजीकृत किया



गया। उक्त घटना के क्रम में जांच/छानबीन में अभियुक्त नीरज, सुल्तान व हिमांशु के अलावा एक अन्य फरार अभियुक्त का नाम भी प्रकाश में आया। थाना स्याना पुलिस द्वारा आज दिनांक 27 दिसम्बर को घटना में संलिप्त अभियुक्त नीरज कुमार पुत्र महीपाल सिंह, हिमांशु पुत्र सुरेशचन्द को रानापुर पुल से पहले चामड़ के गेट के पास से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तों की निशांदेही पर आलाकत्ल अधजला डंडा, मृतक की जींस व मोबाइल की राख व घटना में प्रयुक्त स्कूटी को बरामद किया गया तथा अभियुक्त 3- सुल्तान पुत्र हसमत को आंध्रप्रदेश से गिरफ्तार किया गया हैं। अभियुक्तों की गिरफ्तारी व बरामदगी के संबंध में थाना स्याना पर अग्रिम वैधानिक कार्यवाही करते हुए अभियुक्तों को न्यायिक अभिरक्षा में भेजा जा रहा है तथा एक अन्य फरार अभियुक्त की गिरफ्तारी के निरन्तर प्रयास किये जा रहे है अभियुक्तों ने पूछताछ पर बताया गया कि मृतक भोलू उर्फ आनन्द उनका दोस्त था। दिनांक 18 दिसम्बर नीरज व सुल्तान मृतक भोलू उर्फ आनन्द को स्कूटी पर शराब पीने के लिए घर से लेकर आये थे तथा ग्राम हाजीपुर ठेके से शराब लेकर जंगल ग्राम हाजीपुर में हिमांशु की ट्यूबवेल पर आ गये जहां पर हिमांशु अपने एक अन्य फरार साथी के साथ पहले से बैठा हुआ था। पांचो दोस्तों ने वहां पर शराब पी। शराब पीने के दौरान मृतक भोलू उर्फ आन्नद ने सुल्तान को किसी बात को लेकर गाली देना शुरू कर दिया अन्य दोस्तों द्वारा मना किया गया ।

# फामाकोलॉजी विभाग के 2 रेजीडेंट चिकित्सकों को शोध कार्य के लिए वित्तीय सहायता

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**अलीगढ़।** अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय के जवाहरलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज के फामाकोलॉजी विभाग के दो जूनियर रेजिडेंट डॉ. अमृता कुमारी पांडे एवं डॉ. प्रज्ञना रॉय ने वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग (डीएचआर) की एचआरडी योजना के तहत अपने एमडी थीसिस के लिए वित्तीय सहायता प्राप्त की है।

विभाग के अध्यक्ष प्रोफेसर सैयद जियाउर्रहमान सहित संकाय सदस्यों ने उन्हें उनकी उल्लेखनीय उपलब्धियों के लिए बधाई देते हुए कहा है कि वह अत्याधुनिक चिकित्सा अनुसंधान और शिक्षा में अग्रणी के रूप में इसकी प्रतिष्ठा को मजबूत करेंगी। डा अमृता कुमारी पांडे की थीसिस, का शीर्षक उत्तरी भारतीय आबादी में ड्रग-नाइव सिजोफ्रेनिक्स में मल्टी-जेनेटिक फामाकोजेनोमिक्स-निर्देशित उपचार की नैदानिक प्रभावशीलता का मूल्यांकन तथा डाक्टर प्रग्ना रॉय की थीसिस, का शीर्षक थैलेसीमिया के रोगियों में आयरन अधिभार-प्रेरित ऑक्सीडेटिव तनाव पर एल-कार्निटाइन और एन-एसिटाइल सिस्टीन की प्रभावकारिता के लिए तुलनात्मक अध्ययन है।

# बरसात के कारण सड़कों पर जल भराव, ठंड का प्रकोप किसानों के चेहरे खिले

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**कांधला।** नगर व क्षेत्र में बरसात के चलते ठंड का प्रकोप बढ गया। बरसात के कारण मार्गो पर जलभराव की स्थिति हो गई। जिससे छात्र छात्राओं के साथ आमजन को भारी मुसिबत का सामना करना पडा। बरसात से किसानों के चेहरे खिले हुए नजर आए।

शुक्रवार की सुबह से हुई झमाझम बरसात के चलते ठंड का प्रकोप भी बढ गया है। बरसात के चलते मार्गो पर सन्नाटा पसरा रहा। स्कूल पैदल घर लौटने वाले नन्हे छात्र छात्राओं से आमजन को भारी परेशानी का सामना करना पडा। बरसात के चलते नगर पालिका परिषद के कई वार्डो में जलभराव की स्थिति देखने को मिली। बाारिश के कारण सब्जी मंडी, मौहल्ला शेखजादगान, खैल, गंगेरू मार्ग सहित कई स्थानों पर जलभराव हो गया। कडाके ठंड और बारिश के बीच छात्र छात्राओं के साथ आमजन को



मुसिबत उठाकर गतंव्य तक जाना पडा। बरसात के बीच जलभराव की सबसे विकट स्थित गंगेरू मार्ग कमेला कालोनी के पास देखने को मिली है। गंगेरू मार्ग पूरी तरह से टूटा हुआ है। सडक के गहरे गढढों में बरसात का पानी जमा हो जाने से वाहन सवार लोगों को हादसें का शिकार होना पडा। बरसात के समय हादसों का डगर बनता जा रहा है। दूसरी और मोहल्ला खैल में नाले चौक होने से बरसात का पानी सड़कों पर आ गया। तेज बरसात ने ठंड के प्रकोप को बढा दिया है वही क्षेत्रीय किसान बरसात से फसल को संजीवनी मिलने पर बेहद खुश दिखाई दिए।

# जिला शिक्षा अधिकारी प्रदीप नरवाल ने किया सरकारी विद्यालयों का मुख्यमंत्री सौंदर्यकरण अवार्ड के तहत निरीक्षण

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**हरियाणा/हिसार (राजेश सलूजा)।** जिला शिक्षा अधिकारी हिसार के प्रदीप नरवाल ने जिले के अनेक सरकारी विद्यालयों में जाकर , विद्यालय शिक्षा निदेशालय हरियाणा सरकार के निदेर्शानुसार मुख्यमंत्री सौंदर्यकरण अवार्ड हेतु भी विद्यालयों का निरीक्षण किया। जिला शिक्षा अधिकारी प्रदीप नरवाल राजकीय विद्यालय उकलाना,राजकीय विद्यालय बरवाला, राजकीय विद्यालय बिठमडा,राजकीय विद्यालय बुगाना एवं राजकीय विद्यालय धांसू का निरीक्षण किया। निरक्षण के उपरांत जिला शिक्षा अधिकारी हिसार प्रदीप सिंह नरवाल ने बताया कि उन्होंने आज जिला हिसार के अनेकों विद्यालयों का मुख्यमंत्री सौंदर्यकरण अवार्ड के तहत निरक्षण किया है। उन्होंने निरक्षण में डिजिटल बोर्ड का उपयोग,मिड डे मिल व्यवस्था,अध्यापकों की टीचर डायरी,विद्यालय में साफ सफाई,अध्यापकों का हाजिरी रजिस्टर,छात्रों का हाजरी रजिस्टर,विद्यालय में पीने की पानी की व्यवस्था, मिड डे मील वर्कर को भी वर्दी में आने के आदेश दिए एवं विद्यार्थियों को भी समय का पाबंद बन हेतु प्रोत्साहित किया,विद्यार्थियों की संख्या एवं जहां नामांकन पिछले वर्ष की भांति कम



हुए है उन कारणों को गहराई से समझा ओर यह भी दिशा निर्देश दिए कि जिस भी कारण छात्रों की संख्या कम हुई है उन कमियों को तुरंत दूर किया जाए। विद्यालय के स्टाफ एवं विद्यार्थियों की जल संरक्षण एवं पर्यावरण संरक्षण में प्रतिभागी बढ़ाने के आदेश दिए। विद्यालयों की विज्ञान लैब का निरीक्षण,लैंग्वेज लैब,कंप्यूटर लैब एवं लाइब्रेरी का भी निरीक्षण किया। विद्यालयों में स्वच्छता पूर्ण एवं अनुशासन से परिपूर्ण वातावरण बनाने का भी सभी स्कूल मुखियाओं,अध्यापकों एवं विद्यार्थियों को निर्देश दिए ओर यह भी बताया कि जितनी अधिक संस्थान में स्वच्छता होगी और जितना कुशल प्रयास हम अनुशासन सहित वातावरण बनाने में हम करेंगे उतना ही हमारा समाज एवं हमारा देश प्रगति करेगा।

## आयोजन

## इंस्टीट्यूट आफ एजुकेशन एंड मैनेजमेंट में तीन दिवसीय स्काउट गाइड शिविर का आयोजन

# स्काउट गाइड देश सेवा करने को तत्पर रहती है: अधिराज चौधरी

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**हापुड़।** शुक्रवार से इंस्टीट्यूट आफ एजुकेशन एंड मैनेजमेंट शाहपुर जट कुचेसर रोड चौपला पोस्ट बाबूगढ़ छावनी जिला हापुड़ में तीन दिवसीय स्काउट गाइड शिविर शुरू किया गया। तीन दिवसीय स्काउट गाइड शिविर का शुभारंभ कालेज के निदेशक संदीप शर्मा,चेयरमैन कुलदीप शर्मा,कालेज प्रवक्ता अमरदेव वर्मा और स्काउट गाइड के प्रशिक्षक अधिराज चौधरी ने दीप प्रज्वलित कर व मां सरस्वती के चित्र पर पुष्प अर्पित कर किया।

स्काउट प्रशिक्षक अधिराज चौधरी ने शिविर के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की और कहा कि स्काउट गाइड देश के लिए सेवा करने को तत्पर रहती है तथा इससे अनुशासन सीखने को मिलता है। इस कैंप के आयोजन में बीएड द्वितीय वर्ष के बच्चे शामिल हो रहे हैं जो उनके सात्रिय कार्य के अंतर्गत



आता है। उन्होंने बताया कि कैम्प के प्रथम दिन स्काउट गाइड को खूंटा गांठ डाक्टरी गांठ,विभिन्न प्रकार के सहायता कैसे की जाती है आदि सिखाया जाता है।

इस अवसर पर कालेज में प्रवक्ता परवीन कुमार, सत्येंद्र,श्री ओम, अंकित कौशिक, छात्र-छात्राएं तानिया त्यागी, आयुषी त्यागी,मोगली,द्राक्ष,खातून,राशि त्यागी, अंजलि,आकाश,तैयब आदि उपस्थित रहे।

# भारतीय दार्शनिक कांग्रेस में एएमयू के शोध छात्रों का जलवा

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**अलीगढ़।** अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय के दर्शनशास्त्र विभाग के आठ शोध छात्रों ने अन्नामलाई विश्वविद्यालय, चिदंबरम, तमिलनाडु में आयोजित भारतीय दार्शनिक कांग्रेस (आईपीसी) के संयुक्त 98वें-99वें सत्र में भाग लिया। जिनमें प्रसिद्ध विद्वान, कनाडाई दार्शनिक विलियम स्वीट जैसे अंतर्राष्ट्रीय प्रतिभागी और दुनिया भर से छात्र शामिल हुए। आलिया ने एड्रेसिंग फेमिनिस्ट क्रिटिक्सः इन डिफेंस ऑफ रोर्टीज विजन ऑफ सोशल प्रोग्रेस पर पेपर प्रस्तुत किया। आशी सऊद ने ह्यद विल एंड रीबथः एथिकल पैरेलल्स इन शोपेनहाउरियन एंड बुद्धिस्ट थॉट पर अपना काम प्रस्तुत किया। रूबीना सुल्ताना ने वेदांत आध्यात्मिकता में भावनाओं की परिवर्तनकारी भूमिका और आध्यात्मिक विकास के लिए ज्ञान और भक्ति के एकीकरण पर, मुजामिल अली लोन ने हसन स्पाइकर की क्रिटिक ऑफ इमैनुएल कांटः एन अप्रेजल साजिद रजा ने बी.आर. अम्बेडकर की राजनीतिक दृष्टि भारत में सामाजिक न्याय और समानता के मार्ग, भारतीय संविधान में अम्बेडकर के योगदान और जाति और मानवाधिकारों पर उनके स्थायी विचार, मोहम्मद ताबिश की प्रस्तुति, अंबेडकर का समावेशी समतामूलक समाज का दृष्टिकोण एक दार्शनिक मूल्यांकन, मीर सरोश ने नैतिक देखभाल प्रथाओं में सहानुभूति की भूमिका की सूक्ष्म समझ की। फिलॉसफी ऑफ अल्लामा इकबाल पर पेपर प्रस्तुत किये।

मुद्रक, प्रकाशक व संपादक अब्दुल सलाम सैफी ने बुलन्द मीडिया कम्युनिकेशन प्रा0लि0 के लिए साई प्रिंटिंग प्रेस बी-42 , सेक्टर 7 नोएडा जिला गौतमबुद्धनगर से छपवाकर 106 सूर्या कनिष्क अपार्टमेंट सैक्टर 4,वैशाली गाजियाबाद से प्रकाशित किया। मुख्य कार्यकारी अधिकारी एंव एडिटर इन चीफ प्रदीप कुमार अग्रवाल , ममदूद आलम वारसी ( उप सम्पादक ), अब्दुल सलाम सैफी ( संपादक ) मो0:- 9457159115, 9810113170, 9910073407, *सभी विवादों का कार्य क्षेत्र न्यायालय गाजियाबाद होगा।* mail Id:- BulandSandesh@Gmail.Com WebSite:- WWW.BulandSandesh.Com RNI NO:- UPHIN/2013/57267